You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-11 ❐ अंक-340 ❐ रविवार, 14 जनवरी 2024 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12

''एक 'वर्चुअल' गठबंधन केवल 'वर्चुअल' बैठकें करेगा। यह औपचारिकताओं के लिए ऐसा करेगा। इसके नेताओं का दो-सूत्रीय एजेंडा अपने परिवारों और संपत्ति को बचाना है।

जे. पी. नड्डा

इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद मिले खड़गे-राहुल-केजरीवाल 11

राज्य में जन सहभागिता से स्वच्छता अभियान व्यापक स्तर पर चलाएं : धामी 12

संक्षेप

एचपीवी टीकाकरण पर कोई निर्णय नहीं

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि एचपीवी टीकाकरण शुरू करने का अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। मंत्रालय ने यहां बताया कि 9-14 वर्ष आयु वर्ग की लड़कियों के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू करने संबंधित समाचार गलत और असत्य हैं और ये पूरी तरह से अटकलें हैं। कुछ मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि केंद्र सरकार 9-14 वर्ष आयु वर्ग की लड़कियों को वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में मानव पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान शुरू करेगी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने अभी तक देश में एचपीवी टीकाकरण शुरू करने पर निर्णय नहीं लिया है। यह देश में सर्वाइकल कैंसर के मामलों की बारीकी से निगरानी कर रहा है और इस संबंध में राज्यों और विभिन्न स्वास्थ्य विभागों के साथ नियमित संपर्क में है।

शास्त्रीय गायिका प्रभा अत्रे का निधन

मुंबई। प्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका प्रभा अत्रे का शनिवार को महाराष्ट्र में पुणे के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 91 वर्ष की थी। उनके पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि सांस लेने में दिक्कतों के कारण उन्हें आज सुबह एक निजी अस्पताल ले जाते समय दिल का दौरा पड़ा और उनकी मौत हो गयी। सुश्री अत्रे को 1990 में पद्मश्री , 2002 में पद्म भूषण और 2022 में पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसके साथ ही उन्हें कई अन्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया था। उनकी ख्याल, ठुमरी, ग़ज़ल, भजन नाट्यसंगीत और दादरी की प्रस्तुति उत्कृष्ट रही। उन्होंने संगीत रचना, 'स्वरांगिनी' और 'स्वरंजनी' पुस्तकें भी लिखी है। उन्हें 'अपूर्व कल्याण', 'मधुर कौन्स', 'दरबारी कौन्स', 'पटदीप-मल्हार' , शिव काली', 'तिलंग-भैरव', और 'रवि भैरव' जैसे नये रागों की खोज का श्रेय दिया जाता है।

नड्डा राजनाथ, शाह को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का न्यौता

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को 22 जनवरी को श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण सौंपा। श्री नड्डा ने निमंत्रण स्वीकार किया और कहा कि वह आएंगे। श्री शाह और श्री सिंह ने मंदिर निर्माण कार्य पूरा होने और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर अत्यंत हर्ष व्यक्त किया तथा कहा कि वे श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से चर्चा करके आने और दर्शन करने की तिथि शीघ्र तय करेंगे। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार और मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा उपस्थित रहे।

महिलाओं का स्वावलंबन और सम्मान सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

1150 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुफ्त सिलाई मशीनों का वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में आधी आबादी की सुरक्षा, स्वावलंबन और सम्मान सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। महिलाओं को सुरक्षा का वातावरण देकर उनके स्वावलंबन और सम्मान के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार की तरफ से अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन किया गया है। इनके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ही पीएम मोदी ने नारी वंदन अधिनियम पारित कराकर संसद और विधानसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण सुनिश्चित कराया है।

सीएम योगी शनिवार को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के बैनर तले आयोजित मुफ्त सिलाई मशीन वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के मैदान में हुए समारोह में 1150 महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई मशीनों का वितरण किया गया। साथ में सबको कंबल भी दिया गया। 12 बालिकाओं को सिलाई मशीन व कंबल सीएम योगी ने खुद अपने हाथों से प्रदान किए। उन्नत भारत ग्राम अभियान के मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं को जेके ग्रुप कानपुर के सहयोग से मुफ्त सिलाई मशीन उपलब्ध कराने की यह अनूठी पहल महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद ने की है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी के सशक्तिकरण के बिना भारत को सशक्त और समर्थ नहीं बनाया जा सकता है। इसके लिए सुरक्षा का वातावरण देकर महिलाओं के स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त करना होगा। सुरक्षा और स्वावलंबन से ही सम्मान का भाव प्रकट होगा। केंद्र व प्रदेश की सरकार इन तीनों पहलुओं पर पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आधी आबादी को सशक्त बनाने के लिए मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान शुरू किया। इसके बाद जनधन खातों, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना, गरीब कल्याण अन्न योजना, मातृ वंदना जैसी अनेक योजनाओं से इसे नई ऊंचाई मिली है। उत्तर प्रदेश सरकार ने भी मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना व पेंशन की राशि बढ़ाकर महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए कई कार्य शुरू किए हैं। कन्या सुमंगला योजना में चरणबद्ध तरीके से बेटी के जन्म से लेकर स्नातक की पढ़ाई तक 15 हजार रुपये की धनराशि दी जाती है। इस वित्तीय वर्ष से इस राशि को बढ़ाकर 25 हजार रुपये किया जाएगा। गरीब बेटियों की शादी के लिए भी सरकार 51 हजार रुपये उपलब्ध कराती है।

22 के बाद सबको कराएंगे श्रीरामलला के दर्शन

मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी के बाद अयोध्या में श्रीरामलला के भव्य दर्शन के साथ नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की नई अयोध्या के दर्शन की व्यवस्था अलग अलग सभी लोगों के लिए कराई जाएगी।

सीएम योगी ने कहा कि पूर्व की सरकारों में निराश्रित महिलाओं को मिलने वाली 300 रुपये की पेंशन राशि को एक हजार रुपये कर इस सरकार ने एक करोड़ निराश्रित महिलाओं, वृद्धजनों और दिव्यांगो को लाभान्वित किया है। सरकार ने स्वामित्व योजना से ग्रामीण महिलाओं को घरों का मालिकाना हक दिया है तो महिला स्वयं समूहों के जरिये भी महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशिक्षण देकर सिलाई मशीन उपलब्ध कराने का यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण के लिए काफी महत्वपूर्ण है। यह महिला स्वावलंबन से जुड़ा एक अभिनव प्रयास है। प्रशिक्षण के बाद सिलाई मशीन पर काम शुरू कर ये महिलाएं गोरखपुर को रेडीमेड गारमेंट का हब बनाने में बड़ा योगदान दे सकती हैं। इसके लिए उन्हें समूहों और बाजार से जुड़ना होगा। बाजार से जुड़कर वे प्रतिदिन 500 से 1000 रुपये कमा सकती हैं। मुख्यमंत्री ने मुफ्त सिलाई मशीन उपलब्ध कराने के लिए जेके ग्रुप कानपुर की सराहना की और कहा कि जेके ग्रुप का प्रदेश की आर्थिकी में काफी पहले से महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसके पहले जेके ग्रुप ने अक्टूबर में कानपुर में ● शेष पेज 11 पर

रामोत्सव : प्राण प्रतिष्ठा

जल, थल और नभ से अभेद्य हुई रामनगरी की सुरक्षा-व्यवस्था

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या धाम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अति संवेदनशील हैं। ऐसे में धाम की सुरक्षा को अभेद्य बनाने के लिए योगी सरकार थल, नभ और जल से रामनगरी की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता कर रही है। इसके तहत मैनुअल एजेंसियों की तैनाती के साथ टेक्नोलॉजी का भरपूर इस्तेमाल किया जा रहा है। योगी सरकार ने जहां धाम में एटीएस, एसटीएफ, पीएसी, यूपीएसएसएफ समेत यूपी पुलिस की भारी-भरकम फोर्स को तैनात किया है, वहीं टेक्नोलॉजी के लिहाज से एआई, एंटी ड्रोन, सीसीटीवी कैमरों को लगाया गया है। वहीं सरयू नदी और घाटों पर एनडीआरएफ की टुकड़ी को तैनात किया गया है। इसके साथ ही अयोध्या में मेहमानों की सुरक्षा के लिए बार कोडिंग का इस्तेमाल भी किया जा रहा है।

अयोध्या के आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मद्देनजर अयोध्या में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके अलावा धाम की सुरक्षा को लेकर इसे दो जोन रेड और यलो में बांटा गया है। केंद्रीय एजेंसी में सीआरपीएफ, एनडीआरएफ भी तैनात की गई है। साथ ही इंटेलिजेंस ब्यूरो और रॉ का भी सहयोग लिया जा रहा है। धाम में प्रदेश के विभिन्न जिलों के 100 से अधिक डीएसपी, लगभग 325 इंस्पेक्टर व 800 उपनिरीक्षकों को तैनात किया गया है जबकि मुख्य समारोह से पहले पुलिस और अर्धसैनिक बलों के 11,000 जवान तैनात किये जाएंगे। वहीं वीआईपी सुरक्षा के लिए तीन डीआईजी, 17 एसपी, 40 एएसपी, 82 डीएसपी, 90 इंस्पेक्टर के साथ एक हजार से ज्यादा कॉस्टेबल और 4 कंपनी पीएसी को तैनात किया गया है। आईजी ने बताया कि कार्यक्रम को देखते हुए और फोर्स को बढ़ाया जा रहा है। वहीं किसी भी स्थिति में चूक की कोई गुंजाइश न रहे, इसके लिए सुरक्षा कार्य में लगी सभी एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय हो, इस पर भी फोकस किया जा रहा है। चाक-चौबन्द रेल सुरक्षा के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। जीआरपी को पर्याप्त संख्या में अतिरिक्त सुरक्षाबल दिए गए हैं। धाम में तैनात फोर्स को श्रद्धालुओं और मेहमानों के साथ व्यवहार को लेकर बिहेवियर ट्रेनिंग दी जा रही है। साथ ही श्रद्धालुओं को दर्शनीय स्थलों की जानकारी देने के लिए ● शेष पेज 11 पर

चौकसी

❐ जमीन पर एटीएस, एसटीएफ और पुलिस बल की भारी भरकम फोर्स की गई तैनात

❐ सीसीटीवी, एआई और नभ में एंटी ड्रोन से चप्पे-चप्पे पर रखी जा रही है नजर

ब्रिटिश उच्चायुक्त के पीओके दौरे पर भारत ने जताई कड़ी आपत्ति

भारत की संप्रभुता और अखंडता का उल्लंघन

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने पाकिस्तान में नियुक्त ब्रिटेन के उच्चायुक्त की पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर क्षेत्र के दौरे पर आपत्ति दर्ज करायी है और इसे भारत की संप्रभुता और अखंडता का उल्लंघन करार देते हुये कहा है कि इस तरह का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।

विदेश मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा है कि ब्रिटेन के राजनयिक का 10 जनवरी का यह दौरा भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन है। मंत्रालय ने कहा है कि इस तरह का उल्लंघन स्वीकार्य नहीं है। उल्लेखनीय है कि इस्लामाबाद स्थित ब्रिटेन की उच्चायुक्त जेन मैरियट 10 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के पाकिस्तान के कब्जे वाले इलाके में मीरपुर शहर में गयी थीं और उन्होंने इस यात्रा में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर

क्षेत्र के तथाकथित राष्ट्रपति सुल्तान महमूद चौधरी से मुलाकात भी की थी। भारत ने इस घटनाक्रम को गंभीरता से लिया है। विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने इस उल्लंघन के विरुद्ध नयी दिल्ली में ब्रिटेन के उच्चायुक्त में भारत की ओर से कठोर आपत्ति दर्ज करवायी है। बयान में कहा गया है कि केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर और लद्दाख क्षेत्र भारत के अभिन्न अंग हैं और ये क्षेत्र भारत के अभिन्न अंग बने रहेंगे। सुश्री मैरियट के साथ गये ब्रिटेन के अधिकारियों के ● शेष पेज 11 पर

सीमा सड़क संगठन के श्रमिकों का दस लाख रूपये का बीमा

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन और जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स की ओर से विभिन्न परियोजना कार्यों के लिए नियोजित आकस्मिक भुगतान वाले श्रमिकों (सीपीएल)को 10 लाख रूपये की बीमा सुविधा के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

समूह (टर्म) बीमा योजना के तहत आकस्मिक भुगतान वाले श्रमिकों (सीपीएल) की किसी भी प्रकार की मृत्यु पर उनके परिवार या निकट संबंधियों को बीमा के रूप में 10 लाख रुपये मूल्य की बीमा राशि प्रदान की जायेगी। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि खतरनाक कार्य स्थलों, खराब मौसम , दुर्गम इलाकों और पेशे की वजह से उत्पन्न होने वाले स्वास्थ्य संबंधी खतरे वाली स्थितियों में तैनात सीपीएल के जीवन के गंभीर जोखिम को ध्यान में रखते हुए और उनके नियोजन काल के दौरान हुई मौतों पर विचार करते हुए मानवीय आधार पर बीमा कवरेज का प्रावधान सीपीएल के लिए मनोबल बढ़ाने वाला एक ठोस कदम साबित होगा। ● शेष पेज 11 पर

आध्यात्मिक जगत के लोगों से राष्ट्रीय लक्ष्यों के लिये मिलती है ऊर्ज़ा : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत को एक विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लक्ष्य सिद्ध करने के प्रयासों को आध्यात्मिक जगत के लोगों से ऊर्ज़ा मिलती है।

श्री मोदी चारण समाज द्वारा पूज्य आई श्री सोनल मां के तीन दिवसीय जन्म शताब्दी महोत्सव के उपलक्ष्य में एक वीडियो संदेश में कहा, ह्लआज जब भारत विकसित होने के लक्ष्य पर, आत्मनिर्भर होने के लक्ष्य पर काम कर रहा है, तो आई श्री सोनल मां की प्रेरणा, हमें नयी ऊर्ज़ा देती है। इन लक्ष्यों की प्राप्ति में चारण समाज की भी बड़ी भूमिका है। यह महोत्सव इस समाज के आस्था के केंद्र मढड़ा धाम में आयोजित किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री सोनल मां देश के लिये, चारण समाज के लिये, माता सरस्वती के सभी उपासकों के लिये महान योगदान

की महान प्रतीक हैं। भागवत पुराण जैसे ग्रन्थों में चारण समाज को सीधे श्रीहरि की संतान कहा गया है। इस समाज पर माँ सरस्वती का विशेष आशीर्वाद भी रहा है। इसीलिये, इस समाज में एक से एक विद्वानों ने परंपरा अविरत चलती रही है। श्री मोदी ने कहा कि सोनल मां के दिये गये 51 आदेश, चारण समाज के लिये दिशादर्शक और पथदर्शक हैं। चारण समाज को इसे याद रखना चाहिये और समाज में जागृति लाने का काम निरंतर जारी रखना चाहिये। उन्होंने कहा, ह्ल मुझे बताया गया है कि, सामाजिक समरसता को मजबूत करने के लिये मढड़ा धाम में सतत सदाव्रत का यज्ञ भी चल रहा है। उन्होंने इस प्रयास की सराहना की और विश्वास जताया कि मढड़ा धाम राष्ट्र निर्माण के ऐसे अनगिनत अनुष्ठानों को गति देता रहेगा। चारण समाज के लोग मूलतः गुजरात-सौराष्ट्र क्षेत्र के निवासी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, गुजरात और सौराष्ट्र की धरती महान संतों और विभूतियों की भूमि रही है। सौराष्ट्र की इस सनातन संत परंपरा में श्री सोनल मां आधुनिक युग के लिये प्रकाश स्तम्भ की तरह थीं। उनकी आध्यात्मिक ऊर्ज़ा, उनकी मानवीय शिक्षायें, उनकी तपस्या, इससे उनके व्यक्तित्व में एक अद्भुत दैवीय आकर्षण पैदा होता था। उसकी अनुभूति आज भी जूनागढ़ और मढड़ा के सोनल धाम में की जा सकती है। उन्होंने कहा कि श्री सोनल मां की ओजस्वी वाणी खुद इसका एक बहुत बड़ा उदाहरण रही है। उन्हें पारंपरिक पद्धति से कभी शिक्षा नहीं मिली, लेकिन, संस्कृत ● शेष पेज 11 पर

बंगाल में उत्तर प्रदेश के साधुओं की पिटाई

एजेंसी

❐ पुलिस का दावा, घटना गलतफहमी में हुई, 12 गिरफ्तार

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में तीन साधुओं की पिटाई का मामला सामने आया है। भीड़ ने उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ की और उसे पलट दिया। तीनों साधु उत्तर प्रदेश के हैं और मकर संक्राति के लिए गंगासागर जा रहे थे। घटना गुरुवार 11 जनवरी की बताई जा रही है।

पुरुलिया के एसपी अविजीत बनर्जी ने बताया कि तीन साधु किराए की एक बोलेरो से जा रहे थे। गौरांगडीह के पास तीन लड़कियां पास के काली मंदिर में पूजा करने के लिए जा रही थीं। साधुओं की गाड़ी इनके पास जाकर रुकी और उनसे कुछ पूछा। भाषा की वजह से गलतफहमी हुई और लड़कियों को लगा कि साधु उनका पीछा कर रहे हैं। वे वहां से चिल्लाते हुए भागीं। एसपी बनर्जी ने बताया- इसके बाद स्थानीय लोग साधुओं के पास पहुंचे और उन्हें पास के एक मंदिर में ले गए। इस दौरान भीड़ ने उनसे पूछताछ की और मारपीट शुरू कर दी। कुछ लोगों ने उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ की और उसे पलट दिया। पुलिस ने साधुओं को भीड़ से बचाया और उनकी शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है। 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

एक साधु मधुर गोस्वामी ने कहा, 'हम लोग गंगासागर जा रहे थे। रास्ते में अचानक गाड़ी को रोका। लोगों ने हम लोगों के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की। गाड़ी में तोड़फोड़ भी की। 200 लोग थे या 300, हमें नहीं पता। हम तो बेहोश हो गए थे। पुलिस-प्रशासन हमें थाने लेकर आ गया। दो लड़कियां भी आई थीं। उन्होंने माफी मांगी। हमने उनसे कहा कि हमारे ही कोई पाप रहे होंगे, जो ये सजा मिली। हम लोग कुछ नहीं चाहते। गाड़ी में टूट-फूट हो गई है तो ● शेष पेज 11 पर

धर्मनिरपेक्षता के वास्तविक अर्थ को पुनः स्थापित करने का प्रतीक भी बन गया था राममंदिर आंदोलन

पूरा देश सचमुच राममय हो गया है : आडवाणी

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी ने कहा है कि राम जन्मभूमि आंदोलन का प्राथमिक उद्देश्य अयोध्या में श्री राममंदिर का पुनर्निर्माण था और यह ''छद्म धर्मनिरपेक्षता के हमले के कारण (धूमिल हुए) धर्मनिरपेक्षता के वास्तविक अर्थ को पुनःस्थापित करने का प्रतीक भी बन गया।

आडवाणी द्वारा लिखे गए और शनिवार को उनके कार्यालय द्वारा साझा किए गए लेख, 'श्रीराम मंदिरः एक दिव्य स्वप्न की पूर्ति' में, भाजपा नेता आडवाणी ने कहा कि आंदोलन के दौरान वास्तविक धर्मनिरपेक्षता और छद्म धर्मनिरपेक्षता के बीच अंतर को लेकर एक महत्वपूर्ण बहस शुरू हो गई। वर्ष 1990 में राम रथयात्रा शुरू करने वाले आडवाणी ने कहा, ''एक ओर, आंदोलन को व्यापक जन समर्थन प्राप्त था, वहीं, अधिकांश राजनीतिक दल इस आंदोलन का समर्थन करने से इसलिए कतरा रहे थे, क्योंकि उन्हें मुस्लिम वोट खोने का डर था। वे वोट-बैंक की राजनीति के लालच में आ गए और उसे धर्मनिरपेक्षता के नाम पर उचित ठहराने लगे। आडवाणी (96) ने लिखा है, ''इस प्रकार, अयोध्या मुद्दा, जिसका प्राथमिक उद्देश्य श्री रामजन्मभूमि मंदिर का पुनर्निर्माण था, छद्म धर्मनिरपेक्षता के हमले के कारण (धूमिल हुए) धर्मनिरपेक्षता के वास्तविक अर्थ को पुनःस्थापित करने का प्रतीक भी बन गया। उन्होंने कहा कि आगामी 22 जनवरी, 2024 के विशेष अवसर से पहले पूरे देश का वातावरण सचमुच राममय हो गया है। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए संतुष्टि का क्षण है, न केवल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भाजपा के एक गौरवान्वित सदस्य के रूप में, बल्कि हमारी गौरवशाली मातृभूमि के एक गर्वित नागरिक के रूप में भी। उन्होंने कहा कि वह धन्य हैं कि वह अपने जीवनकाल में इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनेंगे। उन्होंने



कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अयोध्या में श्रीरामलला के विग्रह की 'प्राण प्रतिष्ठा' करेंगे, तो वह ''हमारे महान भारतवर्ष के प्रत्येक नागरिक का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा, ''यह मेरा अटल विश्वास है और मेरी आशा भी कि यह मंदिर सभी भारतीयों को श्रीराम के गुणों को अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। मैं यह भी प्रार्थना करता हूं कि हमारा महान देश न केवल वैश्विक शक्ति बनने के पथ पर तेजी से आगे बढ़ता रहे, बल्कि जीवन के सभी क्षेत्रों में अपने आप को गरिमा और मर्यादा के एक उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करे। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां लंबी कानूनी लड़ाई चल रही थी, वहीं दूसरी तरफ, न केवल वह, बल्कि भाजपा और संघ परिवार का प्रत्येक कार्यकर्ता भारतीयों की आत्मा को जागृत करने के कार्य में जुटा रहा ताकि रामलला को अपने वास्तविक निवासस्थान पर विराजमान करने का सपना साकार हो सके। उन्होंने कहा, ''मुझे बहुत प्रसन्नता है कि नवंबर 2019 में उच्चतम न्यायालय के निर्णायक फैसले के कारण श्रीराम मंदिर के पुनर्निर्माण का पथ शांति के वातावरण में प्रशस्त हुआ है। उन्होंने कहा कि अब जब भव्य श्रीराम मंदिर अपने निर्माण के अंतिम चरण में है, तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली वर्तमान सरकार, सभी संगठनों, विशेष रूप से विश्व हिंदू परिषद? और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भारतीय जनता पार्टी, अनगिनत रथ यात्रा के सहयोगियों, संतों, नेताओं, कारसेवकों और भारत तथा दुनिया के सभी लोगों के प्रति गहरी कृतज्ञता की भावना से भर गए हैं, जिन्होंने कई दशकों तक अयोध्या आंदोलन में बहुमूल्य योगदान और बलिदान दिया। उन्होंने कहा, ''आज मुझे दो व्यक्तियों की बहुत याद आ रही है। पहले व्यक्ति हैं स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी, जो मेरे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा रहे हैं, राजनीतिक और व्यक्तिगत, दोनों ही तौर से और जिनके साथ मेरा एक अटूट और सदाकालीन विश्वास, स्नेह और आदर का संबंध था। दूसरी हैं मेरी दिवंगत पत्नी कमला, जो मेरे जीवन के लिए स्थिरता का मुख्य आधार रहीं और न केवल श्रीराम रथ यात्रा के दौरान, बल्कि मेरे लंबे समय के सामाजिक और राजनीतिक जीवन में अद्वितीय शक्ति का स्रोत बनी रहीं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में श्रीराम की जन्मभूमि पर मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए किया गया 'रामजन्मभूमि आंदोलन' 1947 के बाद के भारत के इतिहास में एक निर्णायक और परिणामकारी घटना सिद्ध हुई। उन्होंने कहा, ''मैं विनम्रता से कहता हूँ कि नियति ने मुझे 1990 में सोमनाथ से अयोध्या तक श्रीराम रथयात्रा के रूप में एक महत्त्वपूर्ण कर्तव्य निभाने ● शेष पेज 11 पर

शहर में सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिया सख्त आदेश : सुरेश कुमार खन्ना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा जनपद लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आज प्रातः शहर में सफाई व्यवस्था देखने निरीक्षण पर निकले। सर्वप्रथम उन्होंने अलीगंज स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन करने के उपरांत श्रमदान के माध्यम से मंदिर परिसर में सफाई तथा पोंछा इत्यादि का कार्य किया।सुरेश कुमार खन्ना ने आज जनपद के चार वार्डो की शहर में हो रही सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने शहर के वार्ड नंबर 94 विवेकानन्द पुरी, वार्ड नंबर 68 राजेन्द्र नगर गणेशगंज, वार्ड नंबर 55 रानी लक्ष्मीबाई वार्ड तथा वार्ड नंबर 96 गोलागंज वार्ड का निरीक्षण किया । उन्होंने सभी स्थानों पर सड़क पर झाड़ू लगाने की स्थिति पहले से बेहतर पाया। मुख्य मार्गों पर कही कूड़ा बिखरा नही पाया। उन्होंने नगर आयुक्त को विवेकानंद वार्ड में स्थित कूड़ा घर को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विवेकानंद वार्ड के डंपिंग स्टेशन को सीमित तथा सेटराइट करना आवश्यक है ताकि कूड़े के इकट्ठा होने से सड़क अवरुद्ध न हो। उन्होंने राजेन्द्र नगर गणेश गंज के वार्डों के निरीक्षण के दौरान पाए गए चोक नालों की सिल्ट की सफाई के निर्देश दिए, जिससे सीवर का पानी सड़क पर ना आये। रानी लक्ष्मीबाई वार्ड में झण्डे वाले पार्क का गेट शीघ्र ठीक करने के भी निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अमीनाबाद क्षेत्र में सड़कों पर ठेले लगने के कारण मार्ग अवरुद्ध हो जाता है, इसका स्थाई निदान करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर ग्रिल तथा सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाये जाएं तथा हर हाल में मार्ग क्लियर किया जाये। इसके लिए उन्होंने नगर निगम को एक्शन प्लान बनाने तथा संमयबद्ध रूप से लागू करने के निर्देश दिए । गोलागंज वार्ड में भी ड्रेनेज व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सड़कों पर अतिक्रमण न हो, इसके लिए रेलिंग/ग्रिल लगायी जाये, जिससे आवागमन अवरुद्ध न हो। इस दौरान महापौर सुषमा खरकवाल, नगर आयुक्त श्री इन्द्रजीत सिंह, श्री रजनीश गुप्ता, पूर्व पार्षद श्री सुनील शंखवार (नूपुर शंखवार), श्री गिरीश गुप्ता, श्री सुनील मिश्रा तथा नगर निगम के अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।

स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस पर दिखाये गए मार्ग पर चलने का रास्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । स्वामी विवेका नन्द जी के आदर्श पर चलते हुए आज तक आज तक जो राह तय किया है वो आज भी जारी है और आज भी रहेगा इसी बात के अनुसरण करते हुए अनुज (नगर कार्यवाह),प्रदीप (धर्म जागरण सयोंजक),रमेश (गौ सवर्धन सयोंजक) ओ बी सी मोर्चा महानगर नगर मंत्री प्रमोद राजपूत अनुसूचित जाति के मंडल २ के मंडल अध्यक्ष मनोज रावत भाजपा नेता कौशल गुप्ता धीरज वर्मा विनीत लोधी हम लोगो ने मिलकर विश्व में भारतीय संस्कृति को स्थापित करने वाले युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती बड़े धूमधाम से बनाई सुमित गुप्ता मंडल अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा मंडल २अनुज (नगर कार्यवाह),प्रदीप जी (धर्म जागरण सयोंजक),रमेश (गौ सवर्धन सयोंजक)

प्रमोद राजपूत ओबीसी मोर्चा नगर मंत्री,ओबीसी मोर्चा मंडल 2 के मंडल अध्यक्ष सुमित गुप्ता नगर करवा अनुज सिंह अनुसूचित जाति अनुसूचित मंडल २ के मंडल अध्यक्ष मनोज रावत भाजपा नेता कौशल गुप्ता धीरज वर्मा विनीत लोधी द्वारा स्वामी विवेकानंद को पुष्पांजलि अर्पित की गई।

यादव महासभा की मांग पर मुख्यमंत्री योगी करेंगे अहीर रेजिमेंट के गठन की मांग का समर्थन

लखनऊ। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की है। इस दौरान उनके समक्ष यादव समाज से संबंधित विभिन्न मुद्दों को रखा गया। महासभा ने भारत सरकार से की जा रही अहीर रेजिमेंट के गठन की मांग पर मुख्यमंत्री योगी के समर्थन की मांग प्रमुख रूप से की। इस पर मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि अहीर रेजिमेंट के गठन के समर्थन में भारत सरकार को एक पत्र लिखेंगे कि यादव समाज के सैनिकों द्वारा देश की रक्षा में दिए गए बलिदान को देखते हुए अहीर रेजिमेंट का गठन किया जाए। इसके अलावा प्रतिनिमंडल ने प्रदेश के कई जिलों में कतिपय प्रशासनिक अधिकारियों एवं दबंग लोगों द्वारा जानबूझ कर यादव समाज के व्यक्तियों को दुर्भावनावश प्रताड़ित किये जाने की बात उठाई। इस पर मुख्यमंत्री ने महासभा से ऐसे प्रकरणों को मुख्यमंत्री कार्यालय के संज्ञान में लाने को कहा और आश्वस्त किया कि यादव समाज के साथ किसी भी प्रकार की कोई भी भेदभाव नहीं किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने महासभा को जनहित के कार्यों के लिए हरसंभव मदद की बात भी कही। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अरुण यादव के अलावा राष्ट्रीय महासचिव मनोज यादव, वीरेन्द्र पाल सिंह यादव प्रदेश उपाध्यक्ष, शालिनी यादव सदस्य कार्यकारिणी, दिनेश यादव प्रदेश महामंत्री एवम अजय प्रताप यादव युवा महामंत्री शामिल रहे।

एमआइटी मुरादाबाद में 14 जनवरी को होगा जादूगर म्यूजिक कॉर्निवल

मुरादाबाद। मुरादाबाद के एमआईटी में 14 जनवरी दोपहर तीन बजे से रामगंगा विहार स्थित आयोजित होने वाले जादूगर म्यूजिक कॉर्निवल नाम से आयोजित होने वाले चैरिटेबल कार्यक्रम की आयोजकों ने जानकारी दी। इस कार्यक्रम का आयोजन सक्षम गुप्ता, प्रभज्योत अरोड़ा, ऋषभ गुप्ता, रजनीश मल्होत्रा और सेजल रस्तोगी मिल के कर रहे हैं। सक्षम गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम में एम टीवी हसल 2.0 के प्रसिद्ध रैपर व सिंगर पैराडाक्स पहली बार मुरादाबाद में परफॉर्म करेंगे और साथ ही इसमें हमारे स्थानीय कलाकार सोलोमैन अपने बैंड के साथ लाइव परफॉर्म करेंगे। सक्षम ने आगे बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन आगाज इवेंट्स, ईवाईएलएम इवेंट्स, परिवर्तन–द चेंज, द विक्रम डेकयर के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक डिजायर्ड होम्स एंड द सीक्रेट्स, गौरव अरोड़ा गणपति प्लाइवुड एंड हार्डवेयर, डा. गौरव कुमार आरएसडी हास्पिटल, आनंद कुमार प्यारे लाल ज्वेलर्स, स्टाइल स्ट्रीट बाय लवी गगनेजा, मालगुड़ी डेज़ रेस्टोरेंट, जेनेसिस कोचिंग इंस्टीट्यूट आदि हैं।

उप्र में न्यूनतम तापमान गिरने से चल रही शीतलहर

कानपुर। हिमालय से आ रही सर्द पछुआ हवाएं गंगा के मैदानी इलाके का न्यूनतम तापमान लगातार कम कर रही हैं। कानपुर में तो लगातार आज (शनिवार) दूसरे दिन भी न्यूनतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यही नहीं कई जनपदों में तीन से पांच के बीच रहा, जिससे शीतलहर लोगों को कपकपा रही है। मौसम विभाग का कहना है कि अभी तीन दिन तक शीतलहर का प्रकोप बना रहेगा और पाला पड़ने से रवी की कुछ फसलों में नुकसान भी हो सकता है। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने शनिवार को बताया कि 15 जनवरी के आसपास पूर्वोत्तर मानसून की समाप्ति के लिए परिस्थितियां अनुकूल होती जा रही हैं। पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान और आसपास के इलाकों पर है। एक और पश्चिमी विक्षोभ 16 जनवरी को पश्चिमी हिमालय के करीब पहुंच सकता है। मौसम की इन गतिविधियों से उत्तर प्रदेश में पर्याप्त नमी होने के चलते धुंध और कोहरा बरकरार है। हालांकि धूप निकलने से कोहरा जल्दी छट रहा है लेकिन पछुआ हवाओं के चलने से दिन में भी गलन बरकरार है और लोग घरों पर दुबकने को मजबूर हैं। इन पछुआ हवाओं का असर उत्तर प्रदेश से लेकर बिहार तक बना हुआ है और न्यूनतम तापमान गिरने से शीतलहर बनी हुई है। उन्होंने बताया कि कानपुर में अधिकतम 18.4 और न्यूनतम तापमान 3.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह की सापेक्षिक आर्द्रता 97 और दोपहर की सापेक्षिक आर्द्रता 62 प्रतिशत रही। हवाओं की दिशाएं दक्षिण पश्चिम रहीं जिनकी औसत गति 2.1 किमी प्रति घंटा रही। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार अगले पांच दिनों आसमान साफ रहने के कारण वर्षा की कोई संभावना नहीं है।प्रातःकाल एवं रात्रि के समय शीत लहर/घने कोहरा छाये रहने के आसार है। नया पश्चिमी विक्षोभ के कारण ऊँचे बादल छा सकते हैं, रात के तापमान थोड़ा बढ़ सकते हैं।

विकसित भारत संकल्प यात्रा मोहनलालगंज में भौंदरी पहुची

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। खनऊ,मोहनलालगज के भौंदरी पहुची संकल्प विकसित यात्रा के दौरान केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में बताया गया। साथ ही किसान निधि, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के बारे में जानकारी दी गई।इस मौके पर विभिन्न विभागों के स्टालों को लगाकर सरकारी योजनाओ की जानकारी ग्रामीणों को दी गयी।केंद्र सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को भौंदरी ग्राम पंचायत पहुंची। गांव के मैदान में संकल्प यात्रा को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मोहनलालगज विधायक अमरेश रावत व ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। संकल्प विकसित यात्रा के दौरान केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में बताया गया। साथ ही किसान निधि, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर स्वास्थ्य,पशु विभाग सहित शिक्षा समेत अन्य काउंटर लगाकर मौजूद ग्रामीणों व महिलाओ को जानकारी देकर उन्हें जागरूक कर सरकारी योजनाओ से लाभान्वित होने की अपील की गयी।इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक प्रधान संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह बब्लू, खण्ड विकास अधिकारी पूजा सिह देवेश सिह सहित गोसाईगंज ब्लाक प्रमुख विनय वर्मा, भाजपा नेता हंसराज रावत, मोहनलालगज चेयरमैन प्रतिनिधि अजय पांडेय, निगोहा व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र दीक्षित ग्राम प्रधान अभयकांत दीक्षित सहित क्षेत्रीय ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

रेलवे टिकटों की दलाली में वर्ष भर में 191 लोग गिरफ्तार

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के तीनों मण्डलों प्रयागराज, झांसी, आगरा में रेलवे टिकटों की दलाली करने वालों के विरुद्ध वर्ष भर चले सघन अभियान में 191 लोगों को पकड़कर लगभग 55,86,546 रुपये के रेल टिकट जब्त किये गये। यह जानकारी वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी अमित मालवीय ने देते हुए बताया कि वर्ष 2023 में रेलवे सुरक्षा बल के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमिय नन्दन सिन्हा के निर्देशन में अभियान चलाया गया। इसके परिणाम स्वरूप आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर पर्सनल यूजर आईडी व रेल टिकट काउन्टर से अवैध रूप से रेल टिकट बनाकर यात्रियों को अधिक मूल्य पर बेचने के अपराध में 191 अपराधियों को पकड़कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इन अपराधियों से लगभग 55,86,546 रुपये के रेल टिकटों को जब्त करने के साथ-साथ उपयोग में लाये गये कम्प्यूटर, लैपटॉप, प्रिन्टर, मोबाइल आदि उपकरणों को भी जब्त किया गया। अमित मालवीय के मुताबिक प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त का कहना है कि रेल सुरक्षा बल, उत्तर मध्य रेलवे में लगातार रेल टिकट दलालों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही करने के लिए प्रतिबद्ध है।

जितना बड़ा संघर्ष होगा, जीत उतनी ही शानदार होगी: विनोद

गाजियाबाद। यह कभी मत कहो कि 'मैं नहीं कर सकता', क्योंकि आप अनंत हैं। जितना बड़ा संघर्ष होगा, जीत उतनी ही शानदार होगी। युवा दिवस के अवसर पर इंदिरापुरम इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज (आईआईएचएस) में हरनंदी महानगर द्वारा महाविद्यालयीन कॉलेज के विद्यार्थियों के बीच संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें सहभागी युवाओं की संख्या लगभग 360 रही। मुख्य वक्ता मेरठ प्रांत के प्रांत सह-प्रचारक विनोद ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के दौर में जब युवा नई-नई समस्याओं का सामना कर रहे हैं। नए लक्ष्य तय कर रहे हैं और अपने लिए एक बेहतर भविष्य की आकांक्षा रख रहे हैं। तो स्वामी विवेकानंद के विचार और भी प्रासंगिक हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति संगठित होकर स्वामी विवेकानंद के आदर्शों का अनुसरण करते हुए देश के विकास में अपना योगदान दें। जब तक जीना, तब तक सीखना। अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण को जीवन का उद्देश्य मानने वाले स्वामी विवेकानंद ने सदैव देश के गौरव और स्वाभिमान को प्राथमिकता में रखा।

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ने मनाया आठवां दीक्षांत समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारम्भ विश्वविद्यालय की शोभा यात्रा के साथ प्रारम्भ हुआ। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो नरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि राज्यपाल के मार्गदर्शन से विद्यार्थी चरित्र निर्माण कर रहें हैं। प्रो सिंह ने केरल के राज्यपाल को राष्ट्रवाद के संवाहक के रूप में योगदान दे रहे हैं। उन्होने कहा कि विश्वविद्यालय उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है। भाषा विश्वविद्यालय के विद्यार्थी समाज के विभिन्न क्षेत्रों में विश्वविद्यालय का नाम रौशन कर रहें हैं। कार्यक्रम के पश्चात राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सभी की डिग्रियां को डिजी लॉकर पर अपलोड करने का उद्घाटन किया। इसके पश्चात पीएचडी डिग्रियों का वितरण किया गया। वहीं विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि डिग्री लेने के पश्चात विद्यार्थियों को सामाजिक योगदान अवश्य देना चाहिए। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सम्बोधित करते हुए कहा कि भाषा विश्वविद्यालय के मोटो, भाषा विश्वम योजयति को अपने अंदर विकसित करने की सलाह दी। वहीं भारतीय प्रादेशिक लोकगीत पुस्तक का विमोचन हुआ साथ ही विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी राज्यपाल द्वारा किया गया। दीक्षांत समारोह का संचालन डॉ नीरज शुक्ला ने किया। दीक्षांत समारोह के दौरान विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, शिक्षणेत्तर कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

तैयारियों का जायजा लेने अयोध्या हाईवे पहुंची मंडलायुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मंडलायुक्त रौशन जैकब ने लिया चौराहों का ज़ायज़ा

मंडलायुक्त रौशन जैकब के साथ नगर आयुक्त, पीडब्लूडी, लेसा, एनएचएआई के अधिकारी रहे मौजूद

लखनऊ । श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा में आने-जाने वाले को कोई दिक्कत न हो और अयोध्या धाम जाते समय अयोध्या हाईवे देखकर मन प्रफुल्लित हो, इसके लेकर बड़े से बड़े अधिकारी ग्राउंड ज़ीरो पर उतर गए हैं। बड़े अफसर चौराहों पर खड़े होकर समस्या को जल्द दूर करने का निर्देश दे रहे हैं। सड़क चौड़ीकरण, सौंदर्यकरण, बिजली के पोल्स को हटाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। अयोध्या हाइवे पर सभी अवैध अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं। सड़क मार्ग से जाने वालों को कोई दिक्कत न हो, इसके विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। सभी तैयारियों का जायजा लेने के लिए मंडलायुक्त डाक्टर रौशन जैकब शनिवार को एक बार फिर अयोध्या हाईवे पहुंची और संबंधित विभागों को निर्देशित किया। इनको हटाने का कार्य 24 घंटों के भीतर शुरू करने का निर्देश लेसा को दिया गया था। शनिवार को लेसा ने खंभे हटाने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। इसके बाद सड़क को इन स्थानों पर पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई चौड़ा करेंगे। इससे बीबीडी तक रास्ता सुगम हो जाएगा। जाम की स्थिति से काफी हद तक निजात मिल जाएगी। सड़क पर बेरोक-टोक सैकडों की संख्या में दौड़ रहे ई-रिक्शा को बैन किया जायेगा।

लेसा ने पोल सिफ्टिंग का काम शुरू किया

मंडलायुक्त के आदेश के बाद अयोध्या हाईवे पर लगे पोल को सिफ्ट करने का कार्य प्रारंभ हो गया है। शनिवार को लेसा के अधिकारी अपनी टीम के साथ सुबह अयोध्या रोड पर पहुंचे और पोल सिफ्ट करना शुरू कर दिया। नगर आयुक्त ने बताया कि बिजली के पोल व यूनीपोल को करीब डेढ़ से दो मीटर मीटर पीछे किया जा रहा है। इसके साथ ही टीवी, डिश व इंटरनेट के फैले मकड़जाल को साफ किया जा रहा है। इस दौरान लेसा ने चिनहट शिवपुरी विद्युत उपकेन्द्र के अन्तर्गत आने वाले चिनहट कस्बा, अयोध्या हाईवे आदि क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति सुबह से लेकर देर शाम तक ठप रही।

ठीक की जा रही हैं स्ट्रीट लाइटें

कमिश्नर ने आदेश दिया था कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले अयोध्या रोड की स्ट्रीट लाइट व्यवस्था की जांच कर लें। यदि कहीं स्ट्रीट लाइट खराब हो तो ठीक करा दी जाएं। मुख्य आयोजन के दौरान शहर की सड़कों पर अंधेरा नहीं दिखना चाहिए। आयोजन नजदीक आते ही सभी अधिकारी सड़क पर उतर आए हैं और हाईवे की मरम्मत का कार्य प्रारंभ कर दिया है।

दो–दो मीटर तोडें जायेंगे फुटपाथ

मंडलायुक्त के साथ अयोध्या हाइवे पर पहुंचे नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बताया कि अयोध्या रोड स्थित कमता, चिनहट तिराहा और मटियारी चौराहे पर सड़क के किनारे दोनों तरफ करीब दो-दो मीटर फुटपाथ तोड़े जायेंगे। स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत फुटपाथ हटाकर इन्हें रिडिजाइन किया जायेगा। मटियारी चौराहे से लेकर देवा रोड इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप तक व अयोध्या हाईवे पर कमता से लेकर बीबीडी कॉलेज तक सड़क का चौड़ीकरण होगा।

ओवरब्रिजों की होगी पेंटिंग

नगर आयुक्त ने बताया कि कमिश्नर ने कमता, चिनहट तिराहा और मटियारी ओवरब्रिज को पेंटिंग कराने का निर्देश दिए है। इसके अलावा सड़कों पर लगे साइनेज यानी दिशा सूचक पट, सड़क पर पट्टियां, डिवाइडर और बैरियर की पेंटिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही नगर निगम और एनएचआई को पेड़ों की शाखाएं छांटने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा अयोध्या हाईवे से अतिक्रमण हटाने की जिम्मेदारी नगर निगम को दी गई हैं। जिसे प्रारंभ कर दिया गया है।

किसान के बेटे ने किया कमाल यूपीएससी में 19वी रैंक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। कड़ी मेहनत और लगन इंसान का हर ख्वाब पूरा करती है कुछ ऐसी ही मिसाल थाना क्षेत्र पारा के किसान के बेटे ने पेश की है। किसान के बेटे ने सुविधा के आभाव के बावजूद यू पी एस सी परीक्षा मे 19 वी रैंक हासिल की है आगे की कहानी उसी होनहार की ज़ुबानी। मेरे पिताजी सेना से सेवानिवृत्त होकर खेती किसानी करते हैं, माता जी गृहिणी हैं। बड़ा भाई सबसे पहले मेहनत करके ओएनजीसी में साइंटिस्ट बना, फिर बहन मेहनत करके मेडिकल ऑफिसर बनी यूपी सरकार में इसी के साथ मैंने अपने माता पिता की कड़ी मेहनत को देखते हुए और अपने बड़े भाई,बहन से मार्गदर्शन लेकर अपनी मेहनत शुरू की और पहली बार में ही यूपीएससी संयुक्त भू-वैज्ञानिक परीक्षा, 2023 में सफ़लता पूर्व इस्रट 19 रैंक लाई और भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय में वैज्ञानिक (हाइड्रोजियोलॉजी) समूह 'ए' राजपत्रित अधिकारी बना। परिवार की आर्थिक स्थिति- मैं सामान्य किसान परिवार से आता हूं, हमारे यहां शुरू से ही आर्थिक स्थिति उतनी अच्छी कभी नहीं रही थी, इसी के साथ ही मेरे पिता जी ने आर्मी से रिटायर होने के बाद, खेती किसानी के साथ कड़ी मेहनत करके हम तीनों भाई बहन को लखनऊ में किराय पर रह कर पढ़ाया और काफी अच्छी शिक्षा दी, जिसके वजह से, आज हम तीनों भाई बहन अपने-अपने विभाग के शीर्ष पर हैं। बुनियादी शिक्षा- कक्षा 12वीं की पढाई मैंने के.वी. गोमती नगर लखनऊ से की, उसके बाद मैंने बी.एससी. बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी (2020 पास-आउट) से यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडलिस्ट के रूप में किआ।फिर मैंने आईआईटी-जेएएम का एग्जाम क्लियर किया और आईआईटी भुवनेश्वर से एमएससी पूरी की (2022 पास-आउट) इसी के साथ मैंने 2022 में सीएसआईआर यूजीसी नेट जेआरएफ का भी एग्जाम क्वालिफाई किया (एआईआर-09) के साथ इसी के साथ में यूपीएससी संयुक्त भू-वैज्ञानिक परीक्षा, 2023 दिया और एआईआर 19 रैंक लाई और भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय में वैज्ञानिक (हाइड्रोजियोलॉजी) ग्रुप 'ए' राजपत्रित अधिकारी बना और अपने माता पिता के आशीर्वाद के साथ ही साथ अपने भाई बहन के मार्गदर्शन की बदौलत आज मैंने ये सफ़लता पाई। इसके साथ ही मेरे मित्रों का भरोसा हमेशा मेरे ऊपर बना रहा।शिक्षा के दौरान किस प्रकार की समस्याएँ आती हैं सबसे बड़ी समस्या मुझे शुरू में ये रही कि मुझे कुछ भी पढ़ने का मन नहीं करता था, चीज याद तक नी हो पाती थी क्योंकि बचपन से पढ़ाई लिखाई में मैं एकदम अच्छा नहीं था और मेरे विज्ञान के विषय सबसे कमजोर थे, मगर मैंने समय के साथ बीएससी में जाते ही अपने आप को बदलना शुरू कर दिया।और परिनाम आज हम सबके सामने है। सफलता की कहानी और प्रेरणा मेरी जिंदगी की कहानी एकदम रोलर कोस्टर की तरह रही है इसमें बहुत उतार चढाव आए।

उप्र में अब तक 72 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अब तक 72 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन हुआ। एक दिन पहले शुक्रवार को प्रदेश के 1,478 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपालों का आयोजन किया गया।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में ग्रामीणों की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल,(गांव की समस्या-गांव में समाधान) का आयोजन किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री का कहना है कि इन ग्राम चौपालों के बहुत ही सार्थक परिणाम निखर कर सामने आ रहे हैं तथा बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है। इन चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान इन चौपालों में हो रहा है।

श्री मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे, लेकिन जिन ग्रामों में ग्राम चौपाल हो चुकी हैं, उनसे इतर दूसरे मजरों में ग्राम चौपाल अनवरत रूप से की जांय।

उप मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए हैं कि मोदी ऐप डाउनलोड करने के लिए ग्राम विकास से जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व लाभार्थियों को प्रेरित किया जाए। इस ऐप में गरीब कल्याण की विभिन्न योजनाओं का विवरण रहता है और उससे लाभकारी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। मोदी ऐप डाउनलोड करने की ड्राइव चलाई जाय। चौपालों में भी इसके बारे में चर्चा की जाए और लोगों को प्रेरित किया जाए।

शुक्रवार को 1478 ग्राम पंचायतों में हुआ ग्राम चौपालों का आयोजन

ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1478 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 4709 प्रकरणों का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया। इन ग्राम चौपालों मे 4064 ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 7506 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे। इन चौपालों में 01 लाख 32 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की।

ग्राम्य विकास आयुक्त ने बताया कि 6 जनवरी 23 से अब तक 72 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है, जिनमें 54 लाख से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे और 3 लाख 21 हजार से अधिक समस्याओं व प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

चिनहट में आठ घंटे बंद रहेगा चिनहट बाजार और टाउन का फीडर

लखनऊ। अयोध्या मार्ग के मटियारी चौराहे पर लगे ट्रांसफार्मर को विद्युत विभाग शनिवार को शिफ्ट करेगा। इसके अलावा मटियारी से कोतवाली रोड और देवा रोड पर चार डबल पोल को भी शिफ्ट किया जाना है। इस कारण आज चिनहट बाजार और चिनहट टाउन फीडर बंद रहेगा। सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक यह दोनो फीडर बंद रहेंगे। इस बात की जानकारी देते हुए चिनहट डिविजन के अधिशासी अभियन्ता ई. खालिद सिद्दीकी ने बताया आज इन फीडर बंद होने के कारण चिनहट बाजार, गंगा विहार कालोनी, कुम्हारन टोला, मलहौर रोड, कस्बा, सतरिख रोड सहित अन्य कई इलाकों की बिजली 5 घंटे के लिए बंद रहेगी। गौरतलब हो की अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के कारण अयोध्या मार्ग को चाक चौबंद किया जा रहा है। मंडलायुक्त रौशन जैकब ने हाल ही में चिनहट, मटियारी सहित अयोध्या मार्ग का दौरा किया था। मटियारी चौराहा स्थित फ्लाईओवर के नीचे अक्सर लगने वाले जाम के मद्देनजर इस चौराहे को चौड़ा किया जाना है। चौराहे के चौड़ीकरण में बिजली विभाग का ट्रांसफार्मर और डबल पोल रोड़ा पैदा कर रहा है। शुक्रवार को विद्युत विभाग की ओर से आनन फानन इस कार्य का स्टीमेट बनाया गया।

भारत में विकास नया कीर्तिमान बन रहा है:अमरेश कुमार रावत

विधायक व ब्लाक प्रमुख ने चौपाल लगाकर लोगो को गिनाई सरकार की उपलब्धियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को मोहनलालगंज क्षेत्र के भौंदरी गांव पहुंची। इस दौरान गांव में आयोजित चौपाल में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अमरेश कुमार रावत व ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला ने केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए किसानों में किसान सम्मान निधि पत्र व आयुष्मान कार्ड वितरित किया।

चौपाल में भौंदरी प्रधान देवेन्द्र सिंह बब्लू नें ग्राम पंचायत के पांचो मजरो के 1700सौ के करीब लोगो को ठंड से बचाव के लिये कम्बल भी वितरित कियें।मुख्य अतिथि विधायक अमरेश कुमार रावत ने कहा कि भारत में विकास नया कीर्तिमान बन रहा है। गांव से लेकर शहर तक एक सामान विकास को रफ्तार दी जा रही है। किसानों के हित को देखते हुए उनके खाते में सम्मान निधि भेजने के साथ ही खाद, बीज की उपलब्धता पर्याप्त की जा रही है, पूर्व की सरकारों में किसानों को खाद बीज के लिए आंदोलन करना पड़ता था। अब सुविधा और स्वास्थ्य जरूरतमंदों को घर तक पहुंचाया जा रहा है। मूलभूत सुविधाओं के साथ भारत के गौरवशाली संस्कृति को सरकार संवारने का काम कर रही है।ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा एक मिशन लेकर निकली है। अब लोग भ्रष्टाचार, लूट की नहीं, विकास के मुद्दों पर सरकार से बात कर रहे हैं। मोदी के नेतृत्व में देश ने विश्व पटल पर भारत की नई पहचान बनाई है। एक सशक्त देश बनकर भारत विश्वमंच पर आया है।इस मौके पर सरकारी योजनाओ से जुड़े स्टाल लगाकर लोगो को जानकारी देने के साथ स्वास्थ विभाग द्वारा चिकित्सा शिविर दवाओ का वितरण किया गया।मंच संचालन अधिवक्ता ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह ने किया।

इस मौके पर तहसीलदार आनन्द तिवारी, बीडीओ पूजा सिंह,गोसाईगंज ब्लाक प्रमुख विनय वर्मा, बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री देवेश सिंह,वरिष्ठ समाजसेवी सुरेन्द्र दीक्षित,नगर पंचायत प्रतिनिधि अजय पांडे,मंडल अध्यक्ष सुंधाशु सिंह भाजपा नेता हंसराज,निगोहां प्रधान अभय कान्त दीक्षित,सुरेश सिंह समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहें।

निगोहां के दखिना में दो दिवसीय बालीबाल प्रतियोगिता का हुआ आगाज

स्व0बालकृष्ण द्विवेदी स्मारक द्वारा आयोजित दो दिवसीय चतुर्थ बॉलीबाल प्रतियोगिता का थाना प्रभारी ने किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज।निगोहां क्षेत्र के दखिना गांव में स्व0 बालकृष्ण द्विवेदी स्मारक द्वारा दो दिवसीय चतुर्थ बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी व व्यापार मंडल अध्यक्ष ने प्रथम दिन फीता काटकर बॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया।जिसके बाद आयोजित बॉलीबाल प्रतियोगिताओ में लखनऊ, रायबरेली, बाराबंकी, बांदा, गोरखपुर समेत स्पोर्ट कॉलेज की टीमों ने हिस्सा लिया।पहला मुकाबला अरुणाभ फाउंडेशन व अटल क्रीड़ा स्थल लखनऊ के मध्य खेला गया जिसमें अरुणाभ फाउंडेशन विजयी रहा। पहला लीग मुकाबला एमएससी टिकरा और कर्कसा के बीच खेला गया जिसको कर्कसा ने 2 - 1 से अपने नाम किया। दूसरा लीग मुकाबला बांदा और गोरखपुर के मध्य हुआ। इस रोमांचक मुकाबले को गोरखपुर ने 2-1 से अपने नाम किया।बॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजक संदीप द्विवेदी ने बताया कि दो दिवसीय बॉलीबाल प्रतियोगिता में कई जिलो व स्पोर्ट कॉलेज की टीमे प्रतिभाग करेगी।इस मौके पर प्रदीप द्विवेदी,वैभव द्विवेदी,प्रधान निगोहाँ अभय दीक्षित,मृदुल त्रिपाठी सहित खिलाड़ी व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहें।

पूजित अक्षत कलश का ग्रामवासियों में हुआ वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर 22 जनवरी को श्री रामलला की होने वाली भव्य प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां अब क्षेत्र में व्यापक रूप से होने लगी हैं। इसी के तहत शनिवार को अयोध्या से आने वाले पूजित अक्षत कलश का वितरण बनी ग्राम सभा के सैकड़ो घरों में किया गया। बनी निवासी भाजपा के वरिष्ठ नेता राजकुमार सिंह चौहान की अगवाई में भाजपा जिला संयोजक सैनिक प्रकोष्ठ मनोज सिंह चौहान ने ग्राम वासियों के साथ घर-घर जाकर प्रभु श्री राम के अक्षत कलश का वितरण किया। इस दौरान राम भक्तों ने प्रभु श्री राम के जयकारे लगाए व अयोध्या चलने के लिए न्योते के रूप में अक्षत बांटे। इस दौरान चन्द्रभान सिंह, मुकेश सिंह, श्याम नारायण सिंह, बीरपाल सिंह ,कमल रावत, अजीत रावत ,गुड्डू कश्यप, विष्णु गुप्ता, मनोज कश्यप, पवन मिश्रा, प्रभाकर , अविरल, विनोद मिश्रा, सतीश साहू ,अजय सिंह ,उमेश सिंह ,राकेश कश्यप समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

नगराम थाना प्रभारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ समाधान दिवस

नगराम, लखनऊ। शनिवार को नगराम थाना में थाना प्रभारी विवेक चौधरी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। जिसमें एक दर्जन शिकायत प्राप्त हुई, अधिकांश शिकायते राजस्व से सम्बंधित रही। आधा दर्जन शिकायतो का निस्तारण मौके पर ही किया गया। जब कि फरियादियों की आधा दर्जन शिकायत पर सम्बन्धित अधिकारियों को सौंपा गया है। समेसी स्थित ईदगाह की जमीन का मामला सामने आया था। थाना प्रभारी विवेक चौधरी व राजस्व की टीम मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया।

राधाग्राम उपकेंद्र का निरिक्षण किया गया

लखनऊ। शुक्रवार को अधिशाषी अभियान परिक्षण खंड द्वारा राधाग्राम उपकेंद्र का निरिक्षण किया गया। इस दौरान उपकेंद्र मे स्थापित पावर परिवर्तक, स्विच गियर की ट्रिपिंग टेस्टिंग की गयी। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी रामू गुप्ता, अवर अभियंता लाल बहादुर, अभय कुमार उपस्थित रहे।

एमजी मोटर इंडिया ने आकर्षक फीचर्स के साथ लांच की ''एमजी एस्टर 2024''

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। ब्रिटिश ऑटोमोबाइल ब्रांड मॉरिस गैरेज एमजी ने अपनी 100 साल पुरानी विरासत के साथ शुक्रवार को एमजी एस्टर 2024 का लॉन्च किया। अपनी श्रेणी में भारत की इस सबसे आधुनिक एसयूवी, नई एस्टर 2024 में कई आकर्षक फ़ीचर्स हैं। इसमें आगे की पंक्ति में वेंटिलेटेड सीटें, वायरलेस चार्जर, वायरलेस एंड्रॉयड ऑटो और एप्पल कार प्ले, तथा अतिरिक्त सुरक्षा व सुविधा के लिए ऑटो-डिमिंग आईआरवीएम एवं आधुनिक यूज़र इंटरफ़ेस के साथ एक अपडेटेड आई-स्मार्ट 2.0 ड्राइविंग का शानदार अनुभव प्रदान करता है। अंदर एआई के साथ भारत की इस पहली एसयूवी के ऑल न्यू वैरिएंट स्प्रिंट, शाइन, सेलेक्ट, शार्प प्रो और सैवी प्रो वैरिएंट 9,98,000 रुपये एक्स-शोरूम के आकर्षक शुरुआती मूल्य में उपलब्ध होंगे। इस लॉन्च के बारे में एमजी मोटर इंडिया के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर गौरव गुप्ता ने कहा कि हम अपने ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए ऐसे वाहन पेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो लेटेस्ट ऑटोमोबाइल टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन करें। अपने इसी वादे के अनुरूप और अपने ब्रांड के 100 साल पूरे होने की ख़ुशी में हम एस्टर 2024 श्रृंखला में अत्याधुनिक फ़ीचर्स, डिज़ाइन और बेहतरीन मूल्य प्रस्ताव लेकर आए हैं, जो कार ख़रीदने वालों को और ज़्यादा ख़ुशी प्रदान करेंगे। एमजी एस्टर भारत की पहली एसयूवी है जिसमें मिड-रेंज रडार और एक मल्टी पर्पज़ कैमरा द्वारा पॉवर्ड पर्सनल एआई असिस्टेंट और 14 ऑटोनोमस लेवल 2 फीचर्स हैं, जो आधुनिक ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम फ़ीचर्स संभव बनाते हैं। एमजी एस्टर में 49 अत्याधुनिक सेफ्टी फीचर्स और प्रीमियम इंटीरियर एवं पैनोरेमिक सनरूफ द्वारा ड्राइविंग एवं कम्फ़र्ट का अनुभव एक नए आयाम में पहुँच जाता है। नई एमजी एस्टर 1.5 ली. एमटी एवं सीवीटी और 1.3 टर्बो एटी पॉवरट्रेन में उपलब्ध होगी।

साइबर जालसाज ने शिक्षक के खाते से 92हजार रूपये उड़ायें

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के गौरा गांव निवासी शिक्षक संजीव कुमार ने शुक्रवार को पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया 6जनवरी को एक अंजान नम्बर से उसके मोबाइल पर फोन आया जिसके बाद सामने से बात करने वाले व्यक्ति ने उसके एक जानने वाले मित्र की आवाज में बातकर कहा मै अस्पताल में हू मुझे कुछ पैसो की जरूरत है एक यूपीआई नम्बर से आप के खाते में पैसे ट्रांसफर करा दे रहा हू,आप अपने गुगल पे एकाउंट से मुझे पैसे भेज देना,जिसके बाद बात करने वाले व्यक्ति ने उसे कई फर्जी खाते में पैसे आने के मैसेज भेजकर उसे झांसे में लेकर कई बार में अपने खाते में 92हजार रूपये ट्रांसफर करा लिये।लेकिन जब उसने एसबीआई बैंक जाकर अपने खाते के लेनदेन चेक किया तो पता चला उसके खाते में कोई पैसा नही आया,जालसाज ने उसके दोस्त की आवाज में बातकर फर्जी मैसेज भेजकर उसके साथ फ्रांड कर अपने खाते में पैसे ट्रांसफर करा लियें।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित शिक्षक की तहरीर पर अज्ञात जालसाज पर आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

आल देव मंदिर मेले में रहेगी तिसरी आंख की नज़र

नगराम, लखनऊ। नगराम क्षेत्र के मोती का पुरवा गांव स्थित आलदेव मंदिर परिसर में मकर संक्रान्ति के अवसर पर दो दिवसीय मेले का आयोजन विगत कई वर्षों से होता आया है। ग्राम प्रधान बृजेश वर्मा ने बताया कि मकर संक्रांति के अवसर पर विगत कई वर्षों से आयोजित 14 व 15 जनवरी को मेले में पहुंचने वाले दुकानदारों की सहूलियत को कई तरह के इंतजाम किए जायेंगे। मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए जो हर आने-जाने वाले पर नज़र रखेंगे। आलदेव मंदिर पर मेला देखने आस-पास क्षेत्रों के बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। इसी को देखते हुए ग्राम प्रधान ने परिसर में जगह जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। बताया कि 14 व 15 जनवरी को दो दिवसीय मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसमें क्षेत्र के विधायक अमरेश रावत व ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला 'बिंदेश्वरी' मुख्य अतिथि होंगे।

सज्जाद बाग में 13 लोगों पर बिजली चोरी में मुकदमा दर्ज

लखनऊ। सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को ओटीएस के माध्यम से भारी छूट देने के बाद उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली की सप्लाई दी जा सके और बिजली चोरी पर भी लगाम लगाई जा सके इसके लिए बिजली विभाग एक बार फिर से सतर्क हो गया है। एक बार फिर से बिजली विभाग ने बिजली चोरों के खिलाफ छापेमारी की कार्रवाई शुरू कर दी है जिससे यह साबित हो गया है की बिजली चोरी करने वाले किसी भी उपभोक्ता की अब खैर नही रहेगी। शुक्रवार को लेसा सिस गोमती के अधीक्षण अभियंता मंडल अष्टम आर सी पाण्डेय व ठाकुरगंज डिवीजन के अधिशासी अभियंता दीपक कुमार के निर्देश पर राधाग्राम उपखण्ड अधिकारी रामू गुप्ता व अवर अभियन्ता लाल बहादुर, अभय कुमार व प्रवर्तन दल तृतीय टीम के धमेन्द्र कुमार सिंह, शिव कुमार शाक्य, अनिल कुमार सिंह उप नि. नूर मोहम्मद एचसी, दिलीप कुमार, दुर्गेश कुमार ने सज्जाद बाग फीडर के क्षेत्रों के अन्तर्गत मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया।

घर-घर पहुंच रहा राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के आमंत्रण का अक्षत

खण्ड गौ सेवा प्रमुख व अनादि सेवा समिति के सहयोग से राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का दिया गया निमंत्रण

- राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण का पत्रक और अक्षत घर - घर पहुंचा रहे राम भक्त
- 22 जनवरी को दीपावली मनाने के संकल्प के साथ बांटे जा रहे प्राण प्रतिष्ठा के अक्षत और पत्रक
- राम की झांकी के साथ काकोरी में बंटे प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण के अक्षत और पत्रक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी, लखनऊ। आज संघ के खण्ड गौ सेवा प्रमुख दिनेश कुमार श्रीवास्तव एवं अनादि सेवा समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष,मंडल उपाध्यक्ष भाजपा नीलम श्रीवास्तव के सहयोग से अयोध्या से आए पूजित श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण के पत्रक और अक्षत भव्य झांकी के साथ घर - घर पहुंचाने का कार्य किया गया।आमंत्रण पहुंचाने के इस कार्यक्रम में श्री राम, सीता,लक्ष्मण का रूप रखे बच्चे (ऋद्धि श्रीवास्तव, सौम्या,आराधना) आकर्षण का केंद्र रहे। सैकणों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान राम के रूप का स्वागत कर श्रद्धा से दर्शन किए तथा निमंत्रण लिया और 22 जनवरी को घर में दीपावली मनाने के आग्रह को स्वीकार कर घरों में दीप जलाने का आश्वासन दिया। निमंत्रण बांटते हुए झांकी मुगलान मोहल्ला, बस्तीराम कटरा,काजीगढ़ी से गुजरी तो सारा क्षेत्र राममय हो गया।

इस आमंत्रण में भाजपा के पदाधिकारी शिवहरि द्विवेदी ,मनीष गुप्ता,विपिन राजपूत,नवनीत निगम, कमल सैनी,कपिल सिंह, दिवाकर सिंह लोधी, सबाब अहमद,राजकुमार कश्यप,दयाराम,मोहम्मद फरीद,अनिल पांडेय,संतलाल यादव,राहुल सहित संघ व भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

लखनऊ मंडल में ट्रैक दोहरीकरण एवं नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए 'ट्रेन हैंडलिंग प्लान'

आधारिक अवसंरचना को और सुदृढ़ करने हेतु उत्तर रेलवे द्वारा लखनऊ मंडल में बाराबंकी-अयोध्या कैंट-शाहगंज-जफराबाद सेक्शन के सफदरगंज-सैदखानपुर-दरियाबाद (19.86 कि.मी.) सेक्शन पर दोहरीकरण कार्य के संबंध में प्री नॉन-इंटरलॉकिंग एवं नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जायेगा। इस कार्य के संपादन हेतु रेलवे द्वारा दिनांक 15.01.2024 से 24.01.2024 तक विभिन्न अवधियों के उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक्स लिये जायेंगे। परिणामस्वरूप, ब्लॉक्स की अवधि के दौरान निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ अस्थाई रूप से प्रभावित रहेंगी:-

रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम	निरस्तीकरण की तिथि(याँ) (आरंभिक स्टेशन से)
04203 अयोध्या कैंट-लखनऊ एक्सप्रेस विशेष	23.01.2024 एवं 24.01.2024
04204 लखनऊ-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस विशेष	23.01.2024 एवं 24.01.2024

रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

रेलगाड़ी संख्या एवं नाम	परिवर्तित मार्ग	तिथि (याँ) (आरंभिक स्टेशन से)
13009 हावड़ा जं.-योगनगरी ऋषिकेश दून एक्सप्रेस	वाराणसी-मौ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-लखनऊ	22.01.2024, 23.01.2024
13010 योगनगरी ऋषिकेश-हावड़ा जं. दून एक्सप्रेस	लखनऊ-मौ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-वाराणसी	22.01.2024, 23.01.2024
13151 कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस	वाराणसी-मौ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-लखनऊ	22.01.2024, 23.01.2024
13307 धनबाद जं.-फिरोजपुर कैंट गंगा सतलुज एक्सप्रेस	वाराणसी-मौ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-लखनऊ	22.01.2024, 23.01.2024
13308 फिरोजपुर कैंट-धनबाद जं. गंगा सतलुज एक्सप्रेस	लखनऊ-मौ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-वाराणसी	22.01.2024, 23.01.2024
15623 भगत की कोठी-कामाख्या एक्सप्रेस	लखनऊ-मौ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-वाराणसी	23.01.2024
18103 टाटा नगर-अमृतसर जं. जलियांवाला बाग एक्सप्रेस	वाराणसी-मौ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-लखनऊ	22.01.2024
15636 गुवाहाटी-ओखा द्वारका एक्सप्रेस	वाराणसी-मौ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-लखनऊ	22.01.2024
22426 आनन्द विहार(टर्मि.)-अयोध्या कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस	लखनऊ-सुलतानपुर	23.01.2024
22425 अयोध्या कैंट-आनन्द विहार(टर्मि.) वंदे भारत एक्सप्रेस	सुलतानपुर-लखनऊ	23.01.2024
13483 मालदा टाउन-दिल्ली जं. फरक्का एक्स.	ज़फराबाद-सुलतानपुर-लखनऊ	23.01.2024
13484 दिल्ली जं.-मालदा टाउन फरक्का एक्स.	लखनऊ-सुलतानपुर-ज़फराबाद	23.01.2024
15716 अजमेर जं.-किशनगंज गरीब नवाज एक्सप्रेस	लखनऊ-सुलतानपुर-जौनपुर सिटी-जौनपुर जं.-शाहगंज	22.01.2024, 23.01.2024
15025 गऊ जं.-आनन्द विहार(टर्मि.) एक्सप्रेस	शाहगंज-जौनपुर जं.-जौनपुर सिटी-सुलतानपुर-लखनऊ	21.01.2024
09466 दरभंगा जं.-अहमदाबाद जं. साबरमती एक्सप्रेस	शाहगंज-जौनपुर जं.-जौनपुर सिटी-सुलतानपुर-लखनऊ	22.01.2024
09465 अहमदाबाद जं.-दरभंगा जं. क्लोन विशेष	लखनऊ-सुलतानपुर-जौनपुर सिटी-जौनपुर जं.-शाहगंज	19.01.2024
19615 उदयपुर सिटी-कामाख्या कवि गुरू एक्स.	बाराबंकी-गोंडा-गोरखपुर	22.01.2024
14650 अमृतसर जं.-जयनगर सरयू यमुना एक्स.	बाराबंकी-गोंडा-गोरखपुर-छपरा	22.01.2024
15023 गोरखपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस	गोरखपुर-गोंडा-बाराबंकी	23.01.2024

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

रेलमदद वेबसाईट दर्शे: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं.139

पर हमें फॉलो करें | आज़ादी का अमृत महोत्सव | उत्तर रेलवे आपकी सुविधा-हमारा ध्येय

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ | हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

163/2024

डीएम व एसपी ने थाना समाधान दिवस में सुनी शिकायतें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा के संग थाना खीरी और थाना कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस पहुंचे, जहां दोनो अफसरों ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी।

समाधान दिवस थाना खीरी में डीएम ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। उन्होनें शिकायत पंजिका का निरीक्षण कर निस्तारित शिकायतों के बाबत स्वयं दूरभाष पर शिकायतक र्ताओं से बात कर उनका सत्यापन कर जानकारी ली कि वह शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता से सहमत है।

इसके बाद डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने थाना कोतवाली पहुंचे, जहां पर मौजूद फरियादियों की समस्याओं को मौके पर सुना तथा सम्बन्धित का यथाशीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण राजस्व व पुलिस विभाग के संयुक्त टीमें मौके पर जाकर कराएं। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा है कि गांवों, कस्बों में उत्पन्न विवादों का निस्तारण थानों में ही विभिन्न विभागों के अफसरों व कर्मियों की मौजूदगी में हो जाए। इसलिए माह के पहले व चौथे शनिवार को हर थाने पर समाधान दिवस का आयोजन होता है। कोतवाली सदर में तहसीलदार सदर सुशील प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने थाना खीरी व कोतवाली सदर पहुंचकर समाधान दिवस में जन शिकायतों को सुना

अधिकारियों ने त्वरित निस्तारण के दिशा- निर्देश दिए शनिवार को थानो में समाधान

सवा करोड़ की लागत से बने 10 आयुष्मान जन आरोग्य मंदिरों का केंद्रीय मंत्री ने किया लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 20-20 आंतरिक बेड के वार्डों का भी हुआ लोकार्पण

लखीमपुर खीरी। स्वास्थ्य सेवाओं को ग्रामीण अंचलों तक पहुंचाने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर खीरी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत बनाए गए 10 आयुष्मान जन आरोग्य मंदिरों का लोकार्पण सीएचसी गोला पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी द्वारा किया गया। इस दौरान सीएचसी गोला, बांकेगंज और बिजुआ पर अतिरिक्त 20-20 बेड के वार्डों का भी लोकार्पण किया गया। जिनकी लागत करीब एक करोड़ 25 लाख रुपए है। इस दौरान उनके साथ सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता भी मौजूद रहे। सीएचसी गोला में आयोजित कार्यक्रम में सभी आयुष्मान जन आरोग्य मंदिरों का लोकार्पण किया गया। इस दौरान केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टैनी ने कहा कि सरकार ने गांव-गांव तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का जो वादा किया था, वह भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने निभाया है। जिले में मेडिकल कॉलेज सहित ग्रामीण अंचलों तक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किया गया है। इसी क्रम में 10 आयुष्मान जन आरोग्य मंदिरों का लोकार्पण हुआ है, जबकि गोला, बांकेगंज और बिजुआ में 20-20 बेड के अतिरिक्त वार्ड की व्यवस्था भी कर दी गई है और इसका शुभारंभ भी हो गया है। आम जनमानस तक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने का केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार का जो वादा था, वह आज हकीकत में बदल चुका है। इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि गोला, बांकेगंज और बिजुआ में 20-20 बेड की अतिरिक्त वार्डों की व्यवस्था के साथ ही सीएचसी गोला के अंतर्गत कोटवारा और अहमदनगर में आयुष्मान जन आरोग्य मंदिर का लोकार्पण हुआ है, सीएचसी बिजुआ के अंतर्गत बिजुआ पश्चिम, सहसपुर, छरासी और ताजपुर गांव में आयुष्मान जन आरोग्य मंदिर की शुरुआत हो गई है। इसी के साथ पहाड़ नगर, महरटोला, बांकेपुर व खैरट्टा गांव में आयुष्मान जन आरोग्य मंदिरों की शुरुआत हो गई है। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि संजय सिंह, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष विनीत मनार सहित सीएचसी बिजुआ अधीक्षक डॉ. सुभाष वर्मा, सीएचसी बांकेगंज अधीक्षक डॉ.अमित सिंह और सीएचसी गोला/कुंभी अधीक्षक डॉ. गणेश सहित डीपीएम अनिल यादव व बीपीएम महिमा सिंह, कार्यदायी संस्था यूपीआरएनएसएस के जेई बीके पाल, यूपीसीएल के जेई विवेक बाजपेई सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

तीन शातिर चोर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में चोरी/नकबजनी की घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए सर्वसंबंधित को घटनाओं को रोकने व अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ प्रवीन रंजन के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मिश्रित श्री राजेश यादव के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 13.01.2024 को थाना संदना पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्तगण 1.सुनील कुमार पुत्र श्रीराम नि0 ग्राम कडबडा थाना सकरन जनपद सीतापुर 2.सतीश कुमार पुत्र प्रमोद उर्फ मेंढक निवासी ग्राम असल थाना संदना जनपद सीतापुर 3.सुभाष पुत्र प्रहलाद निवासी मो0 शिवलोक पुलिस चौकी के सामने त्रिवेणी नगर थाना अलीगंज लखनऊ को गोपालपुर भट्टी के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से कुल 10,000 रुपये नगद, एक जोडी पावजेब सफ़ेद धातु, 01 अदद गले का हार पीली धातु, 03 अदद हाथ के कड़े सफ़ेद धातु, चार जोड़ी बिछुवा सफ़ेद धातु, तथा 02 अदद तमन्चा मय 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ है। अभियुक्तगण ने पूछताछ में बताया गया कि वो लोग मिलकर चोरी करते है तथा चोरी के माल को आपस में बांट लेते है। अभि0गण द्वारा चोरी की घटना में संलिप्ता स्वीकार की गयी है। बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर क्रमशः मु0अ0सं0 22/24 धारा 41/411/413 भादवि , मु0अ0सं0 23/24 व बनाम सुनील व मु0अ0सं0 24/24 धारा 25(1-उ) इ इएट्ठ बनाम सतीश उपरोक्त पंजीकृत कर अभियुक्तगण उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है तथा गिरफ्तार अभि0गण के पास से बरामद मो0 सा0 ठघ्32उइ1864 को धारा 207 ख्रठु इएट्ठ के तहत सीज किया गया है। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

झाड़ियों में मिला ऑटो चालक का शव

बहराइच। लखनऊ-बहराइच मार्ग के निकट नवोदय विद्यालय के पीछे झाड़ियों में ऑटो चालक का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर भगत राम (35) ऑटो चालक था। वह ऑटो चलकर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसका शव शनिवार को लखनऊ-बहराइच मार्ग स्थित नवोदय विद्यालय के पीछे झाड़ियों में पड़ा मिला। शव मिलने की जानकारी टिकोरा मोड़ पुलिस चौकी में दी गई। चौकी के पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। सभी ने झाड़ी से शव बाहर निकलवाया। इसके बाद आसपास के लोगों ने मृतक की पहचान की। कोतवाल ब्रह्मा गौड़ ने बताया कि गांव के निकट ही शव मिला। जिससे मृतक की पहचान तुरंत हो गई। उन्होंने बताया कि भगत राम ऑटो से घर जा रहा था।

सामुदायिक शौचालय में पड़ा रहता ताला, ग्रामीणों को परेशानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिधौली सीतापुर। विकास खण्ड सिधौली की ग्राम पंचायतों में लाखों रुपयों की लागत से बने अक्सर सामुदायिक शौचालयों को बंद रखा जा रहा है। मामला ग्राम पंचायत फिरोजपुर ग्राम प्रधान विनय कुमार तथा सचिव श्वेता बाजपेई के संरक्षण में बने हुए सामुदायिक शौचालय में ताला पड़ा रहता है। ताले जंग और जाला ने अपना स्थान बना लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि सामुदायिक शौचालय का उपयोग हम लोगों को नसीब नहीं हो पा रहा है क्योंकि इसमें ताला पड़ा रहता है सचिव श्वेता बाजपेई से तथा ग्राम प्रधान विनय कुमार से कई बार कहने के बावजूद भी नहीं खुलवाया गया। गांव में सामुदायिक शौचालय बने होने के बाद भी शौच के लिए बाहर जाना पड़ता है जिससे बहुत दिक्कतों का सामना भी करना पड़ता है। यह बहुत ही शर्मनाक बात है। सूत्रों ने यह भी बताया कि सामुदायिक शौचालय के केयर टेकर का भुगतान भी किया जा रहा है जबकि केयर टेकर का ताला पड़े होने के बाद कोई काम नही बनता है।

इस संबंध में खण्ड विकास अधिकारी को फोन किया गया फोन नहीं उठाया। यहां के खण्ड विकास अधिकारी तो फोन कभी भी नहीं उठाते है।

परिवार परामर्श केन्द्र के दखल के बाद पति-पत्नी के विवाद सुलह से निपटे

परामर्श केंद्र पर सुलझा विवाद, 17 जोड़ों ने फिर थामा एक-दूजे का हाथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। आपसी मतभेद से टूटने की कगार पर पहुंची पति-पत्नी के रिश्तों की डोर परिवार परामर्श केंद्र से जुड़ रही है काउंसलर प्रभारी शकुन्तला उपाध्याय के नेतृत्व में काउंसिलिग कर परिवारों को टूटने से बचाया जा रहा है। मतभेद भुलाकर साथ रहने की सीख दी जा रही है। नतीजा यह रहा 23 जोड़ों में से 17 परिवारों (पति-पत्नी) को एक साथ रहने की रजामंदी दी। साथ रहने की हामी भरने वाली जोड़ों को परिवार परामर्श केंद्र से ही विदा भी किया गया।

जनपद खीरी में पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा और अपर पुलिस अधीक्षक नेपाल सिंह के निर्देशन मे परिवार परामर्श केंन्द्र की प्रभारी शकुन्तला उपाध्याय द्वारा घरेलू हिसां, दहेज उत्पीड़न, साझी गृहस्थी में निवास एवं खाने कपड़े की तंगी के विवाद को लेकर प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रो मे सुलह समझौते का प्रयास कराया जाता है आज 23 प्रकरणों मे दोनो पक्षो को बुलाकर पति पत्नी मे सुलह का प्रयास काउन्सलर श्रीमती किरन अग्रवाल ,कय्यूम अली ज़रवानी व मुख्य महिला आरक्षी भावना तिवारी, महिला आरक्षी मुद्रिका चौहान, मेहा सिंह द्वारा किया गया है,जिसमें 17 जोड़े पति पत्नी साथ रहने के लिए सहमत होकर विदा हुए, 03 प्रकरण माननीय न्यायालय लम्बित होने व 03 मामले मे अत्याधिक मन-मुटाव होने के कारण सुलह नही हो पायी है उन्हे अग्रिम तिथि देकर पुनः सुलह हेतु बुलाया गया है।

जोड़ो के साथ परिवार को भी दी जाती सीख!

पुलिस के पास आने वाली पति-पत्नी के आपसी विवाद की अधिकांश शिकायतों का समाधान परिवार परामर्श केंद्र से किया जाता है। काउंसलर प्रभारी शकुन्तला उपाध्याय बताती हैं कि पति-पत्नी को समझाया जाता है, जरूरत पड़ने पर उनके परिवारों को भी सीख दी जाती है।

पति-पत्नी के विवादों की शिकायतों में यह प्राथमिकता रहती है कि परिवार टूटने न पाए। काउंसिलिंग के जरिए आपसी विवादों को दूर कर परिवारों को टूटने से बचाया जा रहा।

(काउंसलर प्रभारी शकुन्तला उपाध्याय)

पूर्व विधायक श्री महेन्द्र सिंह यादव के द्वारा सम्पन्न हुआ खिचडी भोज एवं पत्रकार सम्मान समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बेहटा, सीतापुर। ब्लॉक बेहटा की तहसील लहरपुर में स्थान पक्का तालाब पर आयोजित कार्यक्रम खिचडी भोज एवं पत्रकार सम्मान समारोह पूर्व विधायक श्री महेंद्र सिंह यादव के द्वारा सम्पन्न कराया गया जिसमें क्षेत्र के बहुतायत पत्रकारो को अंग वस्त्र के साथ डायरी व पेन देकर सम्मानित किया पत्रकारों के अतिरिक्त स्थानीय लोगो व राहगी रो ने भोज में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया श्री विधायक जी ने समस्त पत्रकार बन्धुओं व क्षेत्रीय जन मानस को नव वर्ष की शुभ कामनाएं देते हुए बड़े बुजर्गों का आशीर्वाद प्राप्त किया

बुजुर्गों का भावनात्मक ध्यान रखना आवश्यक : डॉ. यतीन्द्र मिश्रा

झांसी। राष्ट्रीय सामुदायिक सहभागिता अकादमिक नेटवर्क एवं समाज कार्य विभाग, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झाँसी के संयुक्त तत्वावधान में ल्बुजुर्गों के साथ सामुदायिक सहभागिताङ्क विषयक कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉ. यतीन्द्र मिश्रा ने कहा कि बदलते भारत में हमने अपनी पारिवारिक एवं सामुदायिक परंपराओं को विस्मृत कर बुजुर्गों की अनदेखी शुरू कर दी है, जिसके कारण बुजुर्ग कई मनोसामाजिक समस्याओं से जूझ रहे हैं।

महर्षि वामदेव और सुतीक्ष्ण ऋषि से यहां मिले थे श्रीराम, अब यहां है 500 वर्ष पुराना मंदिर

एजेंसी

बांदा।जनपद बांदा में एक ऐसा लगभग 500 वर्ष पुराना मंदिर है। जहां भगवान श्री राम अपने भाई लक्ष्मण और माता सीता के साथ रुके थे। इसी स्थान पर उन्होंने महर्षि वामदेव से मुलाकात भी की थी। यहां कुछ दिन ठहरने के बाद दक्षिण भारत के अरण्य वन की ओर प्रस्थान किया था। इस स्थान पर बने प्राचीन मंदिर में भगवान राम के अलावा तीनों भाइयों, माता सीता और हनुमान जी की प्रतिमाएं स्थापित हैं। इस मंदिर की देखरेख भी अयोध्या द्वारा की जा रही है। कहा जाता है कि राजा दशरथ ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम को जब 14 वर्ष का वनवास किया। तब भगवान राम चित्रकूट के वनों में रुके थे और दक्षिण की ओर जाते समय बांदा के निम्नी पार से होकर गए थे। यहां से जाने से पहले कुछ दिन जिस स्थान पर ठहरे, वहां आज रामनिवास मंदिर बना हुआ है। इस बारे में मंदिर के सचिव विजय गुप्ता बताते हैं कि बांदा और अयोध्या का शुरू से ही गहरा जुड़ाव रहा है। श्री राम को वनवास देते समय यह नहीं कहा गया था कि चित्रकूट में जाकर रहना तो फिर दशरथ के पुत्र राम लक्ष्मण ने चित्रकूट को ही क्यों चुना। उनके राज्य के निकट गोरखपुर, बस्ती आदि वन ,नेपाल की तराई आदि थे तो वहां क्यों नहीं गए। चित्रकूट यानी बांदा आने का क्या आकर्षण रहा होगा। इसकी वजह रामायण की चौपाइयों में निहित है। अयोध्या का बांदा से सीधा संपर्क था क्योंकि महर्षि वाल्मीकि और वामदेव की तपोभूमि चित्रकूट बांदा थी तो कदाचित अयोध्या कर्मभूमि थी। बालपन से ही रामचंद जी और उनके भ्राताओं को इस जनपद के बारे में इन दोनों ऋषियों से ज्ञान प्राप्त होता रहा होगा। उन्हें यह ज्ञात हो गया था कि तप करने के लिए बांदा चित्रकूट आदर्श स्थान है। इसीलिए भगवान राम वनवास के बाद दक्षिण कौशल वर्तमान सुल्तानपुर बेल्हा वर्तमान प्रतापगढ़ व प्रयागराज से गुजरने वाली पगडंडियों से होते हुए चित्रकूट के घने जंगलों में आश्रय लिया और जब दक्षिण की ओर जाने लगे तब बांदा निम्नी पार में शरण ली थी जहां श्री राम निवास मंदिर बना हुआ। वह बताते हैं कि'एवमस्तु करि रमानिवासा, हरसि चले कुंभज ऋषि पासा'। अरण्यकांड की यह चौपाई शहर स्थित श्री रामनिवास मंदिर की गवाह है। अयोध्या के बाद इस मंदिर में ही प्रभु राम, सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और हनुमान की प्रतिमाएं स्थापित हैं। इस बारे में मंदिर के पुजारी बताते हैं कि शहर से लगभग चार किलोमीटर दूर रामनिवास मंदिर है। पहले यह बीहड़ क्षेत्र था। यह पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व का मंदिर है। मान्यता है कि वनवास में चित्रकूट जाते समय श्रीराम इस मंदिर स्थल पर कुछ दिन रुके थे। वामदेव और सुतीक्ष्ण ऋषि से मिलने के बाद प्रभु राम अगस्त ऋषि से मिलने गए थे। वामदेव ऋषि बांबेश्वर पर्वत पर निवास करते थे और ऋषि सुतीक्ष्ण का आश्रम केन नदी तट के पास था। अगस्त ऋषि से मिलने जाते समय भगवान राम ऋषि सुतीक्ष्ण को मार्गदर्शक के रूप में साथ ले गए थे।इन्हीं पौराणिक महत्व से यह मंदिर सीधे अयोध्या से जुड़ता है। मंदिर के पुजारी का कहना है कि इस मंदिर में महंत की नियुक्ति से लेकर देखरेख का जिम्मा अयोध्या के मणिराम छावनी मंडल पर है।

वाह रे बिजली विभाग : न जमा किए कोई दस्तावेज, न कटाई रशीद, न ही बिजली कनेक्शन, फिर भी आ गया बिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिजली विभाग का अजीबो-गरीब कारनामा, बिना कनेक्शन के ही आ गया भारी भरकम बिल

उपखंड मैगलगंज में बिजली विभाग का अजीबो-गरीब कारनामा, न उपभोक्ता न खंभा ना तार फिर भी आने लगे बिल

औरंगाबाद-खीरी। बिजली विभाग जो न कर दे वह कम ही है कही कागजों पर ही मीटर लगा दिया जाता है तो कहीं बिना आवेदक के ही उपभोक्ता के नाम का बिल जारी कर दिया जाता है, जबकि उस नाम का कोई व्यक्ति उस गांव में रहता ही नहीं है।

सुनने में अजीबो-गरीब लगेगा लेकिन मैगलगंज उपखंड अधिकारी के क्षेत्र में अजीबो-गरीब कारनामा होना कोई नई बात नहीं है।

उस शख्स की हालत सोचिए जिसके पास बिना बिजली कनेक्शन के हजारों का बिल पहुंच जाए। जी हां, ऐसा जनपद लखीमपुर खीरी के उपखण्ड मैगलगंज पावर कॉरपोरेशन का ऐसा ही हैरतअंगेज कारनामा सामने आया है। एक महिला को यहां बिजली कनेक्शन लगाए बगैर ही भारी भरकम बिजली का बिल भेज दिया।

जानकारी मुताबिक उपखंड मैगलगंज के क्षेत्र में ढखौरा गांव निवासी एक व्यक्ति के मोबाइल पर मैसेज आया कि बिजली विभाग का बिल बाकी है यह देख लोगों के होश उड़ गए जब उस कनेक्शन के बारे में जानकारी ली गई तो कनेक्शन लंबा देवी निवासी ढखौरा के नाम से जारी होना दिखाई दिया जबकि इस नाम की कोई भी महिला इस गांव में निवास नहीं करती है,लेकिन फिर भी बिना आवेदक के ही बिल कैसे जारी हो गया इस बात की जानकारी भी बिजली विभाग की जिम्मेदार नहीं देना चाहते। इस बाबत उपखंड अधिकारी मैगलगंज कमलेश कुमार से जिस व्यक्ति के मोबाइल पर मैसेज आ रहा है उसे व्यक्ति ने जानकारी की तो उनके द्वारा देखा जा रहा है कहकर मामले की इतिश्री कर दी गई। अभी कुछ दिन पूर्व ही मैगलगंज उपखंड क्षेत्र में बिना मीटर लगाए ही कागजों पर मीटर लगाकर सरकार के योजनाओं पर जमकर लीपा पोती भी की गई थी इस मामले पर भी अभी तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई है।

जब इस बाबत अधिशासी अभियंता मोहम्मदी मुकेश कुमार से उक्त मामले में जानकारी के लिए सम्पर्क किया गया काफी बार मिलाया भी गया किन्तु साहब ने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा फिलहाल नाम न छापने की शर्त पर विभागीय लोग बताते हैं कि साहब कुछ चुनिंदा लोगों के ही फोन उठाते हैं अधिकाश काम मैसेज पर ही निपटाते हैं कभी कभी साहब इशारें इशारे में ही सारा काम करते देखे जा सकते हैं।

समाजसेवा के 9 साल में अभिषेक ने बनाया मुकाम, सीएम के हाथों मिला सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। नौ बरस पहले वृक्षारोपण से सामाजिक सेवा के क्षेत्र से समाजसेवा की शुरुआत करने वाले 'अभिषेक सिंह' जिले नहीं प्रदेश में भी पहचान के मोहताज नहीं रहे। युवा दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें विवेकानंद यूथ अवार्ड से सम्मानित किया है। उन्हें 50 हजार का चेक प्रदान किया गया। उनकी इस उपलब्धि से समूचा जिला गदगद है।

लंभुआ कोतवाली अंतर्गत तेरये गांव के अभिषेक सिंह साल 2015 में ग्रेजुएशन की शिक्षा के लिए शहर आए। यहां केएनआई में दाखिले के बाद उनकी मुलाकात डॉ. सुशील सिंह से हो गई। जुलाई-अगस्त के महीने में अभिषेक ने उनके साथ घूम-घूम कर स्कूलों, श्मशान व कब्रिस्तान में वृक्षारोपण किया। अभिषेक को समाजसेवा के मार्ग पर लेकर चले सुशील सिंह ने भी शायद ये नहीं सोचा रहा होगा कि वृक्षों के साथ समाजसेवा के रूप में संजोया जा रहा वृक्ष एक दशक के अंदर इतना घना हो जाएगा की जो प्रदेश तक विकसित होगा। वो कीर्तिमान हासिल किया कि सीएम योगी ने उन्हें विवेकानंद यूथ अवार्ड से सम्मानित किया। उन्हें 50 हजार का चेक प्रदान किया। अभिषेक की इस उपलब्धि से समूचा जिला गदगद है। मरीज को रक्त की जरूरत हो, भूखे को रोटी, ठंड में गरीब को कंबल और कपड़े, गरीब के बच्चे को कॉपी-पैंसिल और झुग्गी में रह रहे लोगों को हर होली-दिवाली मिठाई व अन्य जरूरत की चीजों की। ये सब अपनी टीम के साथ लेकर अभिषेक जरूरतमंदों के बीच कहने से पहले मौजूद होते हैं। शायद उन सबकी दुआएं रही कि अभिषेक को उत्तर प्रदेश के अंदर समाज सेवा के रूप में आज पहला स्थान मिला। सेवा क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए अभिषेक को सीएम योगी ने राजधानी लखनऊ में 50 हजार की राशि, स्वामी विवेकानंद की कांस्य प्रतिमा एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इसके साथ ही एक सड़क का नामकरण उनके नाम पर होगा। अभिषेक, जिले में करीब ढाई वर्षों से वनडे हंगर स्ट्रीक मुहिम चला रहे। जहां रोज वे और उनके साथी शहर में रात में निकलकर टोले मोहल्ले में गरीबों तक भोजन पहुंचाते हैं।, वहीं अंकुरण फाउंडेशन जैसी संस्था के जरिए लगभग पांच वर्षों से अधिक समय से वे ब्लड डोनेशन, गरीब बच्चों की पढ़ाई और त्योहारों पर उनकी मदद करते हैं। उनकी एक आवाज पर बहुत सारे लोग एक बार में उनके साथ जुड़कर पुण्य के भागीदार बनते हैं। ये जज्बा केवल अभिषेक का ही नहीं है। 28 नवंबर 2023 को उनकी जीवन साथी बनी शिवानी सिंह के विचार भी पति से मिलते-जुलते हैं। जनवरी 2023 में अपनी इंगेजमेंट के मौके पर उन्होंने अभिषेक के साथ ब्लड बैंक जाकर पहले रक्तदान किया था फिर रस्में अदा की गई थी।

खून देने से दिलो दिमाग़ को सुकून मिलता है अलमदार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। इमाम मोहम्मद बाकिर अलै. के जन्मदिन के अवसर पर शियाने हैदर-ए-कर्रार वेलफ़ेयर एसोसिएशन के युवाओं ने किया रक्तदान।

जरूरतमंदों को खून देने पर जो खुशी मिलती है उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता, किसी तरह हमारा रक्त किसी की जिंदगी बचाने में काम आ जाये तो हमे बहुत खुशी मिलती है।

किसी को जब रक्त की आवश्यकता होती है तो उसे महत्व का पता चलता है, खून के अभाव में ना जाने कितने लोग दम तोड़ देते हैं। अलमदार हुसैन ने बताया शियाने हैदर-ए-कर्रार वेलफ़ेयर एसोसिएशन की तरफ से 13 जनवरी इमाम मोहम्मद बाक़ीर अलैहिस्सलाम के जन्म दिन के मौके पर संगठन ने जिला चिकित्सालय ब्लड़बैंक में कैंप लगाकर किया रक्तदान। उन्होनें बताया कि संस्था साल भर समाजसेवा में काम करती रहती है, संस्था द्वारा गरीब बच्चियों की शादी, जरूरतमंदों को भोजन, कंबल, गर्मियों में पौशाला लगाकर अवाम की सेवा करती रहती है।

उन्होनें बताया आज इमाम मोहम्मद बाकीर अलै.के जन्म दिन के अवसर पर रक्तदान करने वालों में डाक्टर मोहतशम, कैस खान, इबादुर रहमान, अली जाफरी, नज़र अब्बास, कुमएल अब्बास, ज़ईमरजा, मो. यासिर, मो. रजा, हुसैन, इमरान जफर आदि ने ब्लड डोनेट किया गया। संस्था के द्वारा उक्त अवसर पर स्वशासी राज्य मेडिकल कॉलेज के ब्लडबैंक प्रभारी डॉ.आरके मिश्रा ने कहाकि रक्तदान बहुत पुनीत कार्य है, आपके रक्त से एक अंजान व्यक्ति को जीवन मिलता है। उक्त अवसर पर ब्लड़बैक कर्मियों में विजय चौधरी, अवनीश शाह, अनुराग गुप्ता, देवलाल, अनुराग पांडेय, रंजना कुमारी, कुलदीप, शमशाद बाबा मौजूद रहे।

रामभद्राचार्य यूनिवर्सिटी कार्य परिषद सदस्य बनी : रीशा वर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। दुबेपुर के भाईं अमेठा गांव में मानसिक दिव्यांग विद्यालय चलाने वाली रीशा वर्मा को शासन ने चित्रकूट स्थित जगद्गुरु राम भद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में कार्य परिषद सदस्य नामित किया है।

दिव्यांजन शाक्तिकरण अनुभाग के प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा द्वारा जारी प्रपत्र में स्पष्ट किया गया है कि स्वशासी विश्वविद्यालय की कार्य समिति में नियमानुसार तीन सामाजिक ख्याति प्राप्त व्यक्तिओं को सरकार नामित करती है। इसी अनुक्रम में ग्रेटर नोएडा के डॉ रमेश कुमार, चित्रकूट के रमेश मिश्रा, सुलतानपुर जिले की रीशा वर्मा को कार्य परिषद सदस्य नामित किया गया है। रीशा वर्मा भाईं गांव की पूर्व प्रधान व वर्तमान में राज्य महिला कल्याण समिति की सदस्य भी है। ये खुद दिव्यांग है और विद्यालय के साथ दिव्यांग खेलकूद का आयोजन भी करती है। उनके मनोनयन पर जिलेवासियों, अंकुरण फाउंडेशन, धन धन गुरु लंगर सेवा समिति भारत विकास परीषद, जनकल्याण समिति आदि ने प्रसन्नता जताई है।

करौंदी कला में 204 बच्चों को मिला रोजगार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। करौंदी कला विकास खण्ड के इसरावती देवी पी जी कालेज कम्मरपुर, हरीपुर, करौंदी कला में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अंतर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख क्षेत्र पंचायत करौंदी कला को आमंत्रित किया गया था, परंतु कतिपय कारणो से उनका आना रद्द हो गया, उनके द्वारा दूरभाष पर दिये गए निर्देश के क्रम में जिला समन्वयक उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन संदीप द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में इसरावती देवी पीजी कॉलेज कम्मरपुर,हरीपुर के प्रबंधक वीरेंद्र मिश्रा का बुके और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित अभ्यार्थियों का संबोधन कर उत्साहवर्धन किया गया उन्होंने कहा कि विकास खण्ड स्तर पर रोजगार मेला आयोजित कर युवाओं को रोजगार मिलना गर्व की बात है उन्होंने सरकार की पहल की सराहना की। इस मौके पर जिला समन्वयक उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन संदीप ने बताया कि आज के इस रोजगार मेले में कुल 377 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से कुल 06 निजी कंपनियों द्वारा 204 युवाओं का चयन किया गया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन करौंदी कला के संचालक व कृषि विशेषज्ञ ज्ञानचन्द्र तिवारी ने कहा कि आज युवा दिवस है और इस ऊर्जावान दिन के मौके पर बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलना बहुत ही हर्ष की बात है उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा इसरावती देवी पी जी कालेज में डोमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर का कोर्स संचालित किया गया जिसमे कुल 108 बच्चों ने प्रतिभाग किया जिनको आज रोजगार मेला में रोजगार प्रदान किया गया उन्होंने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामना देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।इस मौके पर मुख्य अतिथि द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर वितरित किया गया।मुख्य अतिथि द्वारा उक्त कार्यक्रम का संचालन कर रहे एच एन शुक्ला पूर्व प्लेसमेंट प्रभारी अयोध्या मंडल का एवं जिला समन्वयक तथा समस्त आगंतुकों का अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।इस मौके पर जनपद के जिला कौशल प्रबंधक नीरज यादव, मोनू दुबे तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक रोहित यादव, विभांकर सिंह, पंकज तिवारी, पंकज पांडे, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन करौंदी कला हेड शिक्षिका कविता वर्मा, सेंटर मैनेजर दिव्यांश त्रिपाठी, शिक्षक शैलेश विक्रम उपाध्याय, शिक्षिका प्रगति मिश्रा, इसरावती देवी पी जी कालेज की प्राचार्य ड्रॉ शशि मिश्रा, विभागाध्यक्ष बीएड प्रज्ञा मिश्रा, विभागाध्यक्ष भूगोल रंजीत सिंह, विभागाध्यक्ष संस्कृत सरिता मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, उमापति मिश्रा, शिवानी दूबे, रानी उपाध्याय, अनुराग श्रीवास्तव, हृदेश प्रजापति, अनीता और उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन व जिला सेवायोजन कार्यालय के समस्त कर्मचारीगण मौजूद रहे।

सिद्धार्थनगर जिले से सटे भारत-नेपाल सीमा पर डीएम और एसपी ने किया पैदल गश्त

सिद्धार्थनगर। श्री राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम और 26 जनवरी को ध्यान में रखते हुए जिले में चौकसी बरती जा रही है। इसी के तहत शनिवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने जनपद से सटे भारत-नेपाल सीमा खुनुवां बाजार में पैदल गश्त किया। जिलाधिकारी ने बताया कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित होना प्रस्तावित है। इसके अलावा गणतंत्र दिवस भी है। इसे ध्यान में रखते हुए जिले की शांति-व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए जिला प्रशासन के अधिकारियों और पुलिस को अलर्ट मोड पर रखा गया है। अधीक्षक ने आपसी सौहार्दपूर्ण माहौल बनाये रखने तथा आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास एवं सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद भी स्थापित किया। उन्होंने आपस में सौहार्द बनाये रखने के लिए लोगों से अपील की है। साथ ही सीमा से सटे क्षेत्र के थाना के प्रभारियों चौकसी बरतने के निर्देश दिए हैं।

गैंगेस्टर विनोद केस में मजिस्ट्रैटियल जांच शुरू, कांग्रेस ने इनकाउंटर को बताया था फर्जी

सुल्तानपुर। गोरखपुर के गैंगेस्टर विनोद उपाध्याय एस टीएफ की मुठभेड़ में ढेर हो गया। उसकी मौत पर बीते दिनों कांग्रेस ने सवाल उठाए और इनकाउंटर को फर्जी बताया। ऐसे में डीएम कृतिका ज्योत्सना ने मजिस्ट्रैटियल जांच के आदेश दे दिए हैं। एसडीएम लंभुआ ने इस मामले की जांच शुरू करते हुए बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस जारी किया है। एसडीएम लंभुआ दीपक वर्मा ने डीएम के पत्रांक संख्या 632/जे.ए.-मजिस्ट्रेट जांच का हवाला देते हुए कहा है कि फैजाबाद जिले के महाराजगंज थाना अंतर्गत उपाध्याय का पुरवा मया बाजार भुईया निवासी एक लाख का इनामी विनोद उपाध्याय गोरखपुर एसटीएफ की मुठभेड़ में घायल हुआ। जिसने जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान दम तोड़ा। उसके विरुद्ध कोतवाली देहात थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। इस मामले में जिस व्यक्ति, अधिकारी व कर्मचारी को अपना बयान दर्ज कराना हो वो 20 जनवरी तक हमारी कोर्ट में आकर बयान दर्ज करा सकता है। बता दें कि बीते मंगलवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने प्रेस कांफ्रेंस करके इनकाउंटर में मारे गए विनोद उपाध्याय की मौत पर सवाल खड़े किए थे। उन्होंने इनकाउंटर को फर्जी बताया था। आपको बता दें कि 5 जनवरी के तड़के कोतवाली देहात के हनुमानगंज में एसटीएफ ने 20 मिनट की मुठभेड़ में बदमाश विनोद उपाध्याय को धर दबोचा था। उसे टीम अस्पताल लेकर पहुंची थी जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हुई थी। करीब 16 घंटे बाद उसका पोस्टमार्टम हुआ। उसके भाई को शव दिया गया था।

जाति प्रमाण पत्र जारी न होने से नाराज कुरैशी बिरादरी के लोगो ने की शिकायत

सुलतानपुर। पुलिस भर्ती के लिए आवश्यक जाति प्रमाण पत्र न जारी करने से नाराज राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के उपाध्यक्ष ने एक शिकायती पत्र तहसीलदार सदर को दिया है। जिसमे उपाध्यक्ष शकील अहमद कुरैशी ने कहा कि कटका परगना तहसील सदर के लेखपाल इंद्रजीत यादव जानबूझ कर कुरैशी बिरादरी के नवयुवकों का जाति प्रमाण पत्र नही बना रहा है जबकि अन्य तहसीलों में कुरैशी बिरादरी को पिछड़ी जाति का प्रमाण पत्र बन रहा है। ऐसे में कटका गांव के नवयुवकों को उत्तर प्रदेश कांस्टेबिल फार्म भरने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जिला उपाध्यक्ष ने तहसीलदार से अनुरोध किया कि बेरोजगारों के भविष्य को देखते हुए हल्का लेखपाल को निर्देशित करते हुए बेरोजगार कुरैशी नवयुवकों का जाति प्रमाण पत्र जारी करने का आदेश दे।

दो दिवसीय कृषि स्टार्टअप कॉन्क्लेव का शुभारंभ

वाराणसी। अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. सुधांशु सिंह ने शनिवार को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कृषि अर्थशास्त्र विभाग, कृषि विज्ञान संस्थान की ओर से शताब्दी कृषि प्रेक्षागृह में आयोजित दो दिवसीय कृषि स्टार्टअप कॉन्क्लेव का शुभारंभ किया। कॉन्क्लेव में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. सुधांशु सिंह ने कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स और उच्च प्रोटीन सामग्री वाले चावल की कुछ किस्मों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन एक महत्वपूर्ण क्षण है जो कृषि क्षेत्र में नवाचार, तकनीकी प्रगति, और उद्यमिता की उर्जा को समृद्धि में मदद करने के लिए समर्पित है। कॉन्क्लेव किसानों, उद्यमियों, और तकनीकी विशेषज्ञों को एक साथ आने का एक मंच प्रदान करता है, जहां वे अपने विचारों, प्रतिभागता की अपेक्षाओं, और समस्याओं को साझा कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि मुख्य कार्यकारी अधिकारी, वीएन ऑर्गेनिक्स प्राइवेट लिमिटेड निशा निरंजन ने कहा कि कृषि हमारे देश की आत्मनिर्भरता में एक कुंजी है । इस क्षेत्र में नवाचारिक सोच और तकनीकी विकास से ही हम सही दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। उन्होंने अपने स्टार्टअप पिचों के साथ आने वाले सभी नए उद्यमियों को प्रेरित किया और स्थिरता और विलक्षणता पैटर्न के बारे में बताया और निकट भविष्य में भोजन के स्रोत के रूप में कवक के महत्व को भी बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संकाय प्रमुख कृषि संकाय, कृषि विज्ञान संस्थान प्रोफ़ेसर ब्रजेश सिन्हा ने युवाओं से स्वदेशी विचारों के साथ बेहतर कल के लिए नवाचार करने की अपील की। कॉन्क्लेव के आयोजन सचिव डॉ वीरेंद्र कमलवंशी ने रूपरेखा प्रस्तुत किया। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. यू.एन.त्रिपाठी ने कृषि स्टार्टअप के बारे में बताया।

स्टार्टअप पिचें प्रस्तुत की गईं

कार्यक्रम में स्टार्टअप पिचें प्रस्तुत की गईं, जिनमें से प्रत्येक ने विभिन्न व्यावसायिक विचारों को प्रदर्शित किया। इसके अलावा, शोधकर्ताओं और छात्रों ने पोस्टर प्रस्तुतियां प्रदर्शित की। जिसमें उन्हें कृषि से संबंधित अपने शोध निष्कर्षों को प्रदर्शित करने का अवसर मिला। पहले दिन कार्यक्रम के अंत में प्रो. पी.एस. बादल ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

शहीद की प्रतिमा का विधायक जयकुमार सिंह जैकी ने किया अनावरण

फतेहपुर । जिले में शनिवार को अपना दल एस के बिन्दकी विधायक व पूर्व मंत्री जयकुमार सिंह जैकी ने शहीद संजय पटेल की प्रतिमा का अनावरण कर पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया। अनावरण के मौके पर हजारों की संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने भी शहीद की प्रतिमा में श्रद्धासुमन अर्पित किये। बिन्दकी विधानसभा के टिकरी गांव निवासी संजय पटेल पुत्र स्व. कल्लू पटेल फौज में चालक के पद में देश की सेवा कर रहे थे। शहीद के भाई शिवनारायण पटेल ने बताया कि जब वह अरुणाचल प्रदेश के टेंगा जनपद में ड्यूटी कर रहे थे उसी दौरान 27 जुलाई 2009 के दिन आतंकवादियों द्वारा बिछाई गई माईन्स के विस्फोटक से भाई संजय पटेल अपने सहयोगियों के साथ शहीद हो गये थे। भाई की शादी बैरागी खेड़ा गांव में हुई थी। गांव में ही शहीद की पत्नी रीता व एक पुत्र रिषभ हैं। प्रतिमा अनावरण के बाद विधायक जयकुमार सिंह जैकी ने कहा कि देश की रक्षा व सेवा के दौरान शहीद होने वाले वीर सपूत सभी के लिए सम्मानित होते हैं। इसलिए शहीद के सम्मान में गांव में एक भव्य स्मारक स्थल बनाया जाना चाहिए।

अनूठी पहल : पुलिस आयुक्त ने प्रतियोगी छात्रों को सफलता के दिये टिप्स

एजेंसी

पुलिस अफसरों ने प्रतियोगी छात्रों का मनोबल बढ़ाकर दिये गुरूमंत्र

प्रयागराज। संगमनगरी में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले प्रतियोगी छात्रों के उत्साहवर्धन और मार्गदर्शन के लिए पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने आज अनूठी पहल की। उन्होंने एवं दूसरे पुलिस अफसरों ने पुलिस लाइंस सभागार में प्रतियोगी छात्रों के साथ संवाद के जरिए जहां प्रतियोगी छात्रों को सफलता हासिल करने के टिप्स दिए, वहीं उनका मनोबल बढ़ाने का भी काम किया। अफसरों ने प्रतियोगी छात्रों को एकाग्र होकर, बेहतर प्लानिंग और टाइम मैनेजमेंट के जरिए कामयाबी पाने का गुरुमंत्र दिया। इसके अलावा उन्हें तनावमुक्त रहते हुए अपने लक्ष्य पर फोकस करने की नसीहत दी। इस अवसर पर पुलिस अफसरों ने छात्रों के साथ अपने अनुभव भी साझा किए और बताया कि लक्ष्य तक पहुंचने में तमाम बाधाएं भी आती हैं। लेकिन लक्ष्य के लिए अडिग रहने वाले को ही कामयाबी मिलती है। पुलिस अफसरों के अनुभव और टिप्स पाकर प्रतियोगी छात्र काफी खुश नजर आए और उन्होंने पुलिस कमिश्नर से अनुरोध किया कि इस तरह का संवाद कार्यक्रम आगे भी जारी रहना चाहिए। शनिवार को प्रयागराज पुलिस के आलाधिकारियों ने प्रतियोगी छात्रों से संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। पुलिस लाइन में आयोजित छात्रों के साथ पुलिस आयुक्त से लेकर जिले में आये नवागंतुक आईपीएस अफसरों तक ने छात्रों की जिज्ञासाओं को शांत किया। छात्रों के साथ सवाल जवाब में पुलिस आयुक्त रमित शर्मा, डीसीपी दीपक भूकर, श्रद्धा पांडेय, अभिनव त्यागी, अनंत व एसीपी श्वेताभ पांडेय शामिल रहें। पुलिस आयुक्त ने बताया कि हर छात्र के अंदर कुछ न कुछ विशेषता जरुर होती है और उनकी कुछ कमजोरी भी होती है, जिसे जानने की जरूरत हर छात्रों को है। जब छात्र ये जान लेंगे कि उनके अंदर क्या विशेषता है और क्या कमी तो उनकी पढ़ाई की राह आसान हो जाएगी। यूपीएससी की परीक्षा देने से पहले छात्रों को परीक्षा का सिलेबस अच्छे से पढ़ना चाहिए। जिससे उन्हें पता चल जाएगा कि उन्हें क्या और कितना पढ़ना है, इससे उनकी तैयारी बेहतर होगी। उन्होंने छात्रों को बताया कि यूपीएससी और यूपीपीएससी ही हर छात्र की मंजिल नहीं होती, सभी को अपनी रुचि के अनुसार क्षेत्र चुनना चाहिए। क्योंकि आपकी जिस क्षेत्र में रुचि होगी उसी क्षेत्र में आप कार्य करने जाएंगे तो सफलता मिलने की उम्मीद ज्यादा रहती है। डीसीपी सिटी दीपक भूकर ने छात्रों को बताया कि असफलता से कुछ न कुछ सीखने को जरूर मिलता है और उसे दूर करके सफलता हासिल करने का रास्ता बनता है। इसलिए असफलता से घबराने की जगह उससे भी हर बार कुछ न कुछ सीखने का प्रयास करें। एएसपी पुष्कर वर्मा ने छात्रों के सवाल का जवाब देते हुए बताया कि सफलता के लिए सेल्फ स्टडी बहुत जरूरी है। क्योंकि इससे कोर्स पूरा करने के साथ ही उसे समझने में भी आसानी होती है। डीसीपी श्रद्धा पांडेय ने छात्रों को बताया कि किसी भी परीक्षा या कोर्स का सिलेबस पूरा करना सभी के लिए सम्भव नहीं होता है, लेकिन आप जितना पढ़ पा रहे हैं वो पूरा होना चाहिए। आप जो पढ़े उस पर आपकी पकड़ पूरी होनी चाहिए। किसी भी छात्र को पढ़ाई का प्रेशर नहीं लेना चाहिए। छात्र मेहनत और ईमानदारी से पढ़ाई करते हैं तो सफलता उन्हें जरूर मिलती है। डीसीपी यमुना नगर अभिनव त्यागी ने छात्रों को कभी निराश और हताश न होने की नसीहत दी। छात्रों को बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के साथ ही उन्हें अपने अंदर आत्म विश्वास बनाए रखना चाहिए। असफलता के बाद मिली सफलता अनमोल होती है।

पूरी दुनिया देखेगी सनातन संस्कृति की दिव्य शक्ति और भक्ति

एजेंसी

श्रीराम के नैतिक, सामाजिक एवं मानव मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास

मीरजापुर। कहते हैं कण-कण में राम हैं... कल तक जो अयोध्या उदास थी, वह अब उल्लास के साथ बदल रही है। यह एक नगर का प्रतिशोध है, जो लंबे इंतजार के बाद सकारात्मक रूप में उभरा है। अब आप अयोध्या को केवल एक नगर की तरह मत देखिएगा और उसे सभ्यता व संस्कृति के रूप में आत्मसात करिएगा। अयोध्या राम से है और राम केवल किसी धर्म के नहीं बल्कि संपूर्ण मानव मात्र के हैं। राम मंदिर तो अयोध्या में बन रहा है, लेकिन अब रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरी दुनिया भारतीय सनातन संस्कृति की दिव्य शक्ति और भक्ति देखेगी। अयोध्या के राम मंदिर को देखने के लिए जहां दुनियाभर से लोग पहुंच रहे हैं तो वहीं राम मंदिर को घर-घर में प्रतिष्ठित करने की होड़ लग रही है। भगवान राम इस देश की मिट्टी का प्रतीक हैं, आस्था का प्रतीक हैं और देश की संस्कृति का प्रतीक हैं। राम जन-जन के हैं और उन्हें किसी धर्म, जाति, क्षेत्र के दायरे में देखना किसी भी तरह से सही नहीं होगा। भगवान श्रीराम के नैतिक, सामाजिक एवं मानव मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के दृष्टिगत जनपद के प्रमुख राम मंदिरों व वाल्मीकि मंदिरों में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक भजन-कीर्तन व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। जनपद के 12 विकास खंडों के 209 एवं नगरीय निकाय के 31 मंदिरों के अतिरिक्त विंध्याचल मंदिर पर भी सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

त्रेतायुग में महिषासुर रावण का वध कर वापस अयोध्या लौटते समय विंध्य पर्वत पर मां गंगा की गोद में प्रभु श्रीराम के चरण के निशान आज भी वैसे ही हैं। 22 जनवरी 2024 को श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर के मूल गर्भगृह में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा जहां 500 वर्षों की संघर्ष गाथा उकेरेगी, वहीं देश ही नहीं, पूरी दुनिया राममय नजर आएगी। ऐसे में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के चरणरज से धन्य विंध्य क्षेत्र कैसे पीछे रह सकता है। लोक में राम की झलक उकेरेगा रामोत्सव, बहेगी भक्ति की रसधार 14 से 22 जनवरी तक जनपद के समस्त प्रमुख राम मंदिरों, वाल्मीकि मंदिरों, हनुमान मंदिरों में रामकथा, रामायण पाठ, भजन-कीर्तन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ भक्ति की रसधार बहेगी ही, प्रभु श्रीराम की महिमा का गुणगान भी होगा। भजन-कीर्तन, रामायण पाठ, रामकथा के माध्यम से भगवान श्रीराम के नैतिक, सामाजिक एवं मानव मूल्यों की स्थापना का आदर्श प्रस्तुत कर लोक में राम की झलक उकेरी जाएगी। मां विंध्यवासिनी समेत 241 श्रीराम-हनुमान मंदिरों में गूजेंगे जय सियाराम जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि जनपद के सभी 12 विकास खंड के कुल 209 मंदिरों पर भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाना है। इसके अतिरिक्त जनपद के सभी चार नगर निकायों में कुल 31 मंदिरों पर रामकथा, रामायण पाठ, भजन-कीर्तन, कलश यात्रा आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम कराया जाना है। मां विंध्यवासिनी मंदिर परिसर में भी 14 से 22 जनवरी तक स्थानीय कलाकार रामधुन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

सूचना का कानून पत्रकारिता के छात्रों के लिए संजीवनी : डॉ. सुभाष चंद्र सिंह

झांसी। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयुक्त डॉ. सुभाष चंद्र सिंह एवं हर्षवर्धन शाही ने छात्रों के साथ संवाद किया। राज्य सूचना आयुक्त डॉ. सुभाष चंद्र सिंह ने छात्रों को सूचना विभाग एवं राज्य सूचना आयुक्त के बीच अंतर को स्पष्ट किया। साथ ही छात्रों को सूचना के अधिकार कानून के अंतर्गत आने वाली सभी बारीकियों की जानकारी भी दी। यह भी बताया कि आम जनमानस किस प्रकार इसका उपयोग कर सकता है। उन्होंने कहा कि आज कुछ लोग दुर्भावना से दूसरों के संबंध में सूचना मांगते हैं जिसमें न ही कोई लोकहित न ही आम जनमानस की भलाई होती है। ऐसी सूचनाएं केवल निजी स्वार्थ हेतु मांगी जाती हैं। इस पर रोक लगाने के लिए समय-समय पर संशोधन की आवश्यकता है। राज्य सूचना आयुक्त हर्षवर्धन शाही ने अपने पत्रकारिता अनुभव छात्रों से साझा किये। उन्होंने कहा कि एक नये पत्रकार को नचिकेता की तरह जिज्ञासु होना चाहिए जो बिना किसी डर के लगातार प्रश्न पूछने का साहस कर सके।

कमांडेंट के नेतृत्व में कौशल विकास एवं व्यासायिक प्रशिक्षण का शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। एसएसबी 42वी वाहिनी बहराइच प्रथम द्वारा सीमा चौकी मुंशीपुरवा चौकी परिसर के निकट नागरिक कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम गंगा सिंह उदावत, कमांडेंट 42वीं वाहिनी के नेतृत्व में कराया गया म कार्यक्रम के दौरान सीमावर्ती युवा ग्रामीण/छात्र/छात्राओं को कौशल विकास व व्यावसायिक प्रशिक्षण के तहत 60 दिवसीय बेसिक कंप्यूटर , सिलाई कढाई प्रशिक्षण तथा 10 दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक संपन्न किया गया जिसके दौरान 96 लाभार्थी सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किए । कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षुओं को कमांडेंट द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही मशरूम संबंधित सामग्री का वितरण किया गया ।

एसएसबी लगातार नागरिक कार्यवाही कार्यक्रम, सामाजिक चेतना अभियान, पशु चिकित्सा शिविर, मानव चिकित्सा शिविर एवं अन्य कल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से जनता को लाभान्वित करती रहती है म बताते चले की बीते मार्च 2023 में वाहिनी द्वारा नागरिक कार्यवाही कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया जिसमें सीमा क्षेत्र के जरुरतमंद किसानो के लिए कृषि उपकरण, गैर पारम्परिक उर्जा का विकास स्त्रोत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोलर लाइट का वितरण, सीमा क्षेत्र के युवाओं की खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार की खेल सामग्री का वितरण किया गया था म साथ ही माह अक्टूबर माह में सामाजिक चेतना अभियान के तहत सीमावर्ती लोगो को व्यवसाय सृजन के उदेश्य से मुर्गी के चूजे का वतरण किया गया म वाहिनी द्वारा इस प्रकार के कल्याणकारी कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं।

कार्यक्रम में अतिथि डा.उमाशंकर वैश्य (चेयरमैन रुपैडिया), श्रीमती रीती,(प्रबंधक) ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान बहराइच, पंकज साहू वनाधिकारी अब्दुल्लागंज उपस्थित रहें म इस मौके पर दिलीप कुमार उप - कमांडेंट, सहा. कमाण्डेंट राजकुमार व अन्य अधिकारी एवं अतिथिगण, सीमावर्ती जनता, छात्र एवं बल कार्मिक उपथित रहें।

एसएसबी 59वी वाहिनी की टीम ने मानव तस्करों को पकड़ा

नानपारा, बहराइच। एस एस बी 59वी वाहिनी नानपारा द्वारा 22 एवं 26 जनवरी के मद्देनजर भारत नेपाल सीमा पर कैलास चंद्र रमोला कमांडेंट 59वी वाहिनी के नेतृत्व में राज्य पुलिस, वन विभाग पुलिस एवं अन्य एन जी ओ के साथ सघन चेकिंग एवं प्रत्चालन गतिविधि अभियान चलाया जा रहा है जिसके दौरान दिनांक शुक्रवार को 'ए' समवाय लौकाही के पेट्रोलिंग दस्ता ने सीमा स्तम्भ संख्या 667/6 के पास संदिग्ध 2 नेपाली युवती तथा 3 युवक को नेपाल से भारत आते हुए देखा, पेट्रोलिंग दस्ता द्वारा उक्त नेपाली युवक युवतियों से सघन पूछताछ करने पर तीनो अभियुक्तों द्वारा दोनों नाबालिक लड़कियों को बहला फुसला कर हिमाचल प्रदेश ले जाने की बात स्वीकार किया। तत्पश्चात भारत के मानव सेवा संस्थान एवं नेपाल के एन. जी. ओ. के काउंसलिंग के उपरांत तीनों नेपाली अभियुक्तों अंकेश कुमार लोनिया, उम्र 20 वर्ष, ताल बहादुर सोनार उम्र 26 वर्ष एवं प्रेग बहादुर चिका उम्र, 40 वर्ष को नेपाल पुलिस के हवाले एवं दो नाबालिक युवतियों सावित्री पल उम्र 15 वर्ष एवं छाया काकी (गगता) उम्र 16 वर्ष नेपाल एन. जी. ओ. को सही सलामत सुपुर्द कर दिया गया।

पंडित दीन दयाल बृहद पशु आरोग्य मेले का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाबागंज धानेपुर गोण्डा। श्री नगर बाबागंज में स्थित संत सहज वन इंटर कालेज के प्रांगण में शनिवार को मंडल स्तरीय पंडित दीन दयाल पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अथिति के रूप में मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी व विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि राजेश सिंह ने फीता काट कर मेले में आये पशु पालकों के पशुओं का रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ किया गया।इस अवसर पर विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा की पशु पालक का मतलब केवल गाय भैंस पालने तक सिमित नही है। पशुओ के अन्य प्रजातियों के पालक भी पशु पालन विभाग से जुड़ी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। ग्रामीण स्तर से लोगो को रोजगार उपलब्ध कराने तथा आर्थिक रूप से लोगो को मजबूत बनाने के लिए सरकार कटिबद्ध है।इस मेले में डाक्टर ए. के कुशवाहा, मेला नोडल अधिकारी आई ए इस विजय त्यागी, प्रमुख प्रतिनिधि, श्री नगर प्रधान,पशु चिकित्सा अधिकारी पैरावेट सहित तमाम क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

वेद प्रकाश शुक्ला बने धानेपुर के थानाध्यक्ष, क्राइम कंट्रोल प्राथमिकता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। शासन व प्रशासन की मंशानुरूप थानाक्षेत्र धानेपुर में कार्य कराना,अपराध व अपराधियों पर प्रभावी लगाम लगाना,हर छोटी-बड़ी घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए निष्पक्षतापूर्वक त्वरित कार्यवाही कराना एवं वरिष्ठ अफसरों के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन कराना हमारी प्रथमिकताओं में है।उक्त बातें थाना धानेपुर के नवागत प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ला ने मुलाकात के दौरान कही।प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ला ने आगे बताया कि थानाक्षेत्र में अमन-चैन का माहौल कायम किया जायेगा।इसके लिये थाने के बीट दरोगा व आरक्षियों की जिम्मेदारियां तय की जायेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराया जायेगा।महिला संबंधी अपराधों पर त्वरित कार्यवाही की जायेगी।अपराधियों की धड़ पकड़ के लिये अभियान निरंतर प्रयास किया जायेगा।साथ ही रात्रि में पुलिस गश्त तेज की जायेगी।बतातें चलें कि वे दिसम्बर 2021 में उपनिरीक्षक के रूप में पद पर लखनऊ से स्थानांतरित गोंडा आये थे।इससे पूर्व करनैलगंज कोतवाली की चौकी भंभुआ में चौकी प्रभारी रह चुके हैं।निरीक्षक के पद पर पदोन्नति मिलने के बाद करनैलगंज कोतवाली में अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक और बाद में भूमि घोटाले की जांच हेतु गठित एसआईटी में निरीक्षक के पद पर कार्य करते हुए भूमि घोटाले में संलिप्त लोगों को सलाखों के पीछे पहुंचा चुके हैं।

एसपी ने थाना समाधान दिवस पर सुनी जनता की जनसमस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा : थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा थाना परसपुर में जनसुनवाई की गई गई।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने जनता की जनसमस्याओं को सुना तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवक्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

थाना परसपुर में जनसुनवाई के दौरान कुल 12 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।प्रकरणों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर रवाना किया गया। इसी प्रकार अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय ने थाना कोतवाली देहात में जनसुनवाई की जहां पर सात शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए इसी प्रकार समस्त क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष ने थाना समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया। समस्त थानों में कुल 208 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए,जिसमें 16 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया तथा शेष राजस्व संबंधित मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर निस्तारण हेतु मौके पर भेजा गया।इस दौरान राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

गैगस्टर का अभियुक्त चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार

गोण्डा । पुलिस अधीक्षक रेलवे गोरखपुर के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे क्षेत्राधिकारी रेलवे अनुभाग गोरखपुर के निकट पर्यवेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी के नेतृत्व में सघन चेकिंग अभियान मे थाना जीआरपी की पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को चोरी के एचपी लैपटाप लैपटाप चार्जर एचपी दो चालानी रशीद एक चादर एक्सटेंशन बोर्ड व एक जोडी कान के फूल पीले रंग की धातू के साथ रेलवे स्टेशन गोण्डा के पश्चिमी दिशा मे नव निर्मित प्लेटफार्म से गिरफ्तार किया गया है।जो थाना जीआरपी गोरखपुर में पंजीकृत गैगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त पर बैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

प्राण प्रतिष्ठा : 22 को 100 मंचों पर सांस्कृतिक शोभायात्रा के सारथी बनेंगे 2500 लोक कलाकार

अयोध्या। महज 9 दिन और... फिर देश-दुनिया उस पल का दीदार करेगी, जिसकी अभिलाषा 500 वर्षों से कई पीढ़ियां कर रही थीं। वह दिन आ गया तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में इसे अद्वितीय, अविस्मरणीय बनाने में उत्तर प्रदेश सरकार का संस्कृति विभाग भी जुट गया है। 14 जनवरी से 24 मार्च तक यहां प्रदेश-देश व दुनिया के 5000 कलाकार एक तरफ जहां विभिन्न माटी की संस्कृतियों के सुरों की गंगा को प्रवाहित करेंगे तो वहीं इन 70 दिनों में 15 से अधिक देशों के कलाकार रामलीला का मंचन करेंगे।राज्य सरकार के एक प्रवक्ता का कहना है कि इस अवधि में उत्तर प्रदेश की 25 व अन्य राज्यों की 10 रामलीला मंडलियों की प्रस्तुतियां भी त्रेतायुग के वैभव का दीदार कराएंगी। वहीं प्राण-प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को 100 मंचों पर 2500 लोक कलाकार सांस्कृतिक शोभायात्रा के सारथी बनेंगे।रामनगरी में 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों से रामलला अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। प्रधानमंत्री के आगमन पर उनका भव्य स्वागत होगा। यहां 100 मंचों पर 2500 कलाकार भव्य सांस्कृतिक शोभायात्रा के सारथी बनेंगे। 21 जनवरी को इसका पूर्वाभ्यास किया जाएगा। इसके अलावा अनेक स्थानों पर कलाकार भारतीय संस्कृति की खुशबू अपनी प्रस्तुति से बिखरेंगे।14 जनवरी से 24 मार्च तक कलाकारों की तरफ से प्रस्तुति होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई प्रतिभाओं व स्थापित कलाकारों को मंच मुहैया कराने का निर्देश दिया था। इसी क्रम में 10 सार्वजनिक स्थानों पर ये कार्यक्रम होंगे।

कांग्रेस के पूर्व विधान सभा प्रत्याशी ने धूम-धाम से मनाया प्रियंका गांधी का जन्मदिन

कांग्रेस ने मौका दिया तो लडूंगी लोकसभा चुनाव: रमा

बीजेपी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि गरीबों पर चलवाती है बुलडोजर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के मुख्यालय पर शुक्रवार को प्रियंका गांधी वाड्रा का जन्मदिन बहुत ही धूम धाम से मनाया गया, बता दें कि जिले में महिला कांग्रेस के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता के मौजूदगी में यह जन्मदिन का उत्सव मनाया गया, जन्म दिन पर जिले के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने श्री मती वाड्रा के दीर्घायु की मंगल कामना करते हुए यह भी कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा एक निर्भीक एवं निडर कांग्रेस की नेत्री हैं, वह अपने दादी स्वर्गीय इंदिरा गांधी के बताए हुए पथ पर चलकर काम कर रही हैं। वहीं महिला कांग्रेस की नेत्री व जिला अध्यक्ष रमा कश्यप ने अपने सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी के साथ अपनी नेत्री प्रियंका गांधी वाड्रा की दीर्घायु की कामना करते हुए कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव के संभावित प्रत्याशी होने के नाते आम जनमानस को यह संदेश देना चाहती हूं की कांग्रेस इस बार बहुत ही मजबूती से चुनाव लड़ेगी और आने वाले 2024 के चुनाव में केंद्र पर कांग्रेस की सरकार होगी, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी श्री मती कश्यप ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि बीजेपी में महंगाई, भ्रष्टाचार ओर महिला उत्पीड़न के साथ साथ बेरोजगारी चरम पर है, युवा बेरोजगार सड़क पर घूमते नजर आ रहे हैं, उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को पूरी तरह से निष्क्रिय बताया, महिला अध्यक्ष रमा कश्यप ने यह भी बताया कि भारतीय जनता पार्टी के सरकार में लोग सुरक्षित नहीं हैं और महंगाई भी चरम पर है साथ ही महिलाओं का शोषण किया जा रहा है, उन्होंने दावे से यह कहा की गरीबों का झोपड़ी बुलडोजर लगवा कर तुड़वाया जा रहा है, और अपनों को बचाया जा रहा है, भारतीय जनता पार्टी की सरकार को आने वाले चुनाव में जनता मुंहतोड़ जवाब देगी और यह जनता है सब जानती है, आने वाले 2024 के चुनाव में केंद्र पर कांग्रेस की सरकार होगी, साथ ही यह भी बताया कि लोक सभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने अगर मुझे मौका दिया तो चुनाव में अपनी व पार्टी के जीत के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

गृह मंत्री अमित शाह से यूपी के मंत्री नंदी ने की मुलाकात

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चल रही चुनावी सरगर्मी के बीच उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शनिवार को नई दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान मंत्री नन्दी ने गृह मंत्री से मुलाकात कर विभिन्न सांगठनिक व राजनैतिक विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए मार्गदर्शन प्राप्त किया।मंत्री नन्दी ने लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत क्लस्टर प्रभारी जैसा महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान करने के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ ही गृह मंत्री के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संगठन की मजबूती एवं इस भूमिका के सम्यक निर्वहन के लिए संगठन कार्य के दीर्घ अनुभव से युक्त अनेक बहुमूल्य सुझाव प्रदान किए।मंत्री नन्दी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रचण्ड बहुमत के साथ लगातार तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए संकल्पित हैं।

एसीपी व प्रभारी निरीक्षक ने थाना समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की शिकायतें

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कोतवाली में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में एसीपी राधा रमण सिंह ने प्रभारी निरीक्षक आलोक राव व नायाब तहसीलदार प्रियवंदा मिश्रा समेत राजस्वकर्मियों की मौजूदगी में फरियादियों की शिकायतें सुनकर निस्तारण के निर्देश दिये।निगोहां? थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने राजस्वकर्मियो की मौजूदगी में फरियादियों की शिकायतें सु?नी।मोहनलालगंज कोतवाली में आयोजित था?ना समाधान दिवस में एसीपी राधा रमण सिंह को शिकायती पत्र देते हुये राजकुमार निवासी राजाखेड़ा ने बताया उसने आवासीय प्लाट क्रय किया था चौहद्दी में आठ फिट का रास्ता दिया गया था लेकिन पड़ोसी प्लाट मालिक दिनेश कुमार ने बिना रास्ता दिये अपने प्लाट का निर्माण कर रास्त बंद कर दिया।?से में उसके प्लाट पर जाने का रास्ता बंद हो गया है।दूसरी शिकायत रामकिशोर निवासी हुलासखेड़ा ने करते हुये बताया अपर सिविल जज के न्यायालय से जमीन के मामले में उसके पक्ष में आदेश निर्णीत हो चुका है जिसके बाद भी विपक्षी गुलाब चन्द्र,सतगुरू,गंगादेई जबरन उसके भी न्यायालय द्वारा उसके पक्ष में निर्णीत भूमि व रास्ते में कब्जा कर रहे है ओर मना करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देते हैं।

रोमांचक मुकाबले में करीम चिस्ती क्लब विजयी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। लॉर्ड्स क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित प्रथम इशरत महमूद खान जनपदीय क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का आज दूसरा मुकाबला लॉर्ड्स क्रिकेट क्लब व करीम चिस्ती क्लब के मध्य खेला गया । जिसमे अतिथि के रूप में दीपक सत्या जिला उपाध्यक्ष बीजेपी व विशिष्ट अतिथि के रूप में राघवेंद्र प्रताप सिंह टिंकू रहे। टॉस जीतकर लॉर्ड्स क्लब के कप्तान अंशुमान पांडे ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया । निर्धारित 30 ओवरों में पूरी टीम 115 रनो पर आलआउट हो गई ।जिसमे दिव्यांश ने 30 रनो का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए करीम चिस्ती क्लब ने रोमांचक मुकाबले में 2 विकेट से यह मुकाबला जीत लिया ।

जिसमे गौरव ने नाबाद 42 रन किये । शानदार प्रदर्शन करने पर साहिल मौर्य को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया ।मैच में अंपायर की भूमिका अकील व संजय ने निभाई । आंखों देखा हाल गोविंद और मनीष सिंह व स्कोरर की भूमिका वैभव ने निभाई । मैच के दौरान कुसमेन्द्र सिंह राणा ,गोविंद सिंह ,भूपेंद्र पांडेय, दिव्यांश सिंह ,शादाब टीटी ,राहुल ,सत्यम ,वैभव सिंह, आशु तिवारी, कुलदीप ,तुषार, राजकुमार सहित सैकड़ों मौजूद रहे। कल का मुकाबला नानपारा क्लब व अजन्ता क्लब के मध्य खेला जाएगा ।

आज सुबह 8 बजे से 22 जनवरी रात दस बजे तक दर्जी कुआं से अयोध्या के तरफ भारी वाहन नहीं जाएंगे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। अयोध्या धाम में मकर संक्रान्ति स्नान पर्व व प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के को लेकर जिला प्रशासन सतर्क हो गया है।सुरक्षा के दृष्टिगत अयोध्या की तरफ आने जाने वाले वाहनों के लिए रूट डायवर्जन प्लान लागू कर दिया गया है।

प्लान के अनुसार आज सुबह 8 से 22 जनवरी रात 10 बजे तक सरयू पुल से अयोध्या जाने वाला मार्ग पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।गोंडा से अयोध्या बस्ती, गोरखपुर, अंबेडकर नगर जाने वाले वाहनों को दर्जीकुंआ से मनकापुर के रास्ते जाना होगा।यह डायवर्जन आज सुबह 8 बजे से लागू होगा और 22 जनवरी रात 10 बजे तक लागू रहेगा।जाने हेतु निम्न तीन मार्ग निर्धारित किये गये है।

अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पुलिस ने सुरक्षा के दृष्टिगत रूट डायवर्जन प्लान लागू किया है।इस प्लान के तहत रविवार सुबह 8 बजे से 22 जनवरी रात 10 बजे तक अयोध्या जाने वाले रास्ते पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है।

ऐसे वाहन जिन्हें गोण्डा से नवाबगंज होकर जनपद अयोध्या, बस्ती, सन्तकबीर नगर, गोरखपुर, अम्बेडकर नगर जाना है उन्हें पुलिस चौकी दर्जीकुंआ से ही मोतीगंज मनकापुर मार्ग होते हुए गन्तव्य तक भेजा जायेगा।

यदि कदाचित वाहन दर्जीकुआं पुलिस चौकी व वजीरगंज होकर नवाबगंज पहुंच जाते हैं तो उन्हें कोल्ड स्टोरेज तिराहा नवाबगंज से ही तरबगंज-परसपुर-कर्नलगंज होकर बाराबंकी के रास्ते गंतव्य तक भेजा जायेगा।जो वाहन थाना वजीरगंज क्षेत्र के है और उन्हें अयोध्या, बस्ती व अम्बेडकरनगर जाना है, ऐसे सभी वाहनों को टिकरी मोड़ वजीरगंज से ही मनकापुर रोड की तरफ डायवर्ट कर दिया जायेगा।

इसी प्रकार जो वाहन जनपद बलरामपुर व श्रावस्ती से चलकर गोण्डा के रास्ते जनपद अयोध्या को जायेगें ऐसे सभी वाहनों को उतरौला-मनकापुर के रास्ते कोल्हमपुर होते हुए लोलपुर की तरफ डायवर्ट किया जायेगा।वही ऐसे भारी वाहन जो उतरौला-बलरामपुर से लखनऊ जाना चाहते है, उन्हें जानकीनगर पुलिस चौकी (थाना इटियाथोक) से ही डायवर्ट कर आर्यनगर, कटरा बाजार व कर्नलगंज होते हुए अपने गन्तव्य को प्रस्थान करेंगे ।यह डायवर्जन गोण्डा शहर क्षेत्र में वाहनों के दबाव बढ़ने पर प्रभावी रहेगा ।

गोण्डा पुलिस का ट्रिपल डायवर्जन प्लान

रुट एः जो वाहन दर्जीकुआँ से डायवर्ट किये जायेंगे उन्हें झिलाही रेलवे क्रासिंग होते हुए मनकापुर उतरौला रोड से डुमरियागंज होकर गन्तव्य तक भेजा जायेगा।

रुट-बीः जो वाहन दर्जीकुआँ से मोतीगंज-मनकापुर मार्ग से डायवर्ट किये जायेंगे वह मोतीगंज, मनकापुर- मसकनवाँ बाजार, बभनान होकर अपने गन्तव्य को प्रस्थान करेंगे।

रुट-सीः जो वाहन दर्जीकुआ से मोतीगंज-मनकापुर मार्ग से डायवर्ट किये जायेंगे उन्हें आवश्यकता प्रतीत होने पर मनकापुर- कोल्हमपुर मार्ग होते हुए लोलपुर पुल की तरफ डायवर्ट कर जनपद बस्ती को भेजा जायेगा।

महादेव और महुआ गुन्दे में पहुँचा विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन का क्रम निरंतर जारी है।शनिवार को भी कई ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से मिलने वाले लाभ से अवगत कराया गया।कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतो में इन दिनों लगातार विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। केंद्र की विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी जानकारियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जारी विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ शनिवार को ग्राम पंचायत महादेव और महुआ गुन्दे गांव पहुँचा।स्वयं सहायता समूह और ग्राम पंचायत की महिलाओं ने विकास रथ का स्वागत किया। इस मौके पर कृषि, समाज कल्याण,स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति,आयुष्मान भारत,बाल विकास विभाग,पशुपालन विभाग,स्वास्थ्य विभाग सहित कई विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी विभागों द्वारा अपने अपने विभाग के बारे में लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। महादेव में

मोदी योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं हर वर्ग तक पहुंच रही डॉक्टर विनोद तिवारी ने ग्रामीणों को बताई सरकारी योजनाएं,लाभार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र

आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डॉक्टर विनोद तिवारी ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से अवगत कराया।

साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम कल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। साथ ही भाजपा द्वारा संचालित प्रधानमंत्री उज्जवला योजना,प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना,आयुष्मान कार्ड,प्रधानमंत्री आवास योजना,समस्त पेंशन योजना सहित अन्य योजनाओं से अवगत कराया। लाभार्थियों से रूबरू होकर उन्हें प्रमाण पत्र वितरित किए गए।उसके बाद यात्रा महुआ गुन्दे में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में मुख्य अतिथि के पूर्व राज्य मंत्री डॉ विनोद तिवारी व जिला कार्यसमिति सदस्य भाजपा आशुतोष दीक्षित राजू ग्रामीण व महिलाओं को भाजपा सरकार की उपलब्धियां के बारे में बताया।और सरकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी। साथ ही कहा कि भाजपा सरकार में बिना भेदभाव के सभी वर्ग के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की आयुष्मान योजना ,आवास योजना सहित कई योजनाएं हैं। जिसका गरीबों को सीधे लाभ पहुंच रहा हैं।इसी के साथ ही पूर्व राज्यमंत्री ने सरकारी योजनाओं से लाभान्वित ग्रामीणों को प्रमाण पत्र वितरित किए। शिशुओं को अन्नप्रासन और गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराई गई।इसके अलावा पंच प्रण की शपथ दिलाई गई।इस दौरान सभी विभागों के स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई इस दौरान भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। साथ ही पूर्व राज्यमंत्री ने ग्रामीणों को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलाई। आयोजित कार्यक्रम में मंडल महामंत्री अचलेन्द्र मिश्रा,मंडल उपाध्यक्ष प्रमोद शुक्ला,अचलमोहन पान्डेय, अनुज मिश्रा,सौमित्र शुक्ला,चन्द्रमोहन मिश्रा,रामदेव सक्सेना,हेतराम,कमलेश मिश्रा,ग्राम प्रधान रामपाल,प्रधान कुरैया अरविन्द वर्मा साधू,अतुल शुक्ला,संतोष सिंह,महेश कुमार सहित कार्यकर्तागण ग्रामवासी व सम्मानित व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

किसान अपना मोबाइल ऑन रखें मोबाइल इनबॉक्स को रखें खाली: डीसीओ

नेटवर्क क्षेत्र में रहें डीएनडी सुविधा को करें डिएक्टिवेट जिला गन्ना अधिकारी ने गन्ना केंद्र का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।वर्तमान मे जनपद की चीनी मिलों में पेराई कार्य सुचारू रूप से चल रहा है।किसानों को उनके मोबाइल नंबरों पर डिजिटल गन्ना पर्चियां जारी की जा रही हैं।जिले में कई किसान ऐसे भी हैं। जिनके मोबाइल बंद होने के कारण उन्हें सप्लाई पर्चियां भेजना कठिन हो रहा है।

गन्ना सर्वे के दौरान विभागीय टीमों ने अभिलेखों में उनके मोबाइल नंबर भी दर्ज किये।हालांकि बाद में तमाम ऐसे किसानों ने मोबाइल नंबर संशोधित कराए,जिन्होंने जल्दबाजी में अपना अथवा परिवार के किसी अन्य सदस्य का मोबाइल नंबर के बजाय अन्य लोगों के मोबाइल नंबर सर्वे अभिलेखों में नोट करा दिए थे।खुशीराम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत ने बताया कि जिले में 425 एसएमएस पर्ची के संदेश फ़ेल हुये हैं।

जांच से पता चला कि इन 425 में से 31 के मोबाइल इनबॉक्स फूल थे।14 के किसानो के मोबाइल पर मैसेज सुविधा बंद है। 100 मोबाइल नेटवर्क क्षेत्र से बाहर थे।145 किसानों के मोबाइल बंद हैं।116 का मोबाइल नम्बर प्रयोग में नहीं था व 19

कृषकों के मोबाइल रिचार्ज न होने के कारण संदेश फ़ेल हुये।

इन सभी तकनीकी समस्यायों के निवारण के लिये अनिवार्य है कि सभी किसान भाई एसएमएस पर्ची प्राप्त करने के लिये अपने मोबाइल को नेटवर्क क्षेत्र में रखें।अपने मोबाइल का एसएमएस इनबॉक्स खाली रखें तथा मोबाइल को चार्ज करके सदैव चालू दशा में रखें तथा डी.एन.डी. सर्विस को एक्टिवेट न करें ताकि सर्वर द्वारा प्रेषित एस.एम.एस. गन्ना पर्ची उनके मोबाइल पर उन्हें रियल टाइम में प्राप्त हो जाए। पर्ची निर्गमन की यह व्यवस्था पूर्णतयाः पारदर्शी है। इससे किसान को तत्काल पर्ची प्राप्त होगी और समय से पर्ची मिल जाने के कारण ताजा गन्ना मिल को आपूर्ति होगा जिससे किसान गन्ने की सूख से होने वाली हानि से भी बच पाएंगे।

जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत ने जिले के दूरस्थ क्षेत्र मे स्थिति गन्ना क्रय केंद्र नौगमिया का निरिक्षण किया।यह क्रय केंद्र जनपद शाहजहांपुर की निगोही चीनी मिल द्वारा संचालित किया जा रहा है।क्रय केंद्र पर उपस्थित किसानो द्वारा बताया गया कि गन्ना उठान की व्यवस्था ठीक है। निरिक्षण के दौरान क्रय केंद्र पर उपस्थित किसानों से अपील की है।

कि समय से डिजिटल गन्ना पर्ची प्राप्त करने के लिए अपने मोबाइल का इनबॉक्स खाली रखें और यदि उनके मोबाइल में डी.एन.डी. सेवा एक्टिव है तो उसे बंद कर दें। उन्होंने बताया कि किसान मोबाइल नंबर की जांच स्मार्ट गन्ना किसान से स्वयं कर सकते हैं। जिनके मोबाइल नंबर पर इनकमिंग की सुविधा समाप्त हो गई है वह अपने नम्बर पुनः संचालित करवायें। निरिक्षण के दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पीलीभीत,ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बरखेड़ा,सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति बीसलपुर व अन्य लोग उपस्थित रहे।

पीलीभीत को अयोध्या नगरी बनाने का चेयरमैन ने लिया संकल्प

पीलीभीत।आने वाली 22 जनवरी को रामलला अयोध्या मंदिर में विराजमान हो रहे हैं। इसलिए पीलीभीत को अयोध्या नगरी में तब्दील करने की नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉक्टर आस्था अग्रवाल ने का संकल्प लेते हुए सभी नगरवासियों से अपील की है। साथी ही उन्होंने कहा कि जिस तरह हम दिपावली मनाते हैं। वैसे ही 22 जनवरी को भी दीपावली मनाएं अपने घर में पूजन करें घर और आंगन को सजाए आंगन में दिये जरूर जलाएं हम सब की जिम्मेदारी बनती है।कि हमारे पड़ोसी हमारे मिलने वाले हमारे जान पहचान के हमारे घरों में कार्य करने वाले हमारे प्रतिष्ठानों में काम करने वाले कर्मचारी सबके पास दिए हो और उस दिन दिए आवश्य जलाएं।उस दिन पीलीभीत में ऐसा माहौल बनाया जाए जिससे पीलीभीत ही अयोध्या नगरी लगे इस संकल्प के साथ मेरा पीलीभीत मेरी अयोध्या पीलीभीत नगरी को दीपों से सजाए यह हम सब की जिम्मेदारी बनती हैं।

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा की आज होगी बैठक

कलीनगर। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा की एक आवश्यक बैठक नगर अध्यक्ष कलीनगर आफाक खा के आवास वार्ड नंबर 9 में 11 बजे संपन्न होगी। बैठक में जन जागरूकता व सम्मेलन सहित सदस्यता अभियान चलाया जाएगा।जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे अखलाक हसन खान जिला सलाहकार पीलीभीत व पीलीभीत जिला अध्यक्ष कैफ रजा एव अध्यक्षता नासिर शाह खान अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष सहित दर्जनों कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

वन्यजीव, पेड़-पौधे के बिना मनुष्य का अस्तित्व संभव नहीं : डॉ. मनोज शुक्ल

गोरखपुर। गोरखपुर प्राणी उद्यान के निदेशक डॉ मनोज कुमार शुक्ला कहा कि यह फिल्मोत्सव धरती के संरक्षण के उत्कृष्टता के उपयुक्त मंच के रूप में उभरा है। यह सुनिश्चत करता है कि वन्यजीव, पेड़ पौधे,जल,वायु एवं पृथ्वी के बगैर हम मनुष्य का अस्तित्व संभव नहीं है। महान निर्देशक हमारे मनोरंजन के साथ प्रबुद्ध करने के लिए फिल्में बनाते हैं, और 'फिल्म फार ह्युमैनिटी' का यह मंच उन्हें जन के साथ सफलता के साथ जोड़ता है। आश्वस्त किया कि ऐसे आयोजनों को और भव्य बनाया जाएगा।यह उक्त बातें शनिवार को 'वाइल्ड लाइफ, इको टूरिज्म,पर्यायरण एवं जलवायु परिवर्तन' फिल्मोत्सव के समापन समारोह में कही।

योगीराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह एवं संस्कृति केंद्र में वन विभाग, शहीद अशफाक उल्ला खा प्राणी उद्यान एवं हेरिटेज फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित फिल्मोत्सव के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। अंतिम दिन वाइल्डलाइफ विशेषज्ञ संरक्षणकर्ता माइक हरिगोविंद पाण्डेय की स्नो लैपर्ड पर बनी फिल्म 'ग्यामो' एवं जलवायु परिवर्तन पर आधारित फिल्म 'क्लाईमेट एग्रीकल्चर' का प्रदर्शित हुई।

विशिष्ठ अतिथि डीएफओ विकास यादव ने कहा कि तीन दिवसीय महोत्सव में 16 फिल्मों का सुबह 12.30 से 2.30 बजे तक प्रदर्शित हुई। 800 छात्रों समेत 1200 के करीब दर्शक फिल्मोत्सव का मिले। ऑनलाइन क्विज के जरिए हम 850 छात्रों तक पहुंचे। विश्वास दिलाया कि श्रृंखला जारी रहेगी।उन्होंने बताया कि रेड हेडेड वल्चर का देश का पहला संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र भी गोरखपुर में जल्द ही शुरू होगा। फिल्म प्रदर्शन के दौरान हेरिटेज फाउंडेशन की संरक्षिका डॉ अनिता अग्रवाल ने सभी को धरती के संरक्षण की शपथ दिलाई।मुख्य अतिथि डॉ मनोज कुमार शुक्ला, डीएफओ विकास यादव, उप प्रभागीय वन अधिकारी डॉ हरेंद्र सिंह, वन्यजीव विशेषज्ञ पशुपालन विभाग डॉ आरके सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ योगेश प्रताप सिंह, गोरखपुर रत्न से सम्मानित डॉ अनिता अग्रवाल, राजकीय इंटर कालेज चरगावा के प्रधानाचार्य दीनदयाल, ट्रस्टी वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर अनिल तिवारी ने क्विज के प्रतिभागी छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किया।

विभिन्न मांगों को लेकर रेलवे स्टेशन पर दिया धरना

डीआरएम को संबंधित एक ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक को सौंपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। भारतीय किसान यूनियन अराजनेतिक के जिला अध्यक्ष मनजीत सिंह के नेतृत्व में विभिन्न मांगों को लेकर रेलवे स्टेशन पूरनपुर में धरना आयोजित किया गया। धरने को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि जनपद पीलीभीत में रेलखंड पूरनपुर सहित जिले में रेलवे द्वारा निर्मित अंडरपासो में जल भराव की बड़ी समस्या हो रही है।जिसके कारण स्थानीय किसानों में भारी रोष दिखाई दे रहा है।जल भराव से किसाने का कृषि कार्य बड़े पैमाने पर प्रभावित हो रहा है।किसानों के बच्चों की शिक्षा भी प्रभावित हो रही है। जल भराव से किसानों की कृषि यंत्रों को भी भारी पैमाने पर क्षति हो रही है।किसानों को रेलवे विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त कृषि यंत्रों को

मुआवजा अति शीघ्र दिया जाए। पीलीभीत जंक्शन से लखनऊ जंक्शन तक अति शीघ्र ट्रेनों को जोड़ा जाए। किसानों पर दर्ज फर्जी मुकदमे समाप्त किए जाएं। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिला प्रभारी दिनेश कुमार, बलवीर सिंह, पाल सिंह यादव,अरविंद यादव, ब्लॉक अध्यक्ष बबली देवी, विक्रमजीत सिंह खैरा, कन्हैया लाल, रामकली देवी, ओमप्रकाश, चंद्रकला, सुनीता देवी,राजेंद्र कुमार, जागन लाल, संगीता देवी, कौशल्या देवी, रेहाना बेगम, हसीना बेगम, रामसेवक, धर्मेंद्र यादव,अजय कुमार सहित कई दर्जन कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

भारत विकसित संकल्प यात्रा का रथ पहुंच लोहरपुरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।भारत विकसित संकल्प यात्रा का रथ शनिवार को ग्राम पंचायत लोहरपुरा में पहुंचा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरुभाग सिंह,कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव रत्नेश सोनकर ने की लाइव प्रसारण के उपरांत विकसित भारत संकल्प यात्रा में कृषि विभाग स्वास्थ्य विभाग राजस्व विभाग शिक्षा विभाग खाद एवं रसद विभाग द्वारा संचालित जनकल्याण कारी योजनाओं के बारे में कार्यक्रम में मौजूद पंचायत वासियों को जानकारी उपलब्ध कराई।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान खान सिंह,पूर्व प्रधान स्वदेशी यादव, पंचायत सचिव रत्नेश सोनकर,क्षेत्र पंचायत सदस्य राजीव कुमार, ग्राम पंचायत सदस्य संजीव कुमार, पंचायत सहायक अजय सिंह,कोटेदार रामरति के साथ साथ बड़ी संख्या में क्षेत्र वासियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।

गौतस्करी करते पकड़े भी गए तो मैं संभाल लूंगा: राहुल ठाकुर

बरेली । समाजसेवा का चोला ओढ़कर निकले करणी सेना के जिला अध्यक्ष रात के अंधेरे में गौ तस्करों सें कह रहे थे कि तुम गौकशी करते पकड़े भी गए तो मैं संभाल लूंगा। पुलिस ने मुठभेड़ में तीन गौ तस्करों को गिरफ्तार किया है। जबकि तस्करों को बढ़ावा देने वाला करणी सेना का जिला अध्यक्ष राहुल ठाकुर व एक अन्य सदस्य फरार है। पुलिस ने आरोपियों के पास से प्रतिबंधित मांस के अवशेष व कटान करने के औजार भी बरामद कर लिये हैं।थाना भोजीपुरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि देवरनिया नदी के पास प्रतिबंधित पशु का कटान हो रहा है। पुलिस अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंची, मोबाइल की रोशनी में अवैध गोवंश की कटान चल रही थी। पुलिस टीम आरोपियों को दबोचने के लिए जैसे ही करीब पहुंची तभी एक शख्स ने जोर से चिल्ला कर कहा कि पुलिस आ गई, सईद खां मार गोली।

नगर निगम के सफाई कर्मियों में पूर्व मंत्री नीलकंठ तिवारी ने बांटे कंबल

वाराणसी। जिले में कड़कड़ाती ठंड और सर्द हवाओं के कहर को देखते हुए शनिवार को बेनियाबाग स्थित बाल उद्यान में नगर निगम के सफाई कर्मियों और जरूरतमंदों में कम्बल वितरित किया गया। भाजपा पार्षदों की ओर से आयोजित कार्यक्रम में वार्ड नम्बर 69 आदिविशेश्वर के सफाई कर्मियों को प्रदेश के पूर्व मंत्री व शहर दक्षिणी के विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी ने पार्षद इन्द्रेश सिंह के सहयोग से कंबल प्रदान किया।

कंबल वितरण के बाद विधायक डॉ. तिवारी ने हाड़कपाउ ठंड को देखते हुए जगह-जगह अलाव जलवाने का आदेश नगर निगम के अफसरों को दिया। कंबल वितरण में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मण्डल के अध्यक्ष गोपाल जी गुप्ता, मध्यमेश्वर मण्डल के अध्यक्ष संदीप चौरसिया, महामंत्री राजीव सिंह गोला पार्षद, संजय केशरी, पितरकुण्डा पार्षद अमरेश गुप्ता, सूरज कुंड पार्षद अनन्त राज गुप्ता, चेतगंज पार्षद श्रवण गुप्ता, गौरव बरनवाल, विवेक गुप्ता, अखिलेश गुप्ता आदि भी मौजूद रहे।

इसी क्रम में विधान परिषद सदस्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने रानीबाजार राजातालाब में गरीब महिलाओं एवं बुजुर्गों को ठंड से राहत दिलाने के लिए कंबल वितरित किया। खुशीपुर स्थित अमरावती पुरुषोत्तम राजकीय विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्य रमेश सिंह की देखरेख में दिव्यांग बच्चों में रोहनिया विधायक डॉ. सुनील पटेल ने कंबल वितरण किया।

महिला को अगवाकर मौलाना ने करवाया धर्म परिवर्तन, वीडियो वायरल

हमीरपुर। शादीशुदा हिंदू महिला का धर्म परिवर्तन कराकर एक मुस्लिम युवक ने निकाह करा लिया,जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने शनिवार को जांच शुरू कर दी है।उल्लेखनीय है कि महिला के अपहरण की रिपोर्ट छह दिसम्बर 2023 को पति ने थाना बिवार में दर्ज कराई थी। तब से पुलिस इसे बरामद नहीं कर सकी थी। अब महिला के धर्म परिवर्तन कर निकाह के वायरल वीडियो के बाद पति ने पुलिस के उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। थाना मुस्करा के मसगांव गांव निवासी मनीष गुप्ता की राठ निवासी आकांक्षा से शादी हुई थी। मनीष ने थाना बिवार के छानी गांव में दुकान खोल रखी थी और वही किराए का मकान लेकर रहता था।

इसी बीच आकांक्षा की थाना ललपुर के भुजपुर गांव निवासी अनीस खां से मित्रता हो गई। अनीस एक कॉलेज में बीएससी का छात्र है। मनीष का कहना है कि दिसम्बर माह में आकांक्षा अनीस के साथ घर से चली गई। इस मामले की रिपोर्ट छह दिसम्बर को थाना बिवार में मनीष की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।इधर मनीष ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने उसकी पत्नी की खोजबीन में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रही है। उसकी पत्नी और अनीष का मोबाइल लगातार ऑन है। उसकी पत्नी का एक वीडियो वायरल हो रहा है,जिसमें वह मुस्लिम रीति रिवाज से निकाह कर रही है। इस वीडियो में अनीस भी दिख रहा है। धर्म परिवर्तन का वीडियो वायरल होने पर पीड़ित ने पुलिस से गुहार लगाई है। आरोप है कि शादीशुदा महिला का धर्म परिवर्तन कर निकाह कराया गया है जो कि कानूनन अपराध है।

थाना प्रभारी राकेश सरोज ने शनिवार को बताया कि महिला के पति की तहरीर पर पूर्व में ही अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जांच में जानकारी मिली थी कि महिला का प्रेम प्रसंग चल रहा है। महिला को बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। महिला के मिलने के बाद कोर्ट में 164 के बयान होंगे तभी सारी स्थिति साफ होगी।

खतौनी में नाम दर्ज करने के लिए घूस लेने वाला लेखपाल निलम्बित

जौनपुर। बदलापुर तहसील अंतर्गत खतौनी में नाम दर्ज करने के लिए घूस लेने वाले लेखपाल यशपाल को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है। निलंबन की यह कार्यवाही तहसीलदार राकेश कुमार की जांच रिपोर्ट पर हुई है।यह जानकारी एसडीएम अर्चना ओझा ने शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि कुशहा ग्राम निवासी चन्द्र प्रकाश मिश्र ने आईजीआरएस में शिकायती पत्र दिया है। आरोप लगाया कि हल्का लेखपाल यशपाल खतौनी दर्ज करने के नाम पर किसानों का भारी पैमाने पर शोषण कर रहे हैं।शिकायतकर्ता ने स्वयं घूस देने की बात शिकायती पत्र में बतायी। एसडीएम अर्चना ओझा ने शिकायती पत्र की जांच तहसीलदार राकेश कुमार को सौंपी थी। जांच में मामला सही पाए जाने पर लेखपाल यशपाल को निलम्बित कर दिया गया है। इस मामले की जांच नायब तहसीलदार ब्रजेन्द्र सिंह कर रहे हैं।

मुरादाबाद मंडल से अयोध्या के लिए 15 जनवरी से शुरू होगी सीधी बस सेवा

मुरादाबाद। उप्र राज्य पथ परिवहन निगम रोडवेज की ओर से मुरादाबाद मंडल से अयोध्या के लिए 15 जनवरी से सीधी बस सेवा शुरू हो जाएगी। रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेंद्र कुमार ने शनिवार को बसों का निरीक्षण किया।मुरादाबाद डिपो के प्रभारी सत्यवीर सिंह का कहना है कि अयोध्या के लिए सीधी सेवा के यात्री पूरे नहीं मिले हैं। जबकि लखनऊ के अधिक यात्री आ रहे हैं। सोमवार से सीधी सेवा शुरू होगी। स्पेशल बसों को पूरी तरह व्यवस्थित कर दिया गया है। नई बसों को इस सेवा के लिए नामित किया गया है। कुल 22 बसें मंडल भर से चलेंगी। मांग के अनुसार यह संख्या बढ़ भी सकती है।

श्रद्धालुओं ने निकाली प्रभु राम की शोभायात्रा

गाजियाबाद। संजय नगर में रामभक्तों ने शनिवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के तत्वाधान में प्रभु श्री राम की भव्य शोभा यात्रा निकाली।शोभा यात्रा का शुभारम्भ संजय नगर सेक्टर 23 में के ब्लॉक स्थित राम जानकी मंदिर से पूर्ण पूजा विधि विधान के हुआ। यहां से आरंभ होकर यात्रा का विशेष आकर्षण रहने वाले सजीव स्वरुप श्री राम जी की बग्गी सैकड़ों भक्तों के जयघोष के साथ पी ब्लॉक चौराहा,एचजी ब्लॉक चौराहा,अयप्पा मंदिर,एल ब्लॉक मुख्य मार्ग,परमहंस स्कूल,मानसी विहार,जागृति विहार होते हुए एफ ब्लॉक स्थित हनुमान मंदिर (निकट रामलीला ग्राउंड सेक्टर 23) पर सम्पन्न हुईं। विभिन मार्गों पर यात्रा का स्थानीय व्यापारी बंधु व नगर वासियों ने पुष्प वर्षा,प्रसाद वितरण आदि के माध्यम से बड़े ही आदर व गर्मजोशी के साथ स्वागत अभिन्नदन किया।

मैने हमेशा गरीबों,किसानों,मजदूरों के लिए आवाज उठाई: सांसद

जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान बोले सांसद वरुण गांधी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।सांसद वरुण गांधी ने कहा कि मैं बहुत आभारी हूं कि इतनी कड़ी ठंड में भी आप लोग मुझे सुनाने आए हैं। मेरा हौसला बढ़ाया है मेरा सम्मान रखा इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। सांसद ने कहा कि टेढ़ा श्रीराम पवित्र गांव है। यहां के लोगों ने हिम्मत से मेहनत से काम किया है। मैं इस गांव के लोगों का बहुत ही सम्मान करता हूं।

सांसद वरुण गांधी अपने जनपद दौरे के दूसरे दिन शनिवार को बिलसंडा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम भैनपुरा, टेडा श्रीराम, धंगवा, घुंघोरा, हरैया, मीरपुर, नवदिया, वकैनिया, बैहटी, कल्याणपुर, खजुरिया, भिटेरा आदि में जनसंवाद कार्यक्रमों की संबोधित किया।

सांसद ने कहा मै अपनी राजनीती में गरीबों, किसानों, मजदूरों व सभी के लिए आवाज उठाई है। आजादी के इतने साल बाद जब एक आम इंसान किसी अधिकारी, कर्मचारी, पुलिस अधिकारी के पास जाता है तो उसे अपनी बात रखने के लिए झुकता पड़ता है। हमारे पूर्वजों ने आजादी की लड़ाई इसीलिए नहीं लड़ी थी किसी को झुककर बात करनी पड़े, लेकिन आज हिंदुस्तान का सपना पूरा नहीं होता दिख रहा है। सांसद ने कहा दिशा कि बैठक में मैंने अधिकारियों से बोला कि व्यक्ति लोन लेने जाता है तो उसको काफी चक्कर लगाने पड़ते हैं। उसको सुविधा देना पड़ता है। व्यक्ति को थाने, कचहरी, अधिकारियों के पास न्याय के लिए जाता है तो चककर लगाना पड़ता है।आखिर ऐसा किस लिए किया जाता हैं। सांसद ने कहा पीलीभीत हमारा है पीलीभीत के लोग हमारे हैं। ऐसे हम अपनों से अपील की कि आप लोग मेरा मोबाइल नंबर रख ले, कभी कहीं किसी प्रकार की कोई भी समस्या हो तत्काल फोन करें, जिनके पास नंबर है वह अच्छी बात, जिनके पास नहीं है वह नोट कर ले। सांसद ने कहा अब आपको किसी के भी सामने झुकने की जरूरत नहीं है। अगर कहीं कुछ ऐसा हो रहा है तो सीधे उन्हें फोन करें। अगर किसी अफसर ने किसी को परेशान किया तो उसकी खैर नहीं। पीलीभीत का कोई व्यक्ति कहीं भी पूरे देश में जाता है तो लोग पूछते हैं क्या वही पीलीभीत जहां की मेनका गांधी हैं। सुबह में सांसद ने शंकर सॉल्वेंट पर जनसमस्याएं सुनी।

शुक्रवार-शनिवार की रात्रि नगर में अटल वाल्मीकि द्वारा आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में भी वह शरीक हुए।कार्यक्रमों के दौरान सांसद के निजी सचिव कमलकांत, प्रभारी गोपाल, तिलकराम शर्मा, प्रतिनिधि राजेश सिंह, अचल दीक्षित,बंटी गुप्ता,प्रकाश शर्मा,भरत शर्मा, नरेंद्र मोहन सक्सेना, अमित गंगवार, सूरज शुक्ला, दीपक पाण्डेय, सतीश पांडेय, अनमोल सिंह, नरेंद्र गंगवार, प्रदीप पाल, मलखान सिंह, विमल शुक्ला, शेखर शुक्ला, जसपाल सिंह, श्रवण वर्मा, सुमित मिश्रा आदि मौजूद रहे।

लेन-देन के विवाद में पार्टनर दोस्त ने मारी युवक को गोली, गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

झांसी। कोतवाली थाना क्षेत्र में शनिवार को दिनदहाड़े एक दोस्त ने रुपयों के लेन-देन में अपने दोस्त को तमंचे से गोली मार दी। घटना में युवक घायल हो गया। उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। जबकि गोली मारने के बाद आरोपित घटना स्थल से भागने में सफल रहा। एसपी सिटी ने आरोपित को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है।

नगरिया कुंआ निवासी नरेंद्र यादव(50) अपने दोस्त राघवेंद्र के साथ बड़े बाजार में फल खरीदने आया था। वहां दिनदहाड़े छोटू सोनी नामक युवक ने नरेन्द्र को गोली मार दी। नरेंद्र यादव के दोस्त राघवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि वह सुबह नरेंद्र के साथ फल खरीदने निकला था। बड़े बाजार में जैसे ही पप्पू गाड़ी से उतरा छोटू सोनी ने उसके पेट में गोली मार दी।राघवेंद्र ने बताया कि छोटू पहले पप्पू का दोस्त था,लेकिन इन दोनों के बीच कोई बात ही नहीं हुई और न ही कोई विवाद हुआ। बस पप्पू जैसे ही फल खरीदने के लिए आगे

बढ़ा छोटू ने उसे गोली मार दी। गोली चलते ही बीच बचाव करने आगे आये राघवेंद्र पर भी छोटू ने कट्टा तान दिया। राघवेंद्र ने उसके हाथ से कट्टा तो छुड़ा लिया, लेकिन छोटू मौके से भाग निकला। राघवेंद्र इस जानलेवा हमले में घायल हुए नरेंद्र को आनन-फानन में मेडिकल कॉलेज लेकर आया। वहां नरेंद्र की हालत गंभीर बनी हुई है उसका इलाज किया जा रहा है।एसपीसिटी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कोतवाली थानाक्षेत्र में नरेंद्र उर्फ पप्पू यादव को छोटू सोनी ने गोली मार दी है। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है, जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत खतरे से बाहर बतायी है। पीड़ित पक्ष से तहरीर लेकर एफआईआर पंजीकृत कर छोटू सोनू की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए टीमें लगा दी गयी हैं।

राजनीतिक अपरिपक्वता

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और अधीर रंजन चौधरी एवं इंडिया गठबंधन के अन्य दलों ने शामिल नहीं होने का निर्णय लेकर जहां अपनी राजनीतिक अपरिपक्वता का परिचय दिया है, वहीं भारत के असंख्य लोगों की आस्था एवं विश्वास को भी किनारे करते हुए आराध्य देव भगवान श्रीराम को राजनीतिक रंग देने की कुचेष्ठा की है। भले ही यह भारतीय जनता पार्टी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वर्चस्व का अनुष्ठान है, लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रतिष्ठा देते हुए कांग्रेस को ऐसे राजनीतिक निर्णय लेने से दूर रहते हुए समारोह में भाग लेना चाहिए था। राम मंदिर के निमंत्रण को ठुकराना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और आत्मघाती फैसला है। ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस ने खुद अपनी जमीन को खोखला करने की ठान रखी है। विनाशकाले विपरीत बुद्धि! निश्चित ही कांग्रेस अब भारत की बहुसंख्यक जनता की भावनाओं को नकार रही है, वह राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक वास्तविकताओं और भावनाओं से पूरी तरह से कट गई है। इन दिनों कांग्रेस की ओर से लिए जा रहे हर फैसले भारत विरोधी शक्तियों को बल देने, कुछ वामपंथी चरमपंथियों को बढ़ावा देने, जातीयता एवं साम्प्रदायिकता की राजनीति को कायम रखने और शीर्ष पर बैठे नेताओं के आसपास के कुछ कट्टरपंथी अल्पसंख्यकों को खुश करने के लिए है। कांग्रेस ने पिछले कुछ दशकों में अयोध्या में मंदिर के लिए कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया जो भगवान श्रीराम के अस्तित्व को नकार देने का ही द्योतक है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम केवल हिन्दुओं का ही नहीं बल्कि राष्ट्र का उत्सव है। साथ ही देश के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गौरव का महा-अनुष्ठान है। बाबर से लेकर औरंगजेब तक सभी मुगल आक्रांताओं ने तलवार के बल पर हिन्दुओं का धर्म परिवर्तन ही नहीं कराया बल्कि हिन्दु मन्दिरों एवं आस्था के केन्द्रों को ध्वस्त किया था। श्रीराम जन्मभूमि, श्रीकृष्ण जन्मभूमि और काशी विश्वनाथ धाम को भी नहीं छोड़ा गया और हजारों मंदिरों को?ध्वस्त कर उनके स्थान पर मस्जिदें बनवा दीं गयी। आजादी के बाद इस गौरवमय धार्मिक एवं सांस्कृतिक इतिहास को पुनर्निर्मित करने का काम होना चाहिए था लेकिन कांग्रेस शासन ने संकीर्ण एवं स्वार्थ की राजनीति के कारण ऐसा नहीं होने दिया। आज भाजपा अपनी राष्ट्रीय अस्मिता एवं ऐतिहासिक भूलों को सुधारने काम कर रही है तो उसे राजनीतिक रंग देना मानसिक दिवालियापन एवं राष्ट्र-विरोधी सोच है। श्रीराम मंदिर राजनीति का विषय नहीं है बल्कि आस्था का विषय है। आस्था हर व्यक्ति की अस्मिता से जुड़ा प्रश्न है। राम लला साढ़े पांच सौ वर्षों से इसका इंतजार कर रहे थे। अब वह समय आ गया है, भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हो चुका है और आगामी 22 जनवरी का दिन इतिहास के पन्नों में दर्ज होने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस दिन राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में उपस्थित रहेंगे। श्रीराम भारतीय समाज के आदर्श पुरुष रहे हैं, भारत की राजनीति के लिये वे प्रेरणास्रोत हैं, उन्हें केवल भाजपा या आरएसएस का बताने वाले भारत की जनआस्था से स्वयं को ही दूर कर रहे हैं, स्वयं को हिन्दू विरोधी एवं राम-विरोधी होने का आधार ही मजबूत किया है। अच्छा होता निमंत्रण ठुकराने की बजाय इस समारोह में उपस्थित होकर श्रीराम के प्रति एवं असंख्य लोगों की आस्था का सम्मान करते। इस तरह एक जीवंत परम्परा को झुठलाने एवं ठुकराने के निश्चित ही आत्मघाती दुष्परिणाम होंगे। श्रीराम राज्य तब भी और आज भी राजनीति स्वार्थ से प्रेरित ना होकर प्रजा की भलाई के लिए है। जनता की भलाई एवं आस्था को न देखकर कांग्रेस मुस्लिम एवं ईसाई वोटों को प्रभावित करने के लिये तथाकथित ऐसा निर्णय लिया है, जो उसकी हिन्दू विरोध मानसिकता का द्योतक है। कांग्रेस ने सदैव श्रीराम मंदिर आंदोलन से दूरी बनाकर रखी, मंदिर निर्माण की प्रक्रिया में रोड़े अटकाए और जिसने सर्वोच्च न्यायालय में यह हलफनामा दिया हो कि श्रीराम का कोई अस्तित्व नहीं है, श्रीराम एक काल्पनिक पात्र हैं, उस कांग्रेस के नेताओं से यह अपेक्षा ही कैसे की जा सकती है कि वे श्रीराम मंदिर निर्माण के महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक प्रसंग में उत्साह, उमंग एवं आनंद के साथ शामिल होंगे? कांग्रेस के इस निर्णय से हिन्दू मन के कांग्रेसी नेता अवश्य ही आश्चर्यचकित एवं दुःखी हैं। कांग्रेस के भीतर से ही कई नेताओं ने खुलकर यह कहने की हिम्मत दिखायी है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम हमारे आराध्य देव हैं इसलिए यह स्वाभाविक है कि भारतभर में अनगिनत लोगों की आस्था इस नवनिर्मित मंदिर से वर्षों से जुड़ी हुई है। कांग्रेस के कुछ लोगों को उस खास तरह के बयान से दूरी बनाए रखनी चाहिए और जनभावना का दिल से सम्मान करना चाहिए।

सामाजिक-पारिवारिक मूल्यों के रखवाले हैं श्रीराम

श्रीराम के चरित्र में पग-पग पर मर्यादा है, त्याग है, प्रेम है और लोक व्यवहार का साक्षात्कार है। राम मानवता में मथे महापुरुष हैं। राम लोकतंत्र के लोकपाल हैं, सबके प्रेरक हैं और समाज के सह-निर्माता हैं। राम के आदर्शों का जनमानस पर इतना गहरा प्रभाव तब ही संभव हो भी पाया। श्रीराम से भारतीय समाज सदैव सार्थकता पाता रहा है। भारत का आम जन-जीवन युगों-युगों से राम के दृष्टिकोण के साथ जीवन के संदर्भों-स्थितियों-परिस्थितियों-मनःस्थितियों-घटनाओं और प्रघटनाओं को मूल्यांकित करता रहा है। श्रीराम भारतीय समाज की वैचारिक थाती हैं। श्रीराम भारतीय संस्कृति की सतत प्रवाहमान धारा हैं। उनके उग्र स्वरूप के चित्रण में वैसा प्रभाव नहीं है जैसा उनकी सौम्यता में समाया हुआ है। राम बहुत सहज, सौम्य और सम्मोहक हैं। इसलिए वह सर्वत्र हैं। सबके हैं और सब उनके हैं। रहीम खान-ए-खाना कहते हैं कि 'रामचरित मानस हिन्दुओं के लिए ही नहीं मुस्लिमों के लिए भी आदर्श है। तभी उन्होंने लिखा- 'रामचरित मानस विमल, संतन जीवन प्रान, हिन्दुअन को वेद सम, तुरकहिं प्रगट कुरान।'

भगवान श्रीराम का अतीत इतना व्यापक और विस्तारित है कि उस पर समझ और संज्ञान की सीमाएं हैं। उन्हें चिह्नित करना बहुत दूर की कौड़ी है। भारतीय समाज में श्रीराम उस वट वृक्ष की तरह हैं जिसकी छत्रछाया में भक्त, आलोचक, आम, खास, आराधक, विरोधी, संबोधक सबके सब न जाने कितने सालों से एक साथ चले आ रहे हैं। 'श्रीराम' भारतीय चिंतन परंपरा का सबसे चहेता चेहरा हैं। उनमें निर्गुणों व सगुणों सब ही का समान हिस्सा है। ब्रह्मवादी उनमें ब्रह्मस्वरूप देखते है। निर्गुणवादियों के लिए आत्मा ही श्रीराम है। अवतारवादियों के वे अवतार हैं। वैदिक साहित्य में उनका विचित्र रूप है। बौद्ध कथाएं उनके करुणा रूप से कसी हुई हैं। वाल्मीकि के श्रीराम कितने निरपेक्ष हैं देखते ही बनता है। तुलसी के श्रीराम भारतीय जनमानस में बसे श्रीराम हैं, यहां सबके घट-घट में सजे श्रीराम हैं। श्रीराम ही हैं, जो भारत को उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक एक सूत्र में पिरोए हुए हैं। भारतीय समाज के लिए तो मान-सम्मान का सम्बोधन ही 'राम-राम' हो जाता है। यह अकारण नहीं है जो सब कुछ राममय हो गया है। यहां हर घर का बड़ा बेटा राम हो जाता है जो आज्ञाकारी है, त्यागी है, सेवाभाव वाला है। आदर्श शासक सबको राम सरीखा नजर आता है। यहां तक कि रामराज्य आदर्श व्यवस्थाओं के आग्रह का आवश्यक आधार बन जाता है।

श्रीराम भारतीय परम्परा का अभिन्न हिस्सा हैं। तुलसी के श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं और वाल्मीकि के राम मानवीय भावनाओं से ओत-प्रोत संतुलित राम हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने अपने जीवन में एक-एक मर्यादा की पालना की, समाज के सम्मुख आदर्श रखे। पुत्र, पिता, भाई, पति, राजा, मित्र तमाम स्वरूपों में मानवीय भावनाओं के संतुलक राम सिर्फ भारत के ही आदर्श नहीं है बल्कि पूरे विश्व के लिए आदर्श रूप में अनुकरणीय हैं। प्रभु श्रीराम का जीवन आम जीवन से जुड़ा जीवन है, वह सबको चमत्कृत नहीं अपितु आकर्षित करता है। पत्नी के अपहरण पर भी समाज से सहयोग मांगा और संघर्ष किया। तो उसे वापस पाने के लिए मिल-बैठकर नीति बनाई। लंका जाने के लिए एक-एक पत्थर जोड़कर पुल बनाया। एक कुशल प्रबन्धक की तरह लौटे तो पूरी सेना के साथ लौटे, एक साम्राज्य निर्माण की आकांक्षा से लबरेज रामराज की कामना के साथ। राम अगम है सगुण हैं निर्गुण है। कहत कबीर ''निर्गुण राम जपहुं रे भाई।''

श्रीराम के चरित्र में पग-पग पर मर्यादा है, त्याग है, प्रेम है और लोक व्यवहार का साक्षात्कार है। राम मानवता में मथे महापुरुष हैं। राम लोकतंत्र के लोकपाल हैं, सबके प्रेरक हैं और समाज के सह-निर्माता हैं। राम के आदर्शों का जनमानस पर इतना गहरा प्रभाव तब ही संभव हो भी पाया। श्रीराम से भारतीय समाज सदैव सार्थकता पाता रहा है। भारत का आम जन-जीवन युगों-युगों से राम के दृष्टिकोण के साथ जीवन के संदर्भों-स्थितियों-परिस्थितियों-मनःस्थितियों-घटनाओं और प्रघटनाओं को मूल्यांकित करता रहा है। श्रीराम भारतीय समाज की वैचारिक थाती हैं। श्रीराम भारतीय संस्कृति की सतत प्रवाहमान धारा हैं। उनके उग्र स्वरूप के चित्रण में वैसा प्रभाव नहीं है जैसा उनकी सौम्यता में समाया हुआ है। राम बहुत सहज, सौम्य और सम्मोहक हैं। इसलिए वह सर्वत्र हैं। सबके हैं और सब उनके हैं। रहीम खान-ए-खाना कहते हैं कि 'रामचरित मानस हिन्दुओं के लिए ही नहीं मुस्लिमों के लिए भी आदर्श है। तभी उन्होंने लिखा- 'रामचरित मानस विमल, संतन जीवन प्रान, हिन्दुअन को वेद सम, तुरकहिं प्रगट कुरान।'

श्रीराम किसी धर्म, देश, दुनिया की सीमाओं में सीमित नहीं हैं, अपितु वह एक विलक्षण विचार हैं। साहित्य में खुसरो, रसखान, आलम रसलीन, हमीदुद्दीन नागौरी, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती आदि सब ने राम की काव्य-पूजा की तो किसी ने राम की शक्ति-पूजा की है। तुलसी, कबीर, नानक और रैदास सब राम में रमे रहे। तुलसी कहत 'राम न सकहिं नाम गुन गाहीं।'अर्थात स्वयं 'राम' भी इतने समर्थ नहीं हैं कि वह अपने ही नाम के प्रभाव का गान कर सकें। कबीर कहते है-'राम गुण न्यारो न्यारो। अबुझा लोग कहांलों बूझे, बूझनहार विचारो।'

श्रीराम के गुण बेहद न्यारे हैं। नासमझ लोग उन्हें रटते रहते हैं, कोई समझने की कोशिश ही नहीं करता। गांधी के राम 'रघुपति राघव राजा राम' जब 22 जनवरी, 1921 को आज से लगभग एक सदी पूर्व 'यंग इंडिया' में उन्होंने लिखा, 'मेरे लिए राम, अल्लाह और गॉड सब एक ही हैं।' इसी चिंतनधारा में संत विनोबा भावे जी राम, कृष्ण, बुद्ध को अवतार घोषित किए जाने के प्रश्न पर कहते है 'दरअसल विचार का ही अवतार होता है। लोग समझते हैं कि राम, कृष्ण, बुद्ध, अवतार थे। हमने उन्हें अवतार बनाया है। अवतार व्यक्ति का नहीं विचार का होता है और विचार के वाहन के तौर पर मनुष्य काम करते हैं। युगानुकूल वैचारिकी खड़ी करते हैं। किसी युग में राम के रूप में सत्य की महिमा प्रकट हुई तो किसी में कृष्ण के रूप में प्रेम की, तो कभी बुद्ध के रूप में करुणा की।' भारत की हर एक भाषा में रामकथाएं कही गई हैं। भारत के बाहर फिलीपाईन्स, थाईलैंड, लाओस, मंगोलिया, साइबेरिया, मलयेशिया, म्यांमार, स्याम, इंडोनेशिया, जावा, सुमात्रा, कम्बोडिया, चीन, जापान, श्रीलंका, वियतनाम सभी में रामकथा के ढेरों स्वरूप मौजूद हैं। इससे स्पष्ट है कि यदि श्रीराम केवल राजा होते, न्यायी होते, सदाचारी होते, धर्म प्रवर्तक होते तो शायद उनकी स्मृति भी कब की क्षीण हो चुकी होती और वह इतिहास बनकर रह गए होते। श्रीराम इतिहास नहीं हैं वह तो हर पल नए निवर्तमान हैं। अपना कोई धर्म-पंथ न चलाते हुए भी धर्म का आदि और अंत हैं। स्थूल रूप में अपने समय में नर-लीला करते हुए भी अतीत नहीं हुए वर्तमान हैं।

मौजूदा दौर का सवाल थोड़ा दुरुह है। क्या राम विचार का विश्राम हैं, तब जब राजनीति के राम जय श्रीराम हैं। इक्कीसवीं सदी की वैचारिक विमाओं में श्रीराम की भूमिका राष्ट्र निर्माण के किस रुप में अवतरित हो? आज यह यक्ष प्रश्न भारतीय चित्त की बड़ी चुनौती है। मौजूदा भारतीय नेतृत्व को नए राष्ट्र संगठक श्रीराम की तलाश है। श्रीराम की प्रतिष्ठा राजनीति से ज्यादा राष्ट्र नीति में निहित है। गंभीर सवाल यही है कि नई पीढ़ी के लिए श्रीराम कैसे हों? नयी सदी के नए दिमागों में श्रीराम की नयी उपमाएं कैसे उगें? मौजूदा चुनौतियों को मानस मंथन की नयी व्याख्याएं कैसे हल करें। जब विश्व मानवता और विज्ञान के विकास का क्रम इतना सहज न रहा हो? क्या नई पीढ़ी का वाल्मीकि के 'श्रीराम' से काम चल जायेगा? या तुलसी, कबीर और रसखान के 'श्रीराम' से सब काम बन जायेगा। आजाद भारत में गांधी, निराला और रामानंद सहित भारतीय राजनीति 'श्रीराम' को कितना भारतीयता के निकट ला पाती है। युवा पीढ़ी की आधुनिकता को कितना श्रीराम समर्थित बना पाती है। आधुनिक श्रीराम और आध्यात्मिक श्रीराम में संतुलन साधने का उद्यम तो नई पीढ़ी के लिए आज नहीं तो कल करना ही होगा। जो जय श्रीराम के जयकारे से आगे बढ़कर हर दिल के हलकारे तक श्रीराम के रंग बिखेर सके। देश का हर जवान उमंगित हो उठे, झूम उठे, गा उठे कि ''होली खेले रघुबीरा, अवध में...''।

नए भारत के ग्लोबल इंडिया के ये वे द्वंद्व हैं, जो नए मुहावरों में श्रीराम को रमना चाहते है। क्या नयी सदी का भूमंडलीय भारत नयी नैतिकताओं और नयी सामूहिकताओं की नयी सामाजिक संहिता की सैद्धांतिकी के साथ नए श्रीराम की रचना करने वाले नए नरेशन को राजनीति के बाहर विस्तारित कर पायेगा। यहीं वह सबसे मौजूं सवाल है जिसके जवाब में श्रीराम युगों-युगों तक भारत के भीतर प्राण संचार करने वाले जन-नायक रहे हैं। श्रीराम का जीवन चरित्र संघर्ष में भी धीरज देता है। घोर नैराश्य में भी साहस और संयम सिखाता है। श्रीराम एक आदर्श व्यक्तित्व के पूरक हैं। श्रीराम का पूरा जीवन ही संघर्षों और आदर्शों से लबालब है। श्रीराम एक आदर्श पुत्र, पति या भाई ही नहीं हैं अपितु भारतीय समाज के लिए मर्यादा हैं। विनय और विवेक के विनायक हैं। लोकतांत्रिक मूल्यों और संयम के संवाहक श्रीराम हैं। एक मर्यादित, संयमित और संस्कारित जीवन की जीवंत झांकी हैं मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम। श्रीराम का राज्य जन सेवा के लिए नीतिकुशल न्यायप्रिय राजा का है। पारिवारिक मूल्यों के लिए निष्ठावान पीढ़ी के संस्कार वाला जीवन श्रीराम का है। वैवाहिक आदर्शता की पराकाष्ठा को परोसते श्रीराम ने पिता के तीन विवाहों के वातावरण में भी सीता सी सती के लिए वियोगी जीवन संघर्ष जारी रखा। यह श्रीराम ही कर सकते हैं। श्रीराम का यह पारिवारिक व्यवहारिक जीवन-दर्शन भारतीय समाज की रग-रग में रमता है। उनके आदर्श उत्तर से दक्षिण तक सम्पूर्ण भारतवर्ष के जनमानस में जमें हुए है। श्रीराम का तेजस्वी और पराक्रमी स्वरूप भारत राष्ट्र को रक्षित रखता है। असीम क्षमता और अपार शक्ति वाले श्रीराम संयमित और मर्यादित जीवन जीते हैं। सामाजिक, पारिवारिक, लोकतांत्रिक और आध्यात्मिक आह्वान के साथ लोक कल्याण में रत श्रीराम मानवीय करुणा वाले कर्मवीर हैं। तभी तो मानते हैं-'परहित सरिस धर्म नहीं भाई।'

राममनोहर लोहिया कहते हैं गांधी ने भारत को संबोधित करने के लिए श्रीराम का ही सहारा लिया, यह अकारण नहीं है। दरअसल श्रीराम इस राष्ट्र की एकता के प्रवर्तक हैं। गांधी ने श्रीराम को माध्यम बना हिन्दुस्तान के सामने एक मर्यादित तस्वीर रखी, क्योंकि गांधी के राम-राज्य की परिकल्पना में लोकहित सर्वोपरि हैं। भारत की हर नई पीढ़ी राम और रहीम की साझी परम्पराओं के सामाजिक, ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और वैज्ञानिक संदर्भ समझती आयी है। श्रीराम की यह थाती हमारी अमूल्य निधि है और असली ताकत भी। हमारी सामाजिक-राजनीतिक परम्पराओं के समावेशी चरित्र को बनाने में श्रीराम की अद्वितीय भूमिका है। श्रीराम भारत के जन-जीवन में समाए हुए सर्वग्राही नायक हैं। हिन्दू श्रीराम को अपनी उस आध्यात्मिक शक्ति का प्रकाश-पुंज मानते हैं, जिसके सहारे वह हर क्षेत्र में राम-राज्य की स्थापना के व्यावहारिक और अभिनव प्रयोग करते दिखते है। हर भारतवासी की श्रीराम में अगाध श्रद्धा है। श्रीराम भारतीय जीवन को शुरू से अंत तक अजस्त्र शक्ति स्रोत के रूप में ऊर्जित रखते हैं। श्रीराम उस ऊर्जा स्रोत की तरह भारतीय अस्तित्व मे समाये हुए हैं, जो इस समाज को बार-बार संभालता है और लोक-कल्याण की दिशा में प्रेरित रखता है। यहां हर घर में श्रीराम रमण करते है, घट-घट में श्रीराम बसते हैं।

डॉ. राकेश राणा

भारत के मन का मूल उत्सव सांस्कृतिक है

हृदयनारायण दीक्षित

भारत उत्सव प्रिय उल्लासधर्मा देश है। सतत कर्म यहां जीवन साधना है। पूरे वर्ष कर्म प्रधान जीवन और बीच-बीच में पर्व त्योहार और उत्सवों का आनंद। भारत के मन का मूल उत्स सांस्कृतिक है। उत्स का अर्थ है केन्द्र। उत्सव परिधि है। उत्सव उल्लासधर्मा होते हैं। वे भारत के लोक को भीतर और बाहर तक आच्छादित करते हैं। मकर संक्रान्ति का उत्सव ऐसा ही है। यह भारत के सभी हिस्सों में मनाया जा रहा है। नदियों में कड़ाके की ठंढ के बावजूद स्नान ध्यान, पूजन और आनन्द। हम भारत के लोग उत्सवों में समवेत होते हैं, आनन्दित होते हैं। संप्रति मकर संक्रान्ति के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी आनंद की लहर है।

भारतीय चिंतन में सूर्य ब्रह्माण्ड की आत्मा हैं। सूर्य सभी राशियों पर संचरण करते प्रतीत होते हैं। वस्तुतः पृथ्वी ही सूर्य की परिक्रमा करती है। आर्य भट्ट ने आर्यभट्टीयम में लिखा है, ''जिस तरह नाव में बैठा व्यक्ति नदी को चलता हुआ अनुभव करता है, उसी प्रकार पृथ्वी से सूर्य गतिशील दिखाई पड़ता है।'' सूर्य धनु राशि के बाद मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो इसे मकर संक्रान्ति कहा जाता है। सूर्य का मकर राशि पर होना उपासना के लिए सुन्दर मुहूर्त माना जाता है। वराहमिहिर ने बृहत संहिता में बताया है, ''मकर राशि के आदि से उत्तरायण प्रारम्भ होता है। सूर्य अजर अमर हैं। ऋग्वेद के एक सूक्त में ऋषि अपने यज्ञ में पृथ्वी अंतरिक्ष और समस्त देवलोक को निमंत्रण देते हैं। वे वरुण, इन्द्र, मरुत और जल को भी आहूत करते हैं। वे देवों से समृद्धि की कामना करते हैं। अंत में सूर्य सविता देव का स्मरण करते हैं, ''सविता पश्चातात सविता-सविता हमारे पीछे हैं।'' फिर कहते हैं,''पुरस्तात सवितोतर सविता धरातात-सविता सामने हैं। ऊपर हैं। नीचे हैं। ये सविता हमें सुख व समृद्धि दें। दीर्घायु भी दें।'' सविता सूर्य की उपस्थिति दशों दिशाओं में है। यही तेजोमय सविता मकर राशि पर हैं। उनके अभिनन्दन की सुन्दर मुहूर्त है मकर संक्रान्ति। पुण्यदायी नदियों में स्नान की भी परंपरा है। तुलसीदास ने रामचरितमानस में मकर संक्रान्ति के अवसर के लिए प्रयागराज का शब्द चित्र बनाया है, ''माघ मकरगत रबि जब होई। तीरथपतिहिं आव सब कोई।''

ऋग्वेद के रचनाकाल से लेकर उपनिषदों, महाकाव्यों और परवर्ती संस्कृतिमूलक साहित्य में सूर्यदेव की चर्चा है। प्रश्नोपनिषद (1-5) में कहते हैं कि, ''आदित्य ही प्राण हैं।ङ्क छान्दोग्य उपनिषद में कहते हैं,जैसे मनुष्यों में प्राण महत्वपूर्ण हैं वैसे ही ब्रह्माण्ड में सूर्य हैं।'' सूर्य के कारण इस पृथ्वी ग्रह पर मनुष्य का जीवन है। सूर्य दिव्य हैं। तेजोमय दिव्यता हैं। सूर्य ऊष्मा ऊर्जा व प्रकाश का अक्षय भण्डार हैं। प्रत्येक ताप का ईंधन होता है। इसी तरह तेजोमय सूर्य ताप के पीछे भी कोई कारण/ईंधन होना चाहिए। सूर्यदेव अरबों वर्ष से तप रहे हैं। हम सब सूर्य परिवार के अंग हैं। ऋग्वेद के प्रथम मण्डल (सूक्त 164) के प्रथम मंत्र में सूर्यदेव के तीन भाई बताए गए हैं। उनके सात पुत्र हैं। तीन भाइयों में वे स्वयं, दूसरे सर्वव्यापी वायु और तीसरे तेजस्वी अग्नि। सूर्य के रथ का वर्णन सुन्दर है, ''सूर्य के एक चक्र वाले रथ में सात घोड़े हैं। सात नामों वाला एक घोड़ा रथ खींचता है।'' आगे सात शब्द का दोहराव है, ''सात दिन, सात अश्व, सात स्वरों में सविता सूर्य की स्तुति करती सात बहनें।'' वैसे भी सूर्य प्रकाश में सात रंग हैं। ध्वनि में सात स्वर हैं। सप्ताह में सात दिन हैं। ऋषि जिज्ञासा है, ''इस ब्रह्माण्ड में सबसे पहले जन्म लेने वाले को किसने देखा? जो अस्थि रहित होकर भी सम्पूर्ण संसार का पोषण करते हैं।'' पूर्वज सविता सूर्य की आतंरिक गतिविधि जानना चाहते हैं, ''यह विज्ञ सप्त तंतुओं-किरणों को कैसे फैलाते हैं।'' ऋषि जानकारी की सीमा बताते हैं, ''मैं नहीं जानता लेकिन जानना चाहता हूं। सभी लोकों को स्थिर करने वाले अजन्मा का रूप क्या है? जो सूर्य रहस्य के जानकार हैं, कृपया वे बताएं।'' अंत में कहते हैं, ''बारह अरों वाला चक्र द्युलोक में घूमता रहता है। वह अजर अमर है। सूर्य अभिभावक हैं। संरक्षक हैं। गीता (4-1) में ज्ञान परंपरा है। श्रीकृष्ण कहते हैं, ''मैंने योगविद्या का ज्ञान सबसे पहले विवस्वान सूर्य को दिया था। सूर्य ने मनु को और मनु ने इक्ष्वाकु को यही ज्ञान दिया।'' सूर्य जीवनदाता हैं। आराध्य हैं। विश्व की सभी संस्कृतियों में सूर्य प्रत्यक्ष देव हैं। सूर्य उपासना यूनान में भी थी। वैदिक मन्त्रों में सविता सूर्य और ऊषा अलग अलग स्तुतियां पाते हैं।

सेहत मंत्र

सर्दियों में गाजर को अवश्य करें डाइट में शामिल, मिलेंगे यह जबरदस्त लाभ

सर्दी का मौसम आते ही बाजार में लाल-लाल गाजर बेहद सस्ते दाम में मिलने लगती हैं। इतना ही नहीं, इस मौसम में लोग गाजर की सब्जी से लेकर उसका जूस तक पीना पसंद करते हैं। यूं तो गाजर को कई तहर से खाया जाता है लेकिन क्या आप इससे मिलने वाले फायदों से वाकिफ हैं। नहीं न, तो चलिए जानते हैं गाजर से होने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में? गाजर में कई तरह के पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। खासतौर से इसमें बीटा कैरोटीन, विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन बी 1, कई तरह के खनिज लवण व एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। गाजर का सेवन आंखों के लिए विशेष रूप से लाभदायी माना गया है। ऐसा इसमें मौजूद बीटा कैरोटीन व विटामिन ए की वजह से होता है। इसलिए जो लोग गाजर का सेवन पर्याप्त मात्रा में करते हैं, उनकी आंखों की रोशनी लंबे समय तक दुरूस्त तो रहती है ही, साथ ही रतौंधी व मोतियाबिंद जैसी बीमारियां होने की आशंका भी कम हो जाती है। समय के पहिए को रोक पाना भले ही किसी के लिए संभव न हो लेकिन लंबे समय तक जवां बने रहने के लिए कुछ उपाय तो किए ही जा सकते हैं। इन्हीं में से एक है गाजर का सेवन करना। दरअसल, इसमें बीटा?कैरोटीन और एंटी?ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। जो विभिन्न कोशिकाओं की मरम्मत करते हैं और एजिंग के साइन्स को लंबे समय तक आने से रोकते हैं। इतना ही नहीं, गाजर का सेवन रूखी त्वचा, पिंपल्स, पिगमेंटेशन आदि समस्या से भी निजात दिलाते हैं। गाजर हृदय के लिए भी बेहद फायदेमंद होती है। दरअसल, इसमें कैरोटीनॉयड्स पाए जाते हैं जो किसी भी तरह के हृदय रोग की आशंका को कम करते हैं। इसके अतिरिक्त इसमें बीटा?कैरोटीन के साथ?साथ अल्फा कैरोटीन और ल्यूटिन भी पाया जाता है। गाजर का नियमित सेवन कोलेस्ट्रॉल लेवल को भी नियंत्रित करने में मदद करता है। गाजर प्लैक और खाद्य कणों को मुंह से निकालकर दांतों व पूरे मुंहे की सफाई करने का काम करता है। ठीक उसी तरह, जिस प्रकार एक टूथब्रश व टूथपेस्ट अपना काम करता है। गाजर में पाए जाने वाले मिनरल्स दांतों को किसी भी तरह की क्षति से बखूबी बचाते हैं। इसके अतिरिक्त गाजर मसूड़ों को उत्तेजित करके अधिक लार उत्पन्न करने में मदद करता है और यह लार क्षारीय होने के कारण कैविटी बनाने वाले बैक्टीरिया को संतुलित करके दांतों की रक्षा करता है।

धर्म मंत्र

मकर संक्रांति पर तिल से पूजा भी करें और तिल खाएं भी, होगा बड़ा लाभ

हिन्दू धर्म का एक विशेष पर्व माने जाने वाले मकर संक्रांति के अवसर पर लोग सिर्फ पूजा-पाठ, स्नान या दान ही नहीं करते। बल्कि इस दिन तिल खाने और उसे दान करने का एक विशेष महत्व है। यूं तो इस दिन तिल के अतिरिक्त चावल, उड़द की दाल, मूंगफली या गुड़ आदि का भी सेवन किया जाता है परंतु तिल का एक अलग ही महत्व है। लोग अन्य कोई चीज खाएं या न खाएं, लेकिन तिल को किसी न किसी रूप में शामिल अवश्य करते हैं। मकर संक्रांति के दिन तिल की महत्ता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस पर्व को ''तिल संक्रांति'' के नाम से भी पुकारा जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि वास्तव में इस दिन तिल को इतना महत्व क्यों दिया जाता है। नहीं न, तो चलिए आज हम आपको इस बारे में बताते हैं? मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करते हैं, इसलिए इस पर्व को मकर संक्रांति कहकर पुकारा जाता है और मकर के स्वामी शनि देव हैं। सूर्य और शनि देव भले ही पिता?पुत्र हैं लेकिन फिर भी वे आपस में बैर भाव रखते हैं। ऐसे में जब सूर्य देव शनि के घर प्रवेश करते हैं तो तिल की उपस्थिति के कारण शनि उन्हें किसी प्रकार का कष्ट नहीं देते। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि तिल शनि प्रिय वस्तु है। शनि व्यक्ति के पूर्व जन्म के पापों का प्रायश्चित करवाते हैं। ऐसा माना जाता है कि इस दिन अगर तिल का दान व उसका सेवन किया जाए तो इससे शनि देव प्रसन्न होते हैं और उनका कुप्रभाव कम होता है। जो लोग इस दिन तिल का सेवन व दान करते हैं, उनका राहु व शनि दोष निवारण बेहद आसानी से हो जाता है।

पर्यटन



अंडमान निकोबार के खूबसूरत बीच, छुट्टियों में जरूर जाएं

दुनिया में घूमने के लिए बहुत से खूबसूरत बीच हैं जहां पर आप अपनी छुट्टियों का आनंद ले सकते हैं। अगर आप भी वेकेशन में बीच पर घूमने का प्लान बना रहे हैं तो अंडमान निकोबार आपके लिए सबसे अच्छी जगह है। यहां पर बहुत सारे बीच हैं जिसके बारे में आज हम आपको बताएंगे। अंडमान जाने के लिए अक्टूबर से मार्च तक का समय सबसे अच्छा माना जाता है। गर्मियों के उमस भरे मौस में यहां पर जाना ठीक नही रहेगा। यात्रा कष्टमयी हो सकती है। राधानगर बीच- हैवलॉक का राधानगर बीच अंडमान निकोबार के बेस्ट बीचेस में से एक है। यह एक मैगजीन द्वारा दुनिया के 7 वें बेस्ट बीच के रैंक में शामिल हो चुका है। यहां की रेत स्पार्क जैसी है जो सनसेट में चमकती है। इसके अलावा यहां पर स्नोर्कलिंग, फिसिंग गेम, स्वीमिंग और स्कूबा डाइविंग आदि काफी फ़ेमस है। इसका आप खूब आनंद ले सकते हैं। एलीफेंट बीच- एलीफेंट बीच भी अंडमान और निकोबार समुद्र तट पर स्थित है। यह भी इन खूबसूरत बीच में से एक है। हैवलॉक द्वीप से इस बीच में जानें के लिए आप नाव से या फिर जंगल के रास्ते से जा सकते हैं। आपको 30 मिनट की दूरी तय करनी पड़ेगी। यहां के समुद्र तट का पानी नेवी है। यहां पर आपको अलग तरह के समुद्री जीव और स्नॉर्कलिंग देखने को मिलेंगे। विजयनगर बीच- हैवलॉक का विजयनगर बीच भी काफी शानदार है। यहां पर आप पानी को हवा में उछलने का अच्छा नजारा देख सकते हैं। यह तैराकी, नौकायन, फोटोग्राफी और वाटर सर्फिंग के लिए यह बीच बहुत परफ़ेक्ट माना जाता है। इस बीच में समुद्र के नीले पानी के किनारे, पेड़ों की छाव का नजारा आप देख सकते हैं। यह जगह बहुत ही खूबसूरत है जो लोगों को अपनी तरफ खिंचता है। काला पत्थर बीच- काला पत्थर बीच का नाम सुनने में थोड़ा अटपटा है लेकिन इसका नजारा बेहद ही खूबसूरत है हैवलॉक आईलैंड में आने वाले पर्यटक यहां पर खूब मस्ती करते हैं। आप बीच के किनारे हल्की धूप में चांदी से चमकते रेत पर बैठने का नजारा ले सकते हैं।

निपुण भारत मिशन में खराब प्रदर्शन करने वाले तीन एबीएसए से स्पष्टीकरण तलब तथा एक को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश जारी

सभी शिक्षकगण अपने कार्यों को पूरी निष्ठा के साथ संपादित करें: जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी शिक्षक एबीएसए के संरक्षण में विद्यालय में नियमित उपस्थित नहीं रहते हैं और जिन शिक्षकों का शिक्षण कार्य उत्तम नहीं रहता है, उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक गण अपने कार्यों को पूरी निष्ठा के साथ संपादित करें। सभी शिक्षक अपने विद्यालयों में बच्चों को अच्छी शिक्षा दें, जिससे उनका भविष्य उज्जवल हो सके। शिक्षण कार्य एक नैतिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि जो शिक्षक खंड शिक्षा अधिकारी के संरक्षण में रहकर नियमित विद्यालय नहीं आते हैं, उनकी शिकायत मिलने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

जिलाधिकारी ने निपुण भारत मिशन की समीक्षा करते हुए सूरतगंज के खंड शिक्षा अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए। इसके साथ ही निपुण भारत मिशन में जनपद में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले तीन ब्लॉकों के खंड शिक्षा अधिकारियों को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए, जिसमें बंकी सिटी, बनी कोडर और पूरेडलई शामिल हैं।

बैठक में निपुण भारत मिशन की प्रगति, ऑपरेशन कायाकल्प, डीबीटी की समीक्षा, स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत नवीन तथा अद्यतन नामांकन की समीक्षा, समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के अंतर्गत नामांकन, उपस्थिति तथा उच्चीकृत भवनों की समीक्षा, मध्यान भोजन योजना, समर्थ ऐप पर नामांकन एवं चिन्हांकन, आउट ऑफ स्कूल डीटीएफ एवं बीटीएफ निरीक्षण की समीक्षा सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी राकेश तिवारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पांडेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेंद्र दुबे, सहित समस्त खंड शिक्षा अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

रजिस्टर में दर्ज कर दिया शिकायत का फर्जी निस्तारण

एसपी ने फोन किया तो पीड़ित ने किया खुलासा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। दरियाबाद कोतवाली में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार व एसपी दिनेश सिंह पहुंच कर फरियादियों की शिकायतें सुनी और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

शिकायत सुनने के दौरान डीएम के सामने सरैयां चमारन के शिवकुमार पहुंचे और शिकायती पत्र दिया बताया कि पिता राजाराम ने कुछ गाटे की भूमि की वसीयत दूसरे भाई दीपचंद्र के नाम पर कर दिया है। उसमें हिस्सा नहीं मिला है। वहीं एसपी ने खूबा का पुरवा के राजबहादुर को फोन मिलाकर पूछा कि आपकी शिकायत में क्या समाधान हुआ, तो उसने बताया कि कोई समाधान नहीं। एसपी ने कहा रजिस्टर में पैमाइश कर निस्तारण दर्ज है लेकिन शिकायतकर्ता ने कहा कि निस्तारण ही फर्जी है। इस पर मामलें से डीएम को अवगत कराया गया। डीएम ने पूछा कि हल्का लेखपाल कौन है, बताया गया कि अंबुज मिश्र। डीएम ने उन्हें तलब किया।

उधर एसपी ने हल्का दरोगा के बारे में जानकारी ली कहा कि समाधान रजिस्टर में शिकायतों के समाधान के साथ ही कांस्टबेल, दरोगा और राजस्व टीम का नाम मोबाइल नंबर दर्ज हो। राजस्व टीम बगैर पुलिस फोर्स के निस्तारण करने मौके पर न जाए। इस मौके पर थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार आजाद, ईओ शीलू अवस्थी, चौकी इंचार्ज लालजी यादव, बृजानंद आदि मौजूद रहे।

रामभक्तो ने नंगे पैर चलकर घर-घर किया अक्षत वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। श्री राम जन्मभूमि भव्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के निमित्त निमंत्रण हेतु श्री अयोध्या धाम से भेजे गए पूजित अक्षत प्रत्येक घर पहुंचाने के महा अभियान के अंतर्गत ढोल नगाड़े के साथ नंगे पैर चलकर घर-घर स्वयसेवको ने ग्राम-मरकामऊ में घर-घर पूजित अक्षत पहुंचाकर निमंत्रण दिया साथ साथ भगवान श्रीराम के उद्घोष करते हुए राम भक्त अपनी धार्मिक कार्यों को करने पर अपने आपको गौरवान्वित महसूस करते देखे गए।

इस अभियान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिलासह बौद्धिक प्रमुख रुद्र प्रताप,जिलासह प्रचार प्रमुख आलोक कुमार,पंकज,सत्येन्द्र,अमित,अवधेश,शमशेर सिंह वर्मा, योगेन्द्र, विष्णुकांत,आदर्श,अधिनायक राम भक्त पत्रकार अश्वनी त्रिपाठी हरि नाम मौर्य रामदास विश्वकर्मा अमरेंद्र मौर्य शुभम मौर्य आदि दर्जनों लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए घर घर अक्षत वितरण किया।

नाले की पुलिया से टकराई तेज रफ्तार कार, एक की मौत, एक घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी। कोहरा बढ़ने के साथ ही हाइवे पर सड़क दुर्घटनाएं बढ़ गई हैं। घने कोहरे के कारण शनिवार की सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एक नाले की पुलिया से तेज रफ्तार ब्रेज़ा कार टकरा गई। जिससे कार में सवार एक की मौत हो गई। वहीं चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया।राष्ट्रीय राजमार्ग के लखनऊ रोड की तरफ कोतवाली राम सनेही घाट के बार्डर लोधे सिंह पुरवा के पास मुन्ना कुमार जायसवाल पुत्र नवाब चंद्र जायसवाल निवासी बरहज बाजार देवरिया अपने ड्राइवर बसीर पुत्र चुन्नू बरहज बाजार देवरिया के साथ अपनी कर नंबर यूपी 52 एडब्ल्यू 5175 ब्रेजा से अपने घर बरहज बाजार देवरिया से चलकर आगरा जा रहे थे। तभी नाले की पुलिया से कार टकरा गई। जिसमें चालक गंभीर रुप से घायल हो गया और मुन्ना कुमार जायसवाल की मौके पर ही मौत हो गई।

मौके पर पहुंची हथौन्धा पुलिस चौकी प्रभारी शशि कांत सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चालक के मोबाइल से परिजन को सूचना दी गई है एक अन्य रिश्तेदार शिवानंद जायसवाल मौके पर पहुंचे।

वोट की शक्ति चुनाव प्रक्रिया में प्रति व्यक्ति की व्यक्त करती है भावना : पंकज सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर। भारत सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, जहां वोट की शक्ति के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी के प्रति व्यक्ति की भावना और आकांक्षा को व्यक्त करता है।

यह बात शनिवार को भाजपा के कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय कार्यालय पर नव मतदाता सम्मेलन कार्य योजना की हुई बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं उप्र के युवा मोर्चा प्रभारी विधायक पंकज सिंह ने कही।उन्होंने कहा कि सभी युवा मोर्चा का कार्यकर्ता नव मतदाताओं के पास जाकर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से लोगों को सुनाया जाएगा।

बैठक के मुख्य अतिथि बतौर भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि पहले युवाओं की नौकरियों को सैफई तय करता था आज उनकी काबिलियत तय करती है यह अंतर मोदी की सरकार में देश के युवाओं को दिख रहा है।कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र 52 विधानसभा में 104 कार्यक्रम होना सुनिश्चित है, जिसके लिए युवा मोर्चा के साथ भाजपा के जिले के एक संयोजन के रूप में उनके सहयोग के लिए बनाया गया है। विधानसभाओं में कार्यक्रम का आयोजन कर 2014 से पहले की और अब की स्थिति से नव मतदाताओं को अवगत कराया जाएगा। सभी सम्मेलनों में राष्ट्र व प्रदेश से मंत्री अतिथि के रूप में भेजे जाएंगे।प्रदेश महामंत्री वरुण गोयल ने कहा 25 जनवरी को प्रत्येक विधानसभा में दो-दो नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। नव मतदाताओं तक पहुंचने के लिए अभियान के हिस्से के रूप में युवा मोर्चा टीम मौजूदा समय में कॉलेज परिसरों, कोचिंग सेंटरों, स्टेडियमों, खेल के मैदानों और अन्य क्षेत्रों में जा-जाकर उनसे संपर्क जुटा रही है। जिसके लिए नव मतदाताओं का पंजीकरण ऑनलाइन करा कर उनसे अभियान से जुड़ने की अपील की जा रही है।क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा सुनील साहू ने कहा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के समस्त 17 जिलों में कार्यकर्ताओं के द्वारा सभी नव मतदाताओं सम्मेलनों को सफल करने का कार्य किया जाएगा। युवा मोर्चा मतदाताओं को सरकार की लाभकारी योजनाओं की जानकारी भी देगी और उन्हें सरकार द्वारा युवाओं के लिए किए जाने वाले कामों को बताएगी।नवमतदाता सम्मेलन कार्ययोजना की बैठक के संबंध में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की शुक्रवार को क्षेत्रीय मुख्यालय क़ानपुर मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्जवलन कर प्रारम्भ किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा प्रकाश पाल व मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री वरुण गोयल उपस्थित रहे।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश के उपाध्यक्ष रोहित मिश्रा, शिव वीर सिंह भदोरिया, प्रदेश मंत्री सौरभ भूषण शर्मा, अरविंद राज त्रिपाठी,क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी, भाजपा कानपुर उत्तर जिला अध्यक्ष दीपू पांडे कानपुर दक्षिण जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

चलती फिरती लाईब्रेरी हैं यूपी भाजपा सरकार द्वारा प्रदत्त स्मार्टफोन व टेबलेट : पूनम सिंह

रामसनेहीघाट बाराबंकी।उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा में अध्ययनरत छात्र/ छात्राओं के तकनीकी सशक्तिकरण भी हेतु स्मार्टफोन/ टैबलेट वितरण योजना के तहत आज जे.बी.एस इंस्टीट्यूट ,बन्दी का पुरवा, सतरिख बाराबंकी में बी.एड व बी.एस.सी के छात्र/छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण सदस्य विधान परिषद बाराबंकी अंगद कुमार सिंह की धर्मपत्नी/ संस्थान प्रबंधक श्रीमती पूनम सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इसी क्रम में श्रीमती सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की स्मार्ट फोन/ टैबलेट योजना से हर छात्र/छात्रा तकनीकी शिक्षा से जुड़ेगा और यह एक प्रकार की चलती फिरती लाईब्रेरी के रूप में कार्य कर रही है! तथा विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए योजनाओं से जुड़ने और जोड़ने की बात कही।

समता युवा मंच ने किया कबड्डी मैच का आयोजन

सीतापुर। समता युवा मंच के खेल पखवाड़ा के तहत मिश्रिख ब्लॉक के कुतुबनगर में कबड्डी मैच का अयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी 'बापू' और डाक्टर भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण से की गई। मैच के लिए पहले से तय टीमों में से मौके पर कुल 6 टीम पहुंची।पहले चरण में पिपरी और बिजौली के गांव की टीम का मैच हुआ। जिसमें बिजौली की टीम ने जीत हासिल की। दूसरा मैच सतनापुर और बिजौली की दूसरी टीम के साथ हुआ। जिसमें विजेता बिजौली की टीम रही।

कबड्डी का तीसरा मुकाबला होने की बारी आई तो, एक गांव की दो टीम का आपस में खेलना तय हुआ। जिसमें टीम बी ने जीत हासिल की। पहला सेमी फाइनल मैच बिजौली ए और बिजौली बी टीम के साथ हुआ जिसमें बिजौली बी टीम ने विपक्षी टीम से अधिक स्कोर हासिल कर फाइनल मैच में जीत हासिल की। दूसरा मैच तेजीपुरवा और सतनापुर में हुआ जिसमें सतनापुर को जीत मिली।फाइनल मुकाबला सतनापुर और बिजौली बी टीम के साथ हुआ, जिसमें सतनापुर की टीम प्रथम और बिजौली बी टीम द्वितीय विजेता रही। पुरस्कार वितरण ऋचा सिंह, रामसुखी, शाकरून, नीलम प्रकाश द्वारा किया गया। प्रथम विजेता, और उपविजेता टीम को पुरस्कार, मेडल व सर्टिफिकेट मिले। प्रतिभाग करने वाले सभी टीम को भी सांत्वना पुरस्कार और सर्टिफिकेट दिया। इस मौके पर ऋचा सिंह, ओम प्रकाश, पिंटू, हरिपाल, राजाराम, रामसुखी करुणाशंकर, शाकरून, नीलम, गोविंद, नागेंद्र व गांव के लोग सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

माल से लदा ट्रक चोरी करने वाले चार अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना पचोखरा, एसओजी सर्विलांस व थाना सिरसागंज पुलिस टीम ने शुक्रवार को खनन अधिकारी द्वारा थाने में दाखिल किए गए ट्रक को चोरी करने के चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी किया गया ट्रक फर्जी नम्बर प्लेट लगा एक ट्रक व हजारों की नकदी बरामद की है।

थाना प्रभारी सिरसागंज उदयवीर सिंह मलिक, थानाध्यक्ष पचोखरा सचिन कुमार व एसओजी प्रभारी अनुज राणा ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए अभियुक्त राजकुमार पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी चन्द्रपुरा थाना बिजौली जिला ग्वालियर मप्र व प्रकाश में आये अभियुक्तगण मकरंद पुत्र उदय सिंह निवासी खिदरपुरा थाना बरोही जिला भिण्ड मप्र, राजपुत जाटव पुत्र इन्द्रल सिंह निवासी ग्राम बेरजा थाना बिजौली जिला ग्वालियर मप्र व राकेश पुत्र मनीराम निवासी हौरावली थाना सिरौल जिला ग्वालियर मप्र को कोरारा तिराहा सिरसागंज फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से दो ट्रक मय फर्जी नम्बर प्लेट के व माल बिक्री के 55 हजार रुपए बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार 12 जनवरी 2024 को खनन अधिकारी मफत लाल द्वारा अपनी रोड चैकिंग के दौरान थाना पचोखरा आकर ट्रक संख्या टछ11क्क9082 को दाखिल किया था। इस ट्रक को अभियुक्त राजकुमार चला रहा था। जो बदनियति से थाना परिसर से इस ट्रक को मय माल के चोरी कर ले गया था। जिसमें तत्काल मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त राजकुमार को उसके साथियों सहित गिरफ्तार किया गया है। जिनसे फर्जी नंबर प्लेट लगा चोरी किया गया ट्रक व एक अन्य ट्रक व 55 हजार रुपए बरामद हुए हैं। पुलिस ने कार्यवाही कर सभी को जेल भेजा है।

मुरादाबाद से एसपी ट्रैफिक समेत कई पुलिस कर्मी ड्यूटी के लिए जाएंगे अयोध्या

मुरादाबाद। अयोध्या में नवनिर्मित श्री राम मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर मुरादाबाद से कई पुलिस अधिकारी व पुलिसकर्मी ड्यूटी के लिए जाएंगे।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने शनिवार को बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में ड्यूटी के लिए मुरादाबाद से पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक सुभाष चन्द्र गंगवार, 2 पुलिस क्षेत्राधिकारी, 8 यातायात उप निरीक्षक, 40 यातायात सिपाही एक एएसआई, चार इंस्पेक्टर, 25 एसआई और 75 सिपाही भेजे जाएंगे।

हमीरपुर की बेटी ने यूपीएससी में हासिल की सातवीं रैंक

हमीरपुर। मौदहा कस्बे सहित क्षेत्र में मेधावियों की कमी नहीं है और अक्सर मेधावी अपनी प्रतिभा दिखा देते हैं। ऐसी ही एक बेटी ने शनिवार को यूपीएससी परीक्षा में सातवीं रैंक हासिल कस्बे सहित क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया, जिसको लेकर बधाईयों का सिलसिला शुरू हो गया है।कस्बे सहित क्षेत्र के जाने माने समाज सेवी अमरनाथ अवस्थी की नातिन और अनिल कुमार अवस्थी की पुत्री राधा अवस्थी ने जलशक्ति मंत्रालय की परीक्षा में अखिल भारतीय सातवीं रैंक हासिल कर कस्बे सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बचपन से ही राजधानी लखनऊ में पली बढ़ी राधा ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने दादा को दिया है। और उन्हीं की प्रेरणा से कामयाबी हासिल करने की बात कही है।

कड़ाके की ठण्ड में गाजियाबाद में दिखाई दी फुटबॉल की गर्मी

गाजियाबाद। फुटबॉल को लोगों के बीच में लोकप्रिय बनाने,उससे जुड़ी जानकारियां देने और हर वर्ग के लोगों को फुटबॉल से जोड़ने के लिए यह मिशन शनिवार को संस्थान में शुरु हो गया। आज अंतर्राष्टीय फुटबॉल खिलाड़ी पैट्रिक बाउरर एवं अगुस्का मनिच ने तीन स्थानों पर किया।इन फुटबॉल खिलाड़ियों ने अपना पहला प्रदर्शन गाजियाबाद के आदर्श खेल गांव खुर्रमपुर, मुराद नगर में किया। ठण्ड की परवाह ना करते हुए हजारों की संख्या में ग्रामीण और बच्चे उपस्थित हुए।इस मिशन के सूत्रधार आईएमटी गाजियाबाद स्पोर्ट्स रिसर्च सेन्टर के हैड डॉ.कनिष्क पाण्डेय ने फुटबॉल की बहुत सी जानकारी ग्रामीणों के बीच साझा की।ग्राम प्रधान खुर्रमपुर विनोद ने कहा कि आईएमटी गाजियाबाद की यह एक अनूठी पहल है कि आज इस गांव में प्रथम बार कोई अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी आये और बच्चों को फुटबॉल की बारीकियों से अवगत करवायाा।

ट्रैक्टर और डाले की भीषण टक्कर से अधेड़ की दर्दनाक मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

माल/लखनऊ। अनियंत्रित डाले और ट्रैक्टर की आमने सामने की भिड़ंत में डाला सवार एक व्यक्ति की इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में मौत हो गयी।

घटना के बाद दोनो वाहनों के चालक मौके से भाग निकले।पुलिस दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर चालको का पता लगा रही है। जानकारी के अनुसार हरदोई जनपद के अतरौली थाना क्षेत्र के नरियाखेड़ा गाँव निवासी बैजनाथ आयु 39 वर्ष जो पेशे से राजगीर है। जो रोज की भांति सोमवार सवेरे सात बजे नेवादा से दुबग्गा जाने वाली टाटा मैजिक सं0 यूपी 32 ए टी 7376 से मजदूरी करने लखनऊ जा रहे थे। माल दुबग्गा रोड पतौन गाँव की मोड़ के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली में जा भिड़ी। जिससे मैजिक की अगली सीट पर बाई ओर बैठे बैजनाथ गम्भीर रूप से घायल हो गये।

जिन्हें पुलिस ने गम्भीर हालत में स्थानीय सीएचसी पहुचाया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जहाँ इलाज के दौरान बैजनाथ की मौत हो गयी। मृतक के परिवार में पत्नी व दो बच्चे है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी व बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है।

एसडीएम नवाबगंज ने गांधीवादी चिंतक राजनाथ शर्मा पर की अमर्यादित टिप्पणी

हिंदी पत्रकार एसोसिएशन ने एसडीएम बिजय कुमार त्रिवेदी के विरुद्ध खोला मोर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। हिंदी पत्रकार एसोसिएशन ने शनिवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और प्रख्यात गांधीवादी चिंतक एवं लोकतंत्र रक्षक सेनानी राजनाथ शर्मा पर अपमानजनक टिप्पणी के लिए सदर एसडीएम बिजय कुमार त्रिवेदी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। त्रिवेदी ने शुक्रवार को एसडीएम न्यायालय पर एक जमीन के विवाद में हो रहे अवैध कब्जे को रोकने की शिकायत करने अधिवक्ता बलराम सिंह के साथ पहुंचे मृत्युंजय शर्मा और अन्य संभ्रांत व्यक्तियों के समक्ष राजनाथ शर्मा के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी की। त्रिवेदी ने बोलते हुए कथित तौर पर महात्मा गांधी और गांधीवादी राजनाथ शर्मा के बारे में कुछ विवादास्पद बयान दिया और भू माफियाओं का संरक्षण देते हुए बचाव किया। शनिवार को हिंदी पत्रकार एसोसिएशन ने बैठक बुलाकर एसोसिएशन के संरक्षक एवं गांधीवादी चिंतक राजनाथ शर्मा पर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले एसडीएम के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष पाटेश्वरी प्रसाद ने कहा कि एसडीएम विजय कुमार त्रिवेदी की हालिया टिप्पणियां शर्मनाक है

। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही सार्वजनिक माफी मांगने को कहा। श्री प्रसाद ने कहा कि लोकतंत्र सेनानी और गांधीवादी चिंतक राजनाथ शर्मा जनपद के प्रतिष्ठित व समाजसेवी व्यक्ति है। वह युवा पीढ़ी के प्रेरणास्रोत है। उन्होंने अपना पूरा जीवन देश व समाज के लिए समर्पित किया। पिछले छह दशक से अधिक समय से वह सार्वजनिक जीवन में सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर अन्याय और शोषण के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे है। वह कंाग्रेस और श्रीमती इंदिरा गांधी के विरुद्ध संघर्ष करते हुए आपातकाल में राजनीतिक बंदी भी रहे। और पिछले पांच दशक से गांधीवादी विचारधारा एवम पत्रकारीय लेखन का काम कर रहे हैं। श्री प्रसाद ने कहा, 'यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रशासन और पुलिस अपने कर्तव्यों को भूल रही है और भू माफियाओं के दबाव में काम कर रही है।' एसडीएम ने मुख्यमंत्री की नीतियों को प्रभावित करते हुए भूमाफियाओं को संरक्षण दिया है। जो बेहद चिंताजनक है। ऐसी स्थिति में एसडीएम को तहसील सदर से तत्काल हटाया जाए। इस मौके पर ग्रामीण पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष संतोष शुक्ला,श्रीनिवास त्रिपाठी, कपिल यादव, मनीष सिंह, उमेश चंद्र श्रीवास्तव, अब्दुल मुईद, मो तौफीक, अनिल यादव,मो.वसीक, मुकेश मिश्रा, वरुण सिंह आदि पत्रकार मौजूद रहे।

मासूम बच्ची के हत्या की गुत्थी सुलझाने में पुलिस नाकामयाब

हमीरपुर। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के पढ़ोरी गांव में मासूम बच्ची का सिर और एक अंग तथा कपड़े तो पुलिस ने बरामद कर लिए। लेकिन तमाम प्रयास करने के बावजूद शरीर के और हिस्से अभी तक नहीं मिल सके हैं। हालांकि शनिवार को पीड़ित के दो पड़ोसियों को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा ने शनिवार को कोतवाली में बैठकर घटना की समीक्षा करने के साथ जांच टीम को भी निर्देशित करती रही। पढ़ोरी निवासी रवि गुप्ता की डेढ़ वर्षीय बालिका सृष्टि बीते 20 दिसम्बर की शाम चार बजे दरवाजे के सामने खेलते हुए गायब हुई थी। घटना को लेकर पुलिस हर तरीके से जांच पड़ताल करती रही। लेकिन किसी भी नतीजे पर नहीं पहुंची। शुक्रवार को मासूम बेटी का कटा सिर और शरीर का एक अंग कुत्ते घसीटते मिले, तब घटना का खुलासा हो सका। क्षेत्राधिकारी श्रेयश त्रिपाठी घटना के बाद पूरे दिन पुलिस टीम के साथ लगे गांव में पूछताछ करते रहे।

भुवनेश्वर की छह साल बाद पांच विकेट के साथ प्रथम श्रेणी क्रिकेट में स्वप्निल वापसी

एजेंसी

कानपुर। भारतीय तेज गेदबाज भुवनेश्वर कुमार ने रणजी ट्रॉफी में स्वप्निल वापसी करते हुए बंगाल के पांच विकेट लेकर उत्तर प्रदेश को केवल 60 रन पर आउट होने के बाद बेहतरीन वापसी दिलाई। कानपुर में घरेलू मैदान पर पहले बल्लेबाजी करने उतरी उत्तर प्रदेश की पहली पारी सिर्फ 20.5 ओवर तक चली। मोहम्मद शमी के छोटे भाई मोहम्मद कैफ बंगाल के लिए स्टार रहे, उन्होंने 5.5 ओवर में 14 रन देकर 4 विकेट लिए।

लेकिन इसके बाद जो सामने आया वह भुवनेश्वर का मास्टरक्लास था क्योंकि उन्होंने 13 ओवरों में 25 रन देकर 5 विकेट लेकर अपनी प्रथम श्रेणी वापसी को चिह्नित किया, जिनमें से तीन मेडन थे। 33 वर्षीय भुवनेश्वर, जिन्होंने अपना आखिरी टेस्ट जनवरी 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था, ने तीन गेंदों के अंतराल में सौरव पॉल (13) और सुदीप घरामी (0) को आउट किया। इसके बाद उन्होंने उसी स्पैल में अनुस्तुप मजूमदार (12), कप्तान मनोज तिवारी (3) और अभिषेक पोरेल (12) के विकेट लिए। यह उनके प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 13वीं बार था, जब उन्होंने पांच विकेट लिये। स्टंप्स के समय, बंगाल का स्कोर 5 विकेट पर 95 रन था। सलामी बल्लेबाज सायन घोष, 87 गेंदों में 37 रन बनाकर अकेले खेल रहे थे, वह बंगाल के बचे आखिरी बल्लेबाज थे। उनके साथ करण लाल हैं जो 8वें नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे हैं।

रहाणे आंध्र प्रदेश के खिलाफ शून्य पर आउट हुए

आंध्र के 20 वर्षीय तेज गेंदबाज नीतीश कुमार रेड्डी ने 20 रन देकर 3 विकेट लिए, जिसमें अजिंक्य रहाणे और श्रेयस अय्यर के बेशकीमती विकेट भी शामिल थे, जिससे स्टंप्स तक मुंबई को 6 विकेट पर 281 रन पर रोक दिया।

रेड्डी ने मुंबई के कप्तान रहाणे को गोल्डन डक पर आउट किया, जो गर्दन में अकड़न के कारण रणजी ट्रॉफी का पहला मैच नहीं खेल पाए थे। इसके बाद उन्होंने अपने वापसी मैच में अय्यर को दो रनों से अर्धशतक से वंचित कर दिया। 2018-19 सीज़न के बाद रणजी ट्रॉफी में पहली बार मुंबई ड्रेस में वापसी करते हुए, अय्यर ने 48 रनों की पारी खेली, जिसमें सात चौके शामिल थे।

दक्षिण अफ्रीका में दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में फॉर्म के लिए संघर्ष करने वाले अय्यर अपनी शुरुआत को बेहतर नहीं बना सके।

दीव में हुए पहले बीच गेम्स में मध्य प्रदेश बना चैंपियन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नन्हे से लक्षद्वीप ने शक्तिशाली महाराष्ट्र को हराकर बीच सॉकर गोल्ड जीता

दीव में हुए बीच गेम्स के सफल आयोजन ने समुद्र किनारे रोमांचक खेल आयोजनों की नींव रखी है: अनुराग ठाकुर

दीव । भारत के पहले मल्टी-स्पोर्ट्स बीच गेम्स बीच गेम्स 2024 का आयोजन दीव में ब्लू फ्लैग प्रमाणित घोघला बीच पर किया गया। इन खेलों में जमीन से घिरा हुआ मध्य प्रदेश चैंपियन बनकर उभरा। मध्य प्रदेश ने 7 स्वर्ण सहित कुल 18 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि ने न केवल मध्य प्रदेश के दल की खेल क्षमता को दिखलाया, बल्कि इस राज्य के भीतर विकसित हो रही प्रतिभाओं की गहराई को भी सामने रखा। महाराष्ट्र ने 3 स्वर्ण सहित 14 पदक जीते, वहीं तमिलनाडु, उत्तराखंड और मेजबान दादरा, नगर हवेली, दीव और दमन ने 12-12 पदक हासिल किए। असम ने 8 पदक जीते, जिनमें से 5 स्वर्ण थे। बेहद दिलचस्प घटनाक्रम में लक्षद्वीप ने बीच सॉकर में स्वर्ण पदक हासिल किया, जो इस प्राचीन द्वीप क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कड़े मुकाबले वाले फाइनल में महाराष्ट्र को 5-4 से हराया। लक्षद्वीप की जीत ने न केवल पदक विजेताओं की विविधता को बढ़ाया बल्कि दीव बीच गेम्स-2024 के समावेशी और राष्ट्रव्यापी असर को भी दिखलाया।

4-11 जनवरी तक खेलों की ये उत्कृष्टता अपने चरम पर रही। इस दौरान 205 मैच अधिकारियों के सहयोग से 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 21 वर्ष से कम उम्र के 1404 एथलीटों ने विभिन्न प्रकार के खेलों में भाग लिया। इन खेलों को रोज़ाना 2 सत्रों में बांटा गया था। सुबह का सत्र सुबह 8 बजे से शुरू होकर दोपहर को समाप्त होता था, इसके बाद दोपहर का सत्र 3 बजे शुरू होता था। इस शेड्यूलिंग ने न केवल उपयुक्त मौसम में एथलीटों के प्रदर्शन को अनुकूलित किया, बल्कि उत्साही दर्शकों को भी एक अनूठा और आकर्षक विजुअल अनुभव मिला। इस दौरान रस्साकशी में रणनीतिक दमखम के प्रदर्शन, समुद्री तैराकी के लुभावने करतबों,पेंचक सिलाट की मार्शल आर्ट्स वाली कलात्मकता, मल्लखंब की कलाबाजियों, बीच वॉलीबॉल की तेज गति वाली उछल-कूद, बीच कबड्डी के रणनीतिक द्वंद्व और बीच सॉकर के बिजली सी फुर्ती वाले किक और गोल्स ने इस आयोजन को एक अनूठी ऊर्जा से भर दिया। बीच बॉक्सिंग के आगाज़ ने इस आयोजन में उत्साह की एक अतिरिक्त परत जोड़ दी। इसने प्रतिभागियों और दर्शकों दोनों को मंत्रमुग्ध कर दिया और देश की एथलेटिक यात्रा में ये एक विशेष क्षण बन गया।

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर इस आयोजन के लिए अपना समर्थन और उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने लिखा, ''एथलीटों की ऊर्जा और दीव की सुंदरता ने एक ऐसा माहौल बुना है जो पहले कभी नहीं देखा गया। ये मंत्रमुग्ध करने वाला और उत्साह बढ़ाने वाला है।'' उन्होंने कहा कि भारत के समुद्र तटों को एक नया जीवन प्रदान करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन ने गुजरात के तट से कुछ दूर दीव में पहली बार हुए बीच गेम्स के साथ एक नया मोड़ ले लिया है।

भारत के पास भौगोलिक दृष्टि से दुनिया के कुछ सबसे खूबसूरत समुद्र तट हैं। भारत के 12 समुद्र तटों को स्थायी पर्यटन को बढ़ावा देने वाले दुनिया के सबसे स्वच्छ समुद्र तटों वाला ब्लू फ्लैग प्रमाणन दिया गया है। हालांकि, देश के कई समुद्र तटों की उतनी यात्रा नहीं की गई है, जितनी की जानी चाहिए। इसलिए दीव बीच गेम्स की सफल मेजबानी एक सुखद खबर है।

संक्षिप्त समाचार

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद डीन एल्गर ने एसेक्स के साथ किया करार

लंदन। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज डीन एल्गर ने 2024 काउंटी सीजन से पहले एसेक्स के साथ तीन साल का करार किया है। एल्गर ने हाल ही में भारत के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था 36 वर्षीय एल्गर ने एसेक्स के हवाले से कहा, ल्लमैं एसेक्स के साथ अपनी क्रिकेट यात्रा के इस नए अध्याय को शुरू करने के लिए रोमांचित हूं। क्लब हाल के वर्षों में सम्मान के लिए प्रयास कर रहा है, और मैं आगे की सफलता में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं। मैंने काउंटी क्रिकेट में अपने पिछले अनुभवों का भरपूर आनंद लिया है और मैं वास्तव में सीज़न से पहले टीम में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं।

एसेक्स के मुख्य कोच एंथनी मैकग्राथ ने एल्गर का स्वागत करते हुए कहा, ''डीन अपने साथ ढेर सारी प्रतिभा और अनुभव लेकर आए हैं जो निस्संदेह 2024 सीज़न के लिए हमारी टीम को मजबूत करेगा।

उन्होंने कहा, ल्लटेस्ट क्रिकेट में उनका करियर शानदार रहा है और उन्होंने संन्यास लेने तक दुनिया को उच्चतम स्तर पर रन बनाने की अपनी इच्छा का प्रदर्शन किया है। अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में उनकी उपलब्धियाँ उनकी क्षमताओं के बारे में बहुत कुछ बताती हैं और हम एसेक्स में उनके प्रभाव को देखने के लिए उत्साहित हैंड्ड

यूपीसीए की चयन प्रक्रिया की पोल एक बार फिर से खुली!

कानपुर। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन में जूनियर से लेकर सीनियर टीमों की चयन प्रकिया में फैले भ्रष्टाचार की पोल शनिवार को एक बार फिर से खुल गयी। प्रदेश की सबसे जूनियर क्रिकेट टीम अण्डर-14 में एक प्रतिभाशाली क्रिकेटर का न चुना जाना इसकी परत खोल गया। अपने प्रतिभाशाली बेटे का टीम में स्थान न मिल पाने से निराश एक माँ शनिवार को ग्रीनपार्क स्थित यूपीसीए के कैम्प कार्यालय जा पहुंची और बेटे के लिए न्याय करने की गुहार करने लगी। रणजी ट्राफी मैच के बीच ही महिला के यूपीसीए के दफ्तर पहुंचने से हड़कंप मच गया,लेकिन किसी भी अधिकारी ने उस महिला की ओर तवज्जो नहीं दिया। मां का दरवाजे पर रो-रोकर बुरा हाल था। वह गेट पर ही बेहोश होकर गिर पड़ी,लेकिन किसी भी अधिकारियों ने उसकी सुध तक नहीं ली। इसके बाद बेबस मां वापस चली गई।

यूपीसीए की चयन प्रक्रिया से निराश महिला गायत्री के मुताबिक उनका बेटा 2019 से क्रिकेट खेल रहा है। वह बाएं हाथ का गेंदबाज है। उसकी गेंदबाजी को देखकर हर कोई तारीफ करता है, जब भी उसने ट्रायल दिया तो कभी फ़ेल नहीं हुआ लेकिन यूपीसीए की फाइनल लिस्ट आने के बाद बेटे को पेंडिंग में रखा गया,जबकि उससे बड़े उम्र के बच्चों को रख लिया गया। बेटे ने ट्रायल मैचों में एक मैच में 8 विकेट लिए थे। वहीं,जब यूपीसीए का ट्रायल हुआ तो उसमें भी सबसे अच्छा प्रदर्शन आदित्य का ही रहा। तब पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर गोपाल शर्मा ने भी बेटे के सिर पर हाथ फ़ेरकर काफी तारीफ की थी,लेकिन इसके बावजूद बेटे को बाहर का रास्ता दिखाया गया, जो कि उसके साथ अन्याय हुआ है। यूपीसीए के मीडिया मैनेजर मोहम्मद फहीम ने कहा कि मुझे इसकी जानकारी नहीं है,ना ही मेरे पास कोई शिकायत आई है। मैं इस पूरे मामले को गंभीरता के साथ दिखवाता हूं। टीम में अच्छे खिलाड़ियों को जगह मिलनी ही चाहिए।

बुंडेसलीगा: जमाल मुसियाला के दो गोलों की बदौलत बायर्न म्यूनिख ने हॉफ़ेनहेम को 3-0 से हराया

बर्लिन। पिछले संस्करण की उपविजेता बायर्न म्यूनिख ने 2024 की शुरुआत जीत के साथ की। जमाल मुसियाला के दो गोल की मदद से टीम ने शुक्रवार को बुंडेसलीगा के 17वें दौर के मैचों में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रही हॉफ़ेनहेम को 3-0 से हरा दिया। बायर्न ने मैच के शुरुआत से ही गेंद पर ही कब्ज़ा जमाये रखा, मैच के 18वें मिनट में लेरॉय साने के पास पर जमाल मुसियाला ने बेहतरीन गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया। हालांकि इस गोल के बाद मध्यांतर तक दोनों ही टीमें कोई गोल नहीं कर सकींङ्ग मध्यांतर के बाद बॉयर्न ने वहीं से शुरुआत की जहां उन्होंने छोड़ा था और उन्हें लगा कि उन्होंने बढ़त दोगुनी कर ली है, जब 55वें मिनट में हैरी केन ने गोल किया, हालांकि उनके गोल को ऑफसाइड करार दे दिया गया। मैच के 70वें मिनट में मुसियाला ने मैच का अपना दूसरा गोल करते हुए बायर्न को 2-0 से आगे कर दिया। चार मिनट बाद, हॉफ़ेनहेम के लिए हालात बद से बदतर होते चले गए, जब ग्रिस्चा प्रोमेल को उनके दूसरे क्षमा न करने योग्य अपराध के लिए बाहर भेज दिया गया। इसके बाद बायर्न ने कोई दया नहीं दिखाई और हैरी केन ने सीजन का अपना 22वां गोल कर बायर्न को 3-0 से जीत दिला दी।

गेहूं, चावल व चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने का प्रस्ताव नहीं : पीयूष गोयल

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि सरकार के पास गेहूं, चावल और चीनी के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को हटाने का कोई भी प्रस्ताव फिलहाल नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत गेहूं और चीनी का आयात भी नहीं करेगा। पीयूष गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि केंद्र सरकार के पास गेहूं, चावल और चीनी के निर्यात पर लागू प्रतिबंध को हटाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भारत गेहूं और चीनी का आयात भी नहीं करेगा। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने घरेलू स्तर पर आटे की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण पाने के लिए मई 2022 में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। वहीं, जुलाई 2023 से गैर-बासमती चावल के निर्यात पर भी प्रतिबंध लगा हुआ है। इसके बाद सरकार ने अक्टूबर 2023 में चीनी के निर्यात पर भी रोक लगाने का आदेश जारी कर दिया था।

पीकेएल में बतौर रेफरी मौका देने के लिए आयोजकों का आभार: दमयंती बोरो

जयपुर। दमयंती बोरो कई वर्षों से पूर्वोत्तर में एक कोच के रूप में कबड्डी का नेतृत्व कर रही हैं। हालाँकि, उन्हें हमेशा अंपायरिंग में भी रुचि रही है और उन्होंने इस सीज़न में पहली बार प्रो कबड्डी लीग में तकनीकी अधिकारी बनने का अपना सपना पूरा किया। प्रो कबड्डी लीग द्वारा लिये गए साक्षात्कार में जब बोरो से पूछा गया कि उनका इस खेल से परिचय कैसे हुआ, तो उन्होंने कहा, ''मेरा बड़ा भाई भाला फेंक खिलाड़ी था और मैं उसके साथ मैदान में जाती थी। मैं उस समय छठी कक्षा में थी। तब मैंने कुछ लड़कियों को मैदान पर कबड्डी का अभ्यास करते देखा था।

एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स: जापान ने चेक गणराज्य को 2-0 से हराया

एजेंसी

रांची। एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स के मुकाबले शनिवार से शुरू हो गये।मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले गये दूसरे मुकाबले में जापान ने चेक गणराज्य की टीम को 2-0 से परास्त किया। इसमें जापान के लिए पहले ही क्वार्टर में मिउ सुजुकी ने एक गोल दाग दिया। दूसरे क्वार्टर में दोनों टीम एक दूसरे पर हमले करती रही। तीसरे क्वार्टर में जापान के लिए शिहोरी ओइकावा ने एक गोल दागकर अंतर 2-0 कर दिया। प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जापान की मिउ हसेगावा को मिला। इससे पहले ओलंपिक क्वालिफायर के लिए शुरू हुए पहले मैच में जर्मनी और चिली के बीच मुकाबला हुआ।इसमें जर्मनी ने 3-0 से जीत कर अभियान की शुरुआत की। जर्मनी की ओर से पहला गोल सेलिन ओरुज और दूसरा गोल जेट फ्लेसचुज ने तथा लिजा नोल्टे ने तीसरा गोल दागा था।

इसके बाद जापान-चेक गणराज्य के बीच मैच 2-0 के साथ खत्म हुआ। अब तीसरा मैच न्यूजीलैंड-इटली और चौथा भारत-अमेरिका के बीच होना है। मैच के दौरान स्टेडियम में मौजूद पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, खेल मंत्री हफीजुल हसन, खेल सचिव मनोज कुमार, हॉकी इंडिया के आरके श्रीवास्तव, भोलानाथ सिंह समेत अन्य ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। मैच में दर्शकों के लिए इंट्री फ्री रखा गया था। सुरक्षा के लिहाज से भी जगह-जगह पर पुलिस बल के जवान और अधिकारी भी तैनात रहे।

रणजी ट्रॉफी मैच के दौरान चोटिल हुए तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा

नई दिल्ली। शुक्रवार को अहमदाबाद में गुजरात के खिलाफ कर्नाटक के रणजी ट्रॉफी 2023-24 मैच के पहले दिन तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा के बाएं क्वाड्रिसेप्स में चोट लग गई, और बाद में उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की घरेलू श्रृंखला के पहले दो टेस्ट के लिए भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया। प्रसिद्ध 14.5 ओवर फेंकने के बाद लड़खड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए, इस दौरान उन्होंने मनन हिंगराजिया और सिद्धार्थ देसाई के विकेट लिए, जिससे कर्नाटक ने गुजरात को 88 ओवर में 264 रन पर रोक दिया। कर्नाटक टीम के फिजियो वर्तमान में प्रसिद्ध की देखभाल कर रहे हैं, लेकिन बीसीसीआई-अनुबंधित खिलाड़ी के रूप में, वह भारत ए के सहयोगी स्टाफ के साथ भी जुड़ सकते हैं, जो इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो दिवसीय मैच के लिए अहमदाबाद में ही हैं। लम्बर स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण लगभग एक साल तक एक्शन से बाहर रहने के बाद प्रसिद्ध ने भारत के हालिया दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान टेस्ट क्रिकेट में

पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे टी20 के लिए जोश क्लार्कसन की जगह विल यंग न्यूजीलैंड टीम में शामिल

एजेंसी

वेलिंगटन। कंधे की चोट के कारण जोश क्लार्कसन को पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे टी20 मैच के लिए न्यूजीलैंड टीम से बाहर कर दिया गया। टी20ई स्तर पर अनकैप्ड बल्लेबाज क्लार्कसन को मूल रूप से तीसरे टी20ई के लिए न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन की जगह लेनी थी। सीरीज का तीसरा टी20 मैच 17 जनवरी को खेला जाएगा। अंतिम दो मैचों के लिए लौटने से पहले, विलियमसन घुटने की समस्या से निपटने के लिए श्रृंखला के तीसरे टी20ई में नहीं खेलेंगे, जिसने उन्हें पिछले 12 महीनों में सबसे अधिक प्रभावित किया है।

अब क्लार्कसन के स्थान पर विल यंग को ब्लैक कैप्स टीम में शामिल किया गया है। यंग न्यूजीलैंड वनडे टीम के नियमित सदस्य हैं और उन्होंने पिछले साल आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में हिस्सा लिया था। उन्होंने 14 टी20 मैच खेले हैं, जिसमें 20 की औसत से 260 रन बनाए हैं। तीसरे टी20 में विलियमसन की अनुपस्थिति में मिचेल सेंटनर के न्यूजीलैंड की कप्तानी करने की उम्मीद है, हालांकि वह कोविड-19 के कारण पहले टी-20 में नहीं खेल पाए थे। ऑकलैंड में श्रृंखला के शुरुआती मैच में कीवी टीम ने 46 रनों से जोरदार जीत हासिल की। टिम साउथी ने 150 टी-20 अंतरराष्ट्रीय विकेट तक पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी बनकर खेल में इतिहास रच दिया। डेरिल मिशेल (27 गेंदों में चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 61 रन), कप्तान केन विलियमसन (42 गेंदों में 57 रन, नौ चौके) और फिन एलन (15 गेंदों में 34 रन, तीन चौके और तीन छक्के) ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 226 रन बनाए।

227 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान को सलामी बल्लेबाज सईम अयूब (आठ गेंदों में 27, दो चौके और तीन छक्के) और मोहम्मद रिजवान (14 गेंदों में 25, दो चौके और दो छक्के) ने अच्छी शुरुआत दी, लेकिन इसके बाद केवल बाबर आजम (35 गेंदों में छह चौके और दो छक्कों की मदद से 57 रन) ही संघर्ष कर सके और पाकिस्तान की टीम 18 ओवर में 180 रन पर ढेर हो गई।

न्यूजीलैंड की टीम इस प्रकार है: केन विलियमसन (कप्तान) (मैच 1, 2, 4 और 5), फिन एलन, मार्क चैपमैन, विल यंग (केवल मैच 3), डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), लॉकी फर्ग्यूसन (मैच 3, 4 और 5), मैट हेनरी, एडम मिल्ने, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनर, बेन सियर्स (मैच 1 और 2), टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), ईश सोढ़ी, टिम साउदी।

एफआईएच महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर : जर्मनी ने जीत से किया आगाज, चिली को 3-0 से हराया

एजेंसी

रांची। एफआईएच महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर का शनिवार को रांची में आगाज हो गया। मोरहाबादी के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में पहला मुकाबला जर्मनी और चिली के बीच खेला गया। पहले मुकाबले में जर्मनी ने टिकट टू ओलंपिक की शुरुआत चिली को 3-0 से हराकर की। जर्मनी ने मुकाबले की शुरुआत से ही आक्रमक खेल दिखाते हुए पहले क्वार्टर में 2-0 की बढ़त बनायी। एफआईएच महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर का पहला गोल 7वें मिनट में सेलिन ओरुज ने किया। जर्मनी को मिले दूसरे पेनाल्टी कार्नर को गोल में तब्दील कर मुकाबले में 1-0 की बढ़त बनायी। दूसरा गोल 10वें मिनट में जेत्ते फ़्लेस्कुटज ने शानदार फील्ड गोलकर लीड को 2-0 किया। पहले हाफ में 2-0 की लीड के बाद दूसरे हाफ में तीसरा गोल कर जर्मनी पर दबाव बढ़ा दिया। 38वें मिनट में लिसा नोल्टे ने फील्ड गोल किया। मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच सोनजा जिम्मेरमैन को मिला।

एलायंस एयर 21 जनवरी से लक्षद्वीप के लिए शुरू करेगी अतिरिक्त उड़ानें

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत-मालदीव विवाद के बीच लक्षद्वीप घूमने जाने वाले पर्यटकों के लिए खुशखबरी है। एलायंस एयर ने लक्षद्वीप के लिए अतिरिक्त उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। एलायंस एयर लक्षद्वीप समूह में परिचालन करने वाली एकमात्र भारतीय एयरलाइन कंपनी है। एयरलाइन ने शनिवार को 'एक्स' पर बताया कि एलायंस एयर 21 जनवरी से कोच्चि-अगत्ती-कोचचि के लिए अतिरिक्त फ्लाइट्स शुरू करेगी। यह अतिरिक्त फ्लाइट्स हफ्ते में दो दिन रविवार और बुधवार को अपनी उड़ानें भरेगी। पर्यटकों की बढ़ती मांग के कारण यह फैसला लिया गया है। उसकी अतिरिक्त उड़ानें 21 जनवरी से 27 मार्च तक के लिए होंगी। एलायंस एयर केरल के कोच्चि और लक्षद्वीप के अगत्ती द्वीप के बीच उड़ानें भरती है। अगत्ती एयरपोर्ट लक्षद्वीप का इकलौता हवाई अड्डा है। उल्लेखनीय है कि एलायंस एयर, एयर इंडिया की एक कम-कीमत वाली सहायक विमानन कंपनी है। एयरलाइन की स्थापना 1996 में हुई थी। इसका मुख्यालय मुंबई में है। एलायंस एयर की साप्ताहिक 357 उड़ानें 25 घरेलू गंतव्यों को जोड़ती हैं।

प्रो कबड्डी लीग में हमें कोई भी टीम नहीं रोक सकती: पुनेरी कोच बीसी रमेश

एजेंसी

जयपुर। पुनेरी पल्टन ने शुक्रवार को जयपुर में गुजरात जायंट्स को 37-17 से हराकर प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 में अपनी लगातार आठवीं जीत दर्ज की। जब पुनेरी पल्टन के मुख्य कोच बीसी रमेश से उनकी शानदार जीत के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, ''खिलाड़ी मैट पर बहुत अच्छा समन्वय कर रहे हैं और हमारे पास एक शानदार टीम संतुलन है। हमारे पास बेंच पर भी अच्छे खिलाड़ी हैं। हम अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। हमारे आगामी खेलों में हम बेंच पर बैठे खिलाड़ियों को अवसर देंगे। पुणे टीम के युवाओं में से एक - गौरव खत्री ने रात में 6 टैकल पॉइंट के साथ शानदार प्रदर्शन किया। उनके प्रदर्शन के बारे में हेड कोच ने कहा, ''गौरव वास्तव में एक अच्छा डिफेंडर है। वह बहुत साहस के साथ खेलता है और वह कभी भी अपने लिए नहीं खेलता है। वह हमेशा टीम की जरूरतों को अपनी जरूरतों से पहले रखता है। यह देखकर वाकई अच्छा लगता है। वह आने वाले मैचों में और भी अच्छा प्रदर्शन करेगा । बीसी रमेश ने आगे कहा, ''मुझे लगता है कि शादलौई, अबिनेश और गौरव इस सीजन में हमारे लिए शीर्ष तीन डिफेंडरों में से होंगे। शादलौई ने हमारे लिए एक रेड प्वाइंट भी हासिल किया। इसके अलावा, असलम एक महान ऑल-राउंड खिलाड़ी हैं। वह टीम के लिए रेड और टैकल पॉइंट उठाते हैं, और वह टीम को अच्छे से प्रबंधित कर रहे हैं। मुख्य कोच ने यह भी कहा कि इस सीज़न में पुनेरी पल्टन के रथ को कोई भी टीम नहीं रोक सकती है, उन्होंने कहा,''मुझे इस सीज़न के पहले मैच से पता था कि हमारे पास एक सुपर टीम है। ऐसी कोई भी टीम नहीं है जो हमें इस प्रतियोगिता में रोक सके।

पश्चिम बंगाल सरकार भ्रष्टाचारियों की पनाहगाह : अनुराग ठाकुर

एजेंसी

नयी दिल्ली/ कोलकता। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल की कानून-व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है।

श्री ठाकुर ने यहां पत्रकारों से कहा, पश्चिम बंगाल में जो पैसा जनता की भलाई के लिए आता है उसे लूटने का पूरा प्रबंध यहां है। भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई करने आई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर भी यहां पथराव और मारपीट कर उनका सर फोड़ने का काम किया जाता है। पश्चिम बंगाल की सरकार भ्रष्टाचारियों की पनाहगार है। क्या ममता बनर्जी ने अपने मंत्रियों, सांसदों और विधायकों को लूट की खुली छूट दे रखी है या यह लोग इनकी सुनते नहीं हैं? पश्चिम बंगाल में अगर किसी पुलिस अधिकारी के ऊपर भी भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं तो ममता बनर्जी उसको बचाने के लिए सड़क पर उतर आती हैं। करोड़ों रुपए बरामद होते हैं। टीएमसी के ही लोगों का नाम उसमें क्यों आता है? उन्होंने कहा कि कल पूरे भारत में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष पर राष्ट्रीय युवा महोत्सव मनाया गया लेकिन पश्चिम बंगाल के युवाओं को इनमें शामिल नहीं होने दिया गया। सुश्री बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में तुष्टिकरण की पराकाष्ठा खड़ी कर दी है। आज जब पूरे देश में राम नाम की गूंज है तब पश्चिम बंगाल में हिंदुओं को खुशियां भी नहीं मानने दिया जा रहा। यहां

कर्फ्यू जैसी स्थिति लगा दी गई है। अब हिंदू साधुओं के साथ मारपीट और उनकी हत्या के प्रयास के मामले सामने आए हैं। लगातार मीडिया में खबर चलाने के बाद अब जाकर कार्रवाई हुई है। सुश्री बनर्जी बताएं यह हिंदू विरोधी सोच क्यों? दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से जुड़े सवाल के जवाब में श्री ठाकुर ने कहा, ''जो लोग कभी कंाग्रेस के भ्रष्टाचार और देश से भ्रष्टाचार हटाने की बात करते थे वह आज स्वयं भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे हैं। आज उनके उपमुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद सब जेल में हैं। किसी को जमानत नहीं मिल रही। श्री केजरीवाल जी ने सिर्फ भ्रष्टाचार और अराजकता फैलाई है। जब जांच होती है तो यह लोग भागने का काम करते हैं। श्री ठाकुर ने विपक्ष दलों के गठबंधन का जिक्र करते हुए कहा, ''आज घमंडियां गठबंधन का अहंकार सर चढ़कर बोल रहा है। एक नेता दूसरे से बात नहीं करता। पश्चिम बंगाल में ही अधीर रंजन चौधरी साहब कुछ और कहते हैं, ममता बनर्जी कुछ और कहती हैं। इनके पास ना नेता है, ना नीति है, ना नियत है। उत्तर प्रदेश में भी बुआ और बबुआ की ज्यादा दिन तक नहीं चल पाई। आज सभी कैंप के नेता कमाई करने में लगे हैं। इसमें हर कोई एक दूसरे को संरक्षण दे रहा है। आर्थिक सवालों पर श्री ठाकुर ने कहा, ''2013-14 में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन शासन काल के दौरान 13 प्रतिशत महंगाई दर थी। आज पांच प्रतिशत है। वर्ष 2013-14 में न तो रूस -यूक्रेन युद्ध था, न तो कोविड आया था और ना ही विश्व मंदी की ओर जा रहा था।

केजरीवाल को ईडी से चौथी बार समन

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति मामले में चौथी बार समन भेजकर 18 जनवरी को पूछताछ के लिये हाजिर होने का निर्देश दिया। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक श्री केजरीवाल को नयी दिल्ली में ईडी के मुख्यालय में बुलाया गया है। इससे पहले उन्हें एजेंसी की ओर से तीन जनवरी, 21 दिसंबर और दो नवंबर 2023 को एजेंसी के समक्ष हाजिर होने के लिये समन जारी किये गये थे। श्री केजरीवाल इन तीनों ही तिथियों पर बयान देने के लिये नहीं पहुंचे। श्री केजरीवाल का नाम ईडी की ओर शराब घोटाला मामले में दाखिल आरोपपत्र में कई बार आया है। एजेंसी उन्हें जांच के सिलसिले में बराबर तलब कर रही है। ईडी का कहना है कि दिल्ली सरकार की 2021-22 की तथाकथिति गड़बड़ियों वाली शराब नीति तैयार करने में श्री केजरीवाल भी संलिप्त थे। इस मामले के आपराधिक पक्ष की जांच केन्द्रीय जांच ब्यूरो कर रहा है। दिल्ली के तत्कालीन मुख्य सचिव की रिपोर्ट पर उप राज्यपाल ने आबकारी नीति का मामला केन्द्रीय जांच ब्यूरो को सौंपा है।

केजरीवाल को चुनाव प्रचार से रोकने के लिए भाजपा ने ईडी से भिजवाया चौथा समन : गोपाल राय

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने शनिवार को कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव की तैयारी और चुनाव प्रचार करने से रोकने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रवर्तन निदेशाल (ईडी) से चौथा समन भिजवाया है।

श्री राय ने कहा कि श्री केजरीवाल को ईडी द्वारा एक फिर नोटिस भेजा गया है। श्री केजरीवाल लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर 18, 19 और 20 जनवरी को तीन दिवसीय दौरे पर गोवा जाएंगे और आज मीडिया के जरिए खबर मिली है कि ईडी ने समन जारी करके 18 जनवरी को बुलाया है। यह कोई इत्तेफाक नहीं है। ईडी इतने दिनों से चुप बैठी रही, लेकिन जब शुक्रवार को श्री केजरीवाल के गोवा दौरे का कार्यक्रम मीडिया में घोषित हुआ, तो

ईडी ने भी नोटिस भेज दिया। उन्होंने कहा कि इस नोटिस से यह साफ दिख रहा है कि भाजपा किसी भी तरह से विपक्ष के नेताओं को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकना चाहती है। श्री केजरीवाल लोकसभा चुनाव का प्रचार और चुनाव की तैयारियां न कर सकें, इससे रोकने के लिए भाजपा ईडी को अपना एक हथियार बना चुकी है। श्री राय ने कहा कि ईडी को भाजपा का राजनीतिक हथियान नहीं बनना चाहिए। साथ ही, भाजपा को भी ईडी का राजनीतिक दुरुप्रयोग करने से बचना चाहिए।

'वर्चुअल' गठबंधन 'वर्चुअल' बैठक कर रहाः नड्डा ने 'इंडिया' पर कसा तंज

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर कटाक्ष करते हुए शनिवार को कहा कि यह एक 'वर्चुअल' गठबंधन है, जो महज औपचारिकता लिए 'वर्चुअल' बैठकें कर रहा है और इसके नेताओं का दो-सूत्रीय एजेंडा अपने परिवारों और संपत्ति को बचाना है।

नड्डा ने पहली बार मतदान में हिस्सा लेने वाले युवकों से जुड़ने के मकसद से 'नमो नवमतदाता अभियान' शुरू करने के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत, युवाओं, किसानों एवं महिलाओं को सशक्त बनाने और गरीबी दूर करने के लिए काम कर रहे हैं, जबकि विपक्ष ''मोदी हटाओ'' की बात करता है। नड्डा ने कहा कि उन्होंने जब 'इंडिया' में शामिल दलों की बैठक के बारे में पूछा तो उन्हें बताया गया कि वे 'वर्चुअल' तरीके से मुलाकात कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, ''एक 'वर्चुअल' गठबंधन केवल 'वर्चुअल' बैठकें करेगा। यह औपचारिकताओं के लिए ऐसा करेगा। नड्डा ने ममता बनर्जी, शरद पवार, फारूक अब्दुल्ला और एम के. स्टालिन सहित अन्य नेताओं पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अब इस दुनिया को अलविदा कर चुके एम. करुणानिधि और प्रकाश सिंह बादल समेत कई नेता हमेशा अपने बच्चों के राजनीतिक भविष्य को लेकर चिंतित रहते थे। उन्होंने सवाल किया कि क्या अखिलेश यादव को अपनी पत्नी और लोकसभा सदस्य डिंपल यादव की चिंता नहीं है? नड्डा ने दावा किया कि वे सभी किसी न किसी मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच का सामना कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वे भ्रष्टाचार करते हैं, लेकिन जांच एजेंसियों को अपशब्द कहते हैं।

जब कोई अनभिज्ञ राम को काल्पनिक बताता है तो होती है पीड़ा : धनखड़

एजेंसी

जयपुर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राम-राज्य का आदर्श भारत के संविधान में निहित बताते हुए कहा है कि जब कोई अज्ञानी, इतिहास से अनभिज्ञ राम के काल्पनिक होने का हलफनामा दे देते हैं, तब पीड़ा होती है।

श्री धनखड़ ने शनिवार को जयपुर में आयोजित नेशनल इलेक्ट्रो होम्योपैथी सेमिनार के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राम और राम-राज्य का आदर्श भारत के संविधान में निहित है और संविधान के निर्माताओं ने इसको पराकाष्ठा पर रखा है। उन्होंने कहा ह्लहमारे संविधान में बीस से ज्यादा चित्र हैं और उनमें मौलिक अधिकारों के ऊपर जो चित्र है उसमें राम-लक्ष्मण-सीता हैं। जो लोग भगवान राम का निरादर कर रहे हैं, वास्तव में वह हमारे संविधान निर्माताओं का अनादर कर रहे हैं, जिन्होंने बहुत सोच समझकर विवेकपूर्ण तरीके से प्रभु राम के उन चित्रों को वहां रखा है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि समाज तभी स्वस्थ रहेगा जब समाज के सभी अंग एक साथ रहेंगे। हमारी संस्कृति यही कहती है सब मिलकर काम करो एकजुटता से रहो। उन्होंने कहा ह्लजो लोग समाज को हिस्सों में बांटना चाहते हैं, तात्कालिक राजनीतिक फायदे के लिए जहर फैलाना चाहते हैं, वे ही 35 बनाम एक की बात करते हैं, 20 बनाम 10 की बात करते हैं।ङ्क श्री धनखड़ ने कहा कि वह लोग समाज के ही दुश्मन नहीं बल्कि खुद के भी दुश्मन हैं और उनका आचरण अमर्यादित ही नहीं, घातक है। उन्होंने कहा मेरा अनुरोध है कि ऐसे तत्वों को सबक सिखाने की दरकार नहीं है क्योंकि वह अपने हैं। उनको जागरूक करने की दरकार है, उनको समझाने की दरकार है, सही रास्ते पर लाने की दरकार है और यह काम संस्थागत तरीके से नहीं अपने पड़ोस में होना चाहिए, अपने समाज में होना चाहिए, जिस वर्ग से हम जुड़े हुए हैं वहां होना चाहिए।ङ्क उन्होंने आह्वान किया कि हम सबका परम कर्तव्य है कि समाज को जोड़ने का कार्य करें। श्री धनखड़ ने उपमुख्यमंत्री डा प्रेमचंद बैरवा का जिक्र करते हुए कहा ह्लमैं पिछले साल सितंबर में धन्ना भगत जाट की जन्मस्थली चौरू धाम, दूदू जाना चाहता था। पर तत्कालीन सरकार ने कह दिया कि यहां पर हेलीकॉप्टर नहीं उतर पाएगा। स्वाभाविक है कि लोग चाहते हैं कि जब अपनों में से कोई ऊपर जाता है तो हम उसका स्वागत भी करें और अपेक्षा भी रखते हैं। तब श्री बैरवा के सुझाव पर किसान रामू लाल भामू ने जिलाधीश को लिखकर दिया कि मेरा खेत ले लो जिसमें तीनों हेलीकॉप्टर एक साथ उतर सकते हैं। उन्होंने लोगों से भारतीयता और राष्ट्रवाद के लिए प्रतिबद्ध रहने का आग्रह करते हुए कहा कि राष्ट्रहित सदैव सर्वोपरि रहना चाहिए। इस संदर्भ में उन्होंने लोगों को ऐसे तत्वों के विरुद्ध भी चेताया जो तात्कालिक राजनैतिक स्वार्थों के लिए समाज में बंटवारे और वैमनस्य के बीज डालते हैं, देश की उपलब्धियों को कमतर आंकते हैं, समाज में देश की प्रगति के बारे भ्रांतियां फैलाते हैं। उन्होंने प्रबुद्ध समाज से आग्रह किया कि वे ऐसे लोगों से प्रतिशोध न लें बल्कि उनका मार्गदर्शन करें, देश हित में उन्हें समझाएं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत का लोहा तो आज विकसित देश भी मान रहे हैं। भारतीय मेधा और प्रतिभा की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आज हर अंतरराष्ट्रीय संस्था और विश्व की हर बड़ी कंपनी के उच्च पदों पर भारतीय या भारतीय मूल के नागरिक आसीन हैं। पिछले दशक में भारत की उपलब्धियों को बताते हुए उन्होंने कहा ह्लहाल के वर्षों में हम कहां से कहां पहुंच गए, आज हम विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था हैं कुछ वर्षों में हम जापान और जर्मनी से भी आगे विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होंगें। इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि भारत कभी किसी को पीछे नहीं छोड़ता, वह महज अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ता जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा सामाजिक सशक्तिकरण और विकास की दिशा में किए गए प्रयासों की चर्चा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि जब प्रधानमंत्री लालकिले की प्राचीर से स्वच्छता और शौचालय का आह्वाहन करते हैं तो देश का मानस और मानसिकता बदलती है। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ के देश में 11 करोड़ शौचालयों का निर्माण, 10 करोड़ ग्रामीण महिलाओं को रसोई के धुएं से मुक्ति दी गई। संसार का सबसे व्यापक स्वास्थ्य सुरक्षा कार्यक्रम ह्लआयुष्मान भारतङ्क चलाया जा रहा है। जन स्वास्थ्य के संदर्भ में ही उपराष्ट्रपति ने लोगों से आग्रह किया कि वे आयुर्वेद की हजारों सालों की पूंजी को अपनाएं। उन्होंने सरकार द्वारा औषधीय वनस्पतियों के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए नेशनल मेडिसिनल प्लांट बोर्ड की स्थापना को सराहनीय प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद की तरह इलेक्ट्रो होम्योपैथी भी औषधीय वनस्पतियों के रस पर आधारित है। इसी क्रम में उन्होंने किसानों से भी आग्रह किया कि वे अपने युवाओं को कृषि और कृषि संबंधित व्यवसाय अपनाने के लिए प्रोत्साहित करें। उपराष्ट्रपति ने कहा कि राजस्थान की तरह अन्य राज्य भी इलेक्ट्रो होम्योपैथी का अनुमोदन करें, इसके लिए प्रयास होने चाहिए।

राजनाथ सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के समारोह की अध्यक्षता करेंगे

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को कानपुर वायु सेना स्टेशन में पूर्व सैनिकों की रैली के साथ आठवें सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के राष्ट्रव्यापी समारोह की अध्यक्षता करेंगे। श्री सिंह सर्वोच्च बलिदान और समर्पित सेवा के लिए युद्ध स्मारक पर देश के रणबांकुरों को पुष्पांजलि भी अर्पित श्रद्धांजलि भी अर्पित करेंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इस वर्ष तीनों सेनाओं द्वारा यह कार्यक्रम देश भर में 10 स्थानों, श्रीनगर, पठानकोट, दिल्ली, कानपुर, अलवर, जोधपुर, गुवाहाटी, मुंबई, सिकंदराबाद और कोच्चि में मनाया जा रहा है। सिकंदराबाद में कार्यक्रम की अध्यक्षता रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट करेंगे। दिल्ली में यह कार्यक्रम मानेकशॉ सेंटर में आयोजित किया जाएगा और इसमें वायुसेना प्रमुख और नौसेना प्रमुख शामिल होंगे। सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपराज्यपालों से अपने-अपने प्रदेशों में इस दिन को मनाने का आग्रह किया गया है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न हस्तियों को पदक, स्मारिका और मान्यता प्रमाण पत्र आदि से सम्मानित किया जाएगा। समारोह के हिस्से के रूप में पूर्व सैनिकों के लिए एक गीत 'वी फॉर वेटरन्स' भी बजाया जाएगा। सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस हर साल 14 जनवरी को मनाया जाता है क्योंकि 1947 के युद्ध में सेना को जीत दिलाने वाले भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल के एम करियप्पा 1953 में इसी दिन सेवानिवृत्त हुए थे। यह दिवस पहली बार 2016 में मनाया गया था और तब से हर साल पूर्व सैनिकों के सम्मान में इस तरह के कार्यक्रमों की मेजबानी करके इसे मनाया जाता है।

'इंडिया' गठबंधन के प्रति संकल्पित : टीएमसी

कोलकाता। विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन की डिजिटल बैठक से दूर रहने वाली तृणमूल कांग्रेस ने शनिवार को इसके प्रति अपनी प्रतिबद्धता जतायी लेकिन साथ ही कहा कि कांग्रेस को पश्चिम बंगाल में अपनी सीमाओं को पहचानना चाहिए और पार्टी को यहां राजनीतिक लड़ाई का नेतृत्व करने देना चाहिए। विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के शीर्ष नेता शनिवार को गठबंधन को मजबूत करने, सीट बंटवारे पर एक 'फॉर्मूला' तैयार करने और विपक्षी दलों के गठबंधन का संयोजक बनाने पर निर्णय लेने पर चर्चा कर रहे हैं। यह दूसरा ऐसा प्रयास है क्योंकि कुछ दिन पहले डिजिटल बैठक आयोजित करने का पिछला प्रयास सफल नहीं हो पाया था। स्थिति के बारे में जानकारी रखने वाले टीएमसी के एक सांसद ने गठबंधन के प्रति पार्टी के 'समर्पण' पर जोर देते हुए कहा, 'हम 'इंडिया' गठबंधन के लिए प्रतिबद्ध हैं और भारतीय जनता पार्टी को हराने के लिए मिलकर काम करना चाहते हैं। लेकिन हम ईमानदारी से चाहते हैं कि कांग्रेस नेतृत्व अपनी पश्चिम बंगाल इकाई की सीमाओं और कमजोरियों को स्वीकार करे और हमें (टीएमसी) को राज्य में लड़ाई का नेतृत्व करने दे। टीएमसी ने शुक्रवार को कहा कि ममता बनर्जी डिजिटल बैठक में शामिल नहीं हो पाएंगी।

इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद मिले खडगे-राहुल-केजरीवाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की शनिवार को यहां वर्चुअल बैठक हुई जिसमें सीटों के बंटवारे के साथ ही कंाग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे को गठबंधन का अध्यक्ष बनाने पर सहमति बनी लेकिन इसकी अभी अधिकारी घोषणा नहीं की गयी। श्री खडगे को गठबंधन का अध्यक्ष बनाने की पेशकश जनता दल यू के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने की और कहा कि गठबंधन का नेतृत्व सबसे बड़े घटक दल कंाग्रेस को ही करना चाहिये। बैठक में श्री कुमार को संयोजक बनाने का भी प्रस्ताव आया, जिस पर सभी दलों के नेताओं ने सहमति जताई लेकिन श्री कुमार ने संयोजक बनने की जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया। बैठक में सीटों के बंटवारे को लेकर भी चर्चा हुई। कंाग्रेस की राष्ट्रीय गठबंधन समिति हालांकि लगातार विभिन्न घटक दलों के साथ सीट बंटवारे को लेकर बैठक कर रही है और अब तक समिति महाराष्ट्र, बिहार, पंजाब तथा दिल्ली में सीटों के बंटवारे को लेकर चर्चा कर चुकी है, और इस बारे में अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका है। इस क्रम में आज महत्वपूर्ण घटनाक्रम यह रहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री तथा आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल श्री खडगे से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। श्री केजरीवाल ने सीटों के बंटवारे को लेकर श्री खडगे तथा कंाग्रेस नेता राहुल गांधी से कंाग्रेस अध्यक्ष के आवास 10 राजाजी मार्ग व्यापक चर्चा की। समिति दिल्ली में सीटों के बंटवारे को लेकर आम आदमी पार्टी के नेताओं के साथ दो दौर की बैठक कर चुकी है। इन बैठकों के बाद श्री केजरीवाल, श्री खडगे तथा श्री गांधी की आज हुई मुलाकात को महत्वपूर्ण माना जाना जा रहा है। इस बीच, श्री खडगे ने गठबंधन की बैठक की जानकारी देते हुये कहा, ''इंडिया गठबंधन के नेताओं की वर्चुअल बैठक में विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। बैठक में सीट बंटवारे पर सकारात्मक तरीके से चर्चा आगे बढ़ी, जिस पर सभी ने खुशी जाहिर की। हमने बैठक में गठबंधन दलों के होने वाले संयुक्त कार्यक्रमों के बारे में भी चर्चा की।

पेज एक का शेष

महिलाओं का स्वावलंबन...

1001 महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित किए थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो संजीवनी वैन (मोबाइल मेडिकल वैन) को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वैन एसबीआई फाउंडेशन, एनएसडीएल एवं ग्रामीण विकास ट्रस्ट की संयुक्त पहल से उपलब्ध कराए गए हैं। इस अवसर पर सीएम योगी ने बताया के इसमें से एक मोबाइल मेडिकल वैन चंदौली और सोनभद्र के जनजातीय क्षेत्रों में जाएगी जबकि दूसरी गोरखपुर के वनटांगिया, मलिन बस्तियों, मुसहर, थारू बाहुल्य गांवों तथा भारत-नेपाल सीमा के सुदूर गांवों में जाकर मेडिकल सुविधा प्रदान करेगी। इन मेडिकल मोबाइल वैन में अस्पतालों जैसी सभी सुविधाएं होंगी और इनमें डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती रहेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी लोगों को मकर संक्रांति (खिचड़ी) समेत आगामी पर्वों और 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की बधाई और शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर लोगों से कुछ विशेष अनुरोध भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 500 वर्षों के इंतजार के बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम के अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने की घड़ी को लेकर हर सनातनी, भारतवासी प्रफुल्लित है। मंदिर निर्माण के आंदोलन में कई पीढ़ियों ने खुद को खपा दिया। सबके पूर्वजों का इसमें किसी न किसी रूप में योगदान रहा। सीएम ने कहा कि सभी लगों का दायित्व है कि वे कल (14 जनवरी) से हर गांव, कस्बे में स्वच्छता के वृहद अभियान का हिस्सा बनें। प्राण प्रतिष्ठा ईश्वरीय कार्य है और ईश्वर वहीं आते हैं जहां स्वच्छता रहती है। उन्होंने कहा कि 16 जनवरी से घरों में और सभी देव मंदिरों के रामायण पाठ, रामनाम संकीर्तन शुरू करें। 22 को अयोध्या का समारोह लाइव देखें। मुफ्त सिलाई मशीन वितरण समारोह में सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी ने इस सोच को समाप्त कर दिया है कि महिलाएं कमजोर होती हैं। दोनों नेतृत्वकर्ताओं ने महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान देने के बाद उन्हें स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने की अनेक सौगात भी दी है। अभिषेक सिंहानिया ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महिला सशक्तिकरण की पहल का अनुसरण करते हुए जेके ग्रुप ने भी महिलाओं की आत्मनिर्भरता के लिए कदम बढ़ाएं हैं। कार्यक्रम को महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक फतेह बहादुर सिंह, विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, काशी से आए महामंडलेश्वर संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास, एनएसडीएल की एमडी पद्मजा चंदोक, जेके ग्रुप से वर्षा सिंहानिया, वेदांग सिंहानिया, मनीष मानसिंहका, आशीष चौहान, सेवा भारती के प्रांत अध्यक्ष राहुल सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने महिलाओं को सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण प्रदान करने में सहयोग करने वाले शिक्षकों और विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में शिप्रा सिंह, स्नेहलता सिंह, डॉ. मन्जेश्वर, मीना पांडेय, विनय कुमार सिंह, संयोगिता गुप्ता, कमलावती देवी और विद्यार्थियों के बीएड से अपर्णा सिंह, आशीर्वाद कश्यप, अरुण कुमार, गीतांजलि सिंह, श्वेता पटेल, किशन रौनियार, नरसिंह पासवान, हिमांशु सिंह, बबली यादव, मुकेश यादव, बबली चौहान, विनय सिंह, पंकज चौरसिया, सुमित चौरसिया, जयकिशुन चौरसिया और निमिष सिंह शामिल रहे। अलग-अलग वर्गों में हुए सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण के टॉपर्स को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों सिलाई मशीन और कम्बल का उपहार प्राप्त करने का अवसर मिला। इनमें महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसन प्रशिक्षण केंद्र के सती अनुसुइया वर्ग की टॉपर रिंकू साहनी, सती सावित्री वर्ग की खुशी निषाद, भक्त शबरी वर्ग की शाहिदा खातून, योगिराज बाबा गंभीरनाथ सेवाश्रम प्रशिक्षण केंद्र संख्या एक के राधारानी वर्ग की शीला देवी, महारानी रुक्मिणी वर्ग की रानी, भक्त मीरा वर्ग की रागिनी, योगिराज बाबा गंभीरनाथ सेवाश्रम प्रशिक्षण केंद्र संख्या दो के मां लक्ष्मी वर्ग की अंजली, मां सरस्वती वर्ग की पलक शर्मा, मां पार्वती वर्ग की प्रियंका, महाराणा प्रताप बालिका इंटर कॉलेज सिविल लाइंस प्रशिक्षण केंद्र के विदुषी गार्गी वर्ग की शिवांगी सिंह, विदुषी मैत्रेयी वर्ग की निशा और विदुषी विश्वारा वर्ग की नेहा कुमारी शामिल रहीं। मुख्यमंत्री ने सिलाई मशीन पाने वाली बालिकाओं और महिलाओं के साथ फोटो खिंचवाई, उनका कुशलक्षेम पूछा और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

जल, थल और नभ...

250 पुलिस गाइड की तैनाती की गई है। इसके अलावा 14 जनवरी को डिजिटल टूरिस्ट एप को लांच किया जाएगा। योगी सरकार धाम की सुरक्षा को अभेद्य बनाने के लिए लेटेस्ट टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रही है। इसके तहत नगर निगम के आईटीएमएस, पुलिस के माध्यम से सीसीटीवी, कन्ट्रोल रूम एवं पब्लिक सीसीटीवी के माध्यम से पूरे शहर की निगरानी की जा रही है। इसके लिए पब्लिक सीसीटीवी के 1500 कैमरों को आईटीएमएस से इन्टीग्रेट किया गया है। वहीं यलो जोन में 10,715 स्थानों पर चेहरा पहचान एआई आधारित बडी स्क्रीनें आईटीएमएस से इन्टीग्रेट की गई हैं। साथ ही, ओएफसी लिंक कैमरों की व्यवस्था की गई है। पूरी सुरक्षा व्यवस्था में 'एआई तकनीक का भरपूर इस्तेमाल किया जा रहा है। साथ ही, एंटी ड्रोन सिस्टम पूरी तरह से सक्रिय मोड पर है। एंटी ड्रोन सिस्टम के माध्यम से अति संवेदनशील अयोध्या के रेड और येलो जोन को सुरक्षित किया गया है। इस सिस्टम के माध्यम से 5 किलोमीटर की परिधि में उड़ने वाले किसी भी ड्रोन को लोकेट किया जा सकेगा। यह एंटी ड्रोन सिस्टम इजराइल की कंपनी द्वारा निर्मित विश्व का आधुनिकतम तकनीक वाला है। इसके माध्यम से किसी भी ड्रोन को निष्क्रिय किया जा सकता है। पूरे धाम को 12 एंटी ड्रोन सिस्टम से लैस किया गया है। इसके माध्यम से जल, थल और नभ में चल रही सारी गतिविधियों को देखा जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान वीआईपी की सुरक्षा और उन्हें कोई परेशानी न हो, इसके लिए बार कोड का इस्तेमाल किया जा रहा है।

भारत की...

दल में ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय के पाकिस्तान और अफगानिस्तान में सुरक्षा अभियानों के विभाग के प्रमुख रिचर्ड लिंडसे के अलावा, सैम शेरमैन, अल्बर्ट डेविड, रस मैकपार्टलैंड, स्नेहा लाल, आकाश अशरफ और अदीला खान शामिल थे।

सीमा सड़क संगठन...

यह योजना देश के भीतरी और दूर-दराज के इलाकों में काम करने वाले सीपीएल के लिए सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण से जुड़े एक उपाय के रूप में काम करेगी। इससे उनके परिवारों की आजीविका सुरक्षित करने में काफी मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि रक्षा मंत्री ने हाल ही में सीपीएल की बेहतरी के लिए कई कल्याणकारी उपायों को मंजूरी दी थी। इनमें पार्थिव शरीर के संरक्षण एवं परिवहन तथा सहायक (अटेंडेंट) के परिवहन भत्ते की सुविधा, अंत्येष्टि संबंधी सहायता 1,000 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये किया जाना और मृत्यु आदि की स्थिति में तत्काल सहायता के रूप में 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि का अग्रिम भुगतान शामिल है।

आध्यात्मिक जगत...

भाषा उस पर भी उनकी अद्भुत पकड़ थी तथा शास्त्रों का उन्हें गहरा ज्ञान प्राप्त था। उनके मुख से जिसने भी रामायण की मधुर कथा सुनी, वो कभी नहीं भूल पाया। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में अयोध्या में रामजन्म भूमि मंदिर का भी उल्लेख किया । उन्होंने कहा, 'हम सब कल्पना कर सकते हैं कि आज जब अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होने जा रहा है, तो श्री सोनल मां कितनी प्रसन्न होंगी। उन्होंने श्रीराम मंदिर में रामलला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन 22 जनवरी को सभी से हर घर में श्रीराम ज्योति प्रज्वलित करने का का आग्रह। श्री मोदी ने मंदिरों में स्वच्छता के लिये कल से शुरू किये गये विशेष अभियान का भी उल्लेख किया। इस दिशा में भी हमें मिलकर काम करने का आह्वान किया । उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है, हमारे ऐसे प्रयासों से श्री सोनल मां की खुशी अनेक गुणा बढ़ जायेगी। समारोह में समाज की वर्तमान आध्यात्मिक मुखिया गादीपति- कंचन मां धाम के व्यवस्थापक गिरीश आपा और समाज के बड़ी संख्या में आये लोग शामिल थे।

बंगाल में उत्तर...

गंगासागर नहीं जाएंगे। हम लोग अब घर लौट जाएंगे।' साधु गोस्वामी के साथ पुरुलिया से भाजपा सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो भी थे। पश्चिम बंगाल की मंत्री शशि पांजा ने कहा, भाजपा जरूरी सवालों के जवाब नहीं देती। इसके बजाय वे कुछ और पूछने लगते हैं। स्थानीय लोगों ने साधुओं को इसलिए पीटा, क्योंकि उन पर 3 लड़कियों को अगवा करने का आरोप था। स्थानीय लोगों ने लड़कियों को छुड़ाया। जांच जारी है, लेकिन पुरुलिया के भाजपा नेता घटना को गलत तरीके से पेश कर रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने घटना को पालघर पार्ट-2 करार दिया। उन्होंने कहा कि टीएमसी के गुंडों ने साधुओं को बुरी तरह पीटा। पालघर की घटना महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के कार्यकाल में सामने आई थी। पालघर पार्ट-2 ममता बनर्जी के कार्यकाल में हुआ है। क्या ये हिंदुओं के खिलाफ क्राइम नहीं है? अगर बंगाल में साधु-संतों को पीटा जा रहा है तो यहां कानून-व्यवस्था की स्थिति कैसी है? बंगाल के हालात चौंकाने वाले हैं।

पूरा देश सचमुच...

का अवसर दिया। आडवाणी ने कहा, ''मेरा मानना है कि कोई भी घटना अंततः वास्तविकता में घटित होने से पहले व्यक्ति के मन-मस्तिष्क में आकार लेती है। उस समय मुझे लग रहा था कि नियति ने यह निश्चित कर लिया है कि एक दिन अयोध्या में श्रीराम का एक भव्य मंदिर अवश्य बनेगा; बस अब केवल समय की बात है। बिहार में आडवाणी की गिरफ़्तारी के बाद आडवाणी की रथयात्रा रोक दी गई, लेकिन इस आंदोलन के कारण उत्पन्न हुए लोकप्रिय उभार ने भाजपा को राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में ला दिया, जिससे पार्टी के लिए 1990 के दशक के अंत में वाजपेयी के नेतृत्व में केंद्र में उसकी पहली सरकार बनी।

राज्य में जन सहभागिता से स्वच्छता अभियान व्यापक स्तर पर चलाएं : धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री ने शनिवार को उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को राज्य में स्वच्छता अभियान व्यापक स्तर पर चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि शहरों को स्वच्छता रैंकिंग में ऊपर लाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए। मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उच्च स्तरीय बैठक लेते हुए कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता के साथ ही इसके लिए जन सहभागिता भी सुनिश्चित की जाय। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में करोड़ों श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं। यह सुनिश्चित किया जाये कि देवभूमि उत्तराखंड की स्वच्छता का संदेश देश- दुनिया तक जाए। शहरों के सौंदर्यीकरण और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की दिशा में भी निरंतर कार्य किए जाये। उन्होंने कहा कि जन सहभागिता से ही जन

शहरों को स्वच्छता रैंकिंग में ऊपर लाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए

जनपद और ब्लॉक स्तर पर जन उपयोगी पुस्तकों की लाइब्रेरी बनाई जाए

सरोकारों से संबंधित अभियान सफल होते हैं, स्वच्छता अभियान में भी जन सहभागिता और सामाजिक संगठनों का पूरा सहयोग लिया जाये। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि एक साल के अंदर देहरादून, हरिद्वार, रुद्रपुर, हल्द्वानी और कोटद्वार को स्वच्छता रैंकिंग में ऊपर लाने के लिए सुनियोजित योजना बनाकर कार्य किए जाय। जिन राज्यों में स्वच्छता के लिए अच्छे कार्य हुए हैं, उन राज्यों की बेस्ट प्रैक्टिस को भी अपनाया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बुके नहीं बुक की संस्कृति बनाई जाये, विभिन्न कार्यक्रमों और अतिथियों को भेंट करने के लिए बुके के स्थान पर बुक भेंट की जाय। हर जनपद और ब्लॉक में एक-एक लाइब्रेरी बनाई जाय। लाइब्रेरी में जन सामान्य और प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने वालों के लिए के लिए उपयोगी पुस्तकों की व्यवस्था की जाये। उन्होंने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को नशा मुक्त अभियान से जोड़ने के उद्देश्य से स्कूलों में खेल मैदानों को सुदृढ़ करने के लिए शिक्षा विभाग से समन्वय कर विकास प्राधिकरण और नगर निकाय कार्य करें, ताकि शैक्षणिक समय के बाद इन खेल मैदानों का खेल प्रेमियों की सुविधा के लिए बेहतर उपयोग हो सके।

अयोध्या जाएंगे आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में पुनर्स्थापित भव्य दिव्य श्रीराम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण पत्र जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज को विश्व हिन्दू परिषद उत्तराखण्ड के प्रांत संगठन मंत्री अजय कुमार ने दिया। अवधेशानंद गिरि महाराज ने प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण पत्र पर अत्यंत हर्ष प्रकट किया और 22 जनवरी को अयोध्या आगमन पर सहमति प्रदान की। स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने निमंत्रण पत्र को प्राप्त करते हुए कहा कि यह मेरे लिए अत्यंत गौरव का विषय है। सदियों का संघर्ष अब अयोध्या में प्रत्यक्ष साकार रूप में फलीभूत होता दर्शित हो रहा है। भारत के कण-कण में राम हैं। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा ने भारत की सुप्त आत्मा को जागृत करने का काम किया है। राम मंदिर के निर्माण से सशक्त राष्ट्र का निर्माण होने वाला है। राम मंदिर के निर्माण से भारत में रामराज्य आने वाला है। भारत की जयजयकार दुनिया में हो रही है। यह वास्तव में भारत की सुप्त आत्मा है। यही भारत को दुनिया के अंदर सर्वशक्तिशाली बनायेगी। भारत के प्रत्येक व्यक्ति के मन में जो रामभक्ति है वहीं राष्ट्रभक्ति है, उसको हम नमन करते हैं। राजनीति तोड़ने का कार्य करती है, धर्म जोड़ता है। राम मंदिर ने देश को जोड़ दिया है। अजय कुमार प्रांत संगठन मंत्री विश्व हिन्दू परिषद उत्तराखण्ड ने कहा कि आज वर्तमान समय की महती आवश्यकता है कि हमें छुआछूत, ऊंचनीच, जातिगत भेदभाव छोड़ देने चाहिए। हम सब राम के हैं राम हमारे हैं। हम सब एक हैं। इस भाव के जागरण की बहुत आवश्यकता है। अपने निजी स्वार्थों को छोड़कर देश और धर्म के लिए जीने के लिए जरूरत है। हम संपूर्ण विश्व का मार्गदर्शन कर सकें ऐसे भारत का निर्माण हमें करना है।

रामलला प्राण प्रतिष्ठा का दिन भारत के लिए होगा गौरवशालीः निरंजन स्वामी

हरिद्वार। पुरुषार्थ आश्रम के अध्यक्ष महामनीषी निरंजन स्वामी महाराज ने कहा है कि अयोध्या में होने जा रहे राम मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का दिन भारत के लिए ऐतिहासिक एवं गौरवशाली होगा। वर्षों की प्रतिक्षा के बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम का दिव्य भव्य मंदिर निर्माण होने जा रहा है। संत समाज और सनातन प्रेमियों का दायित्व है कि इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को दीपावली पर्व के रूप में मनायें। निरंजन स्वामी महाराज ने कहा कि प्रभु श्रीराम जन जन के आराध्य और प्रत्येक भारतवासी की आस्था का केंद्र है। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को राजनीतिक रंग न देकर सभी भारतवासी प्रभु श्रीराम का गुणगान करते हुए इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बन अपने घरों में घी के दीए जलाएं। प्रभु श्रीराम हमारे आदर्श और भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म का आधार है। प्रभु श्रीराम का नाम मात्र लेने से व्यक्ति का जीवन भवसागर से पर हो जाता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में निर्मित प्रभु श्रीराम का मंदिर विश्व दर्शनीय एवं विश्व वंदनीय होगा। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जगत कल्याण के लिए हर युग में अवतरित होते हैं। हम सभी

सड़क की मांग: हल्ला बोल पदयात्रा पहुंची कुंजाऊ, लगे जिलाधिकारी व पीएमजीएसवाई के विरोध में नारे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोपेश्वर। चमोली जिले के जोशीमठ ब्लॉक के उर्गम घाटी के डुमक गांव को सड़क मार्ग से जोड़ने को लेकर ग्रामीण युवाओं की हल्ला बोल पदयात्रा शनिवार 13वें दिन कुजाऊं पहुंच गई है। जहां पर ग्रामीणों के साथ ही पदयात्रियों ने जिलाधिकारी और पीएमजीएसवाई के अधिकारियों के विरोध में नारेबाजी कर शीघ्र सड़क निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की है, वहीं दूसरी ओर डुमक गांव में 18वें दिन ग्रामीणों का धरना जारी है। गौरतलब है कि सैंजी लगा मैकोट-बैमरू-डुमक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य शुरू करने की मांग को लेकर बीते 27 दिसम्बर से डुमक गांव में धरना दिया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में खासा रोष व्याप्त है। वहीं एक जनवरी से डुमक के बजीर मंदिर से हल्ला बोल पदयात्रा निकाली गई थी जो क्षेत्र के विभिन्न गांवों से होते हुए शनिवार को 13वें दिन कुजाऊ पहुंची जहां पर ग्रामीणों के साथ बैठक की गई। इसमें ग्राम प्रधान कुजाऊं दिलबर सिंह भंडारी, दर्शन सिंह भंडारी, बलवंत सिंह बिष्ट ने कहा कि वर्ष 2007-08 में स्वीकृत मोटर मार्ग का निर्माण कार्य आधा अधूरा छोड़ा गया है। साथ ही सड़क का समरेखण परिवर्तन कर डुमक गांव को इसके लाभ से वंचित किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में खासा रोष व्याप्त है।

बीएचईएल में सुरक्षा एवं पर्यावरण सम्बंधी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। बीएचईएल में मनाए गए सुरक्षा पखवाड़ा तथा पर्यावरण माह के दौरान आयोजित की गई, विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित करने के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएचईएल हरिद्वार के कार्यपालक निदेशक प्रवीण चन्द्र झा और विशिष्ट अतिथि कार्यपालक निदेशक (ओएसडी) टीएस मुरली थे। समारोह में प्रवीण चन्द्र झा ने कहा कि हमें अपने दैनिक जीवन में भी सुरक्षा नियमों को अपनाना होगा, तभी हम शून्य क्षति के लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि बढ़ते हुए प्लास्टिक प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए, हमें प्लास्टिक के प्रयोग को न्यूनतम स्तर पर लाने का प्रयास करना होगा। टीएस मुरली ने भी सभी से पर्यावरण के अनुकूल क्रिया-कलाप करने की अपील की तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने पर जोर दिया। समारोह में सुरक्षा पखवाड़ा और पर्यावरण माह के दौरान आयोजित की गई प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने पुरस्कृत किया गया। सुरक्षा एवं पर्यावरण से सम्बंधित एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। इससे पहले महाप्रबंधक (डब्ल्यूईएंडएस, सीआईएक्स) जेके पुन्डीर ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (पीसीआरआई) मनीष सचान ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए गए प्रयासों से सभी को अवगत कराया। साथ ही सुरक्षा अधिकारी सुधीर कुमार सिंह तथा सुनील कुमार साहू ने, क्रमशः हीप तथा सीएफएफपी की सुरक्षा एवं पर्यावरण सम्बंधित कार्यों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर प्रमुख (एचएसई हीप) एके कटारिया सहित कई महाप्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारी, सीआईएसएफ तथा यूनियन एवं एसोसिएशन प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। अपर महाप्रबंधक (पीसीआरआई) रजनीश गुप्ता ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

संक्षिप्त समाचार

सोनिया बस्ती में आप ने लगाया मोहल्ला रिपेयर कैंप

हरिद्वार। आम आदमी पार्टी ने सोनिया बस्ती में 12 वां निःशुल्क मोहल्ला रिपेयर कैंप लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष इंजीनियर संजय सैनी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के मोहल्ला रिपेयर कैंप को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। अब तक लगाए गए कैंपों के माध्यम से काफी लोगों को राहत प्रदान की है, जिसका असर है की जिन वार्डों में कैंप लगाकर कार्य कराए गए हैं, वहां से बार-बार कैंप लगाने की फरमाइश आ रही है। आम आदमी पार्टी काम की राजनीति करती है। इसका असर अब प्रत्येक वार्ड में दिखने लगा है। पूर्व महानगर अध्यक्ष अनिल सती ने कहा कि आम आदमी पार्टी का परिवार लगातार बढ़ रहा है। हरिद्वार में लगातार पार्टी के मोहल्ला रिपेयर कैंप से लोग जुड़ रहे हैं। दिल्ली, पंजाब जैसे बड़े राज्यों में सरकार ने कई अभूतपूर्व योजनाएं लागू की हैं, जिनका असर अब जनता में दिखने लगा है। पूर्व जिला अध्यक्ष सीवाईएसएस अमनदीप ने कहा कि मोहल्ला रिपेयर कैंप स्कीम लोगों को प्रभावित कर रही है। जनता बदलाव चाहती है। वार्ड अध्यक्ष सोनू कुमार ने कहा की सोनिया बस्ती वाल्मीकि बस्ती में सभी लोगों के काम कराए जा चुके हैं। क्षेत्र के लोगों की भर्ती मांग को देखकर आज भी मोहल्ला रिपेयर कैंप लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान कराया। कैंप में पूर्व जिला अध्यक्ष इंजीनियर संजय सैनी, पूर्व महानगर अध्यक्ष अनिल सती, पूर्व जिला अध्यक्ष सीवाईएसएस अमनदीप, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष धीरज पीटर, संजय गौतम गुलशन कुमार मौजूद रहे।

एसएसपी ने दारोगा को किया निलंबित

हरिद्वार। एसएसपी प्रमेन्द्र डोभाल ने विजिलेंस टीम ने पीआरडी जवान के रिश्वत लेते पकड़े जाने और दारोगा पंकज के वहां से भागे जाने पर दारोगा पंकज को निलंबित कर दिया है। एसएसपी ने इस मामले की जांच सीओ सदर निहारिका सेमवाल को सौंपी है। वहीं विजिलेंस की टीम दरोगा पंकज की तलाश में जुटी है। गौरतलब कि बीते दिनों विजिलेंस की टीम ने बहादराबाद थाने की शांतरशाह चौकी में एक पीड़ित की शिकायत पर छापेमारी की थी। इसके चलते टीम ने पीआरडी जवान सुरेन्द्र को रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोचा था, जबकि मुख्य आरोपित दारोगा पंकज कुमार मौके से भागने में कामयाब रहा था। इसी के चलते एसएसपी प्रमेन्द्र डोभाल ने दारोगा को निलंबित करते हुए मामले की जांच सीओ सदर निहारिका सेमवाल को सौंपी है।

इस बार मकर संक्रांति 15 को, बन रहा खास योग

हरिद्वार। इस बार मकर संक्रांति को लेकर लोगों में भ्रम बना हुआ है। प्रायः मकर संक्रांति 14 जनवरी को ही पड़ती है, लेकिन तीन चार वर्षों में तिथि बढ़ते-बढ़ते 15 जनवरी हो जाती है। इस बार भी संक्रांति का आगमन 14-15 की मध्य रात्रि में होने से मकर संक्रांति का पर्व 15 जनवरी में मनाया जाएगा। इसी के साथ ही सूर्य उत्तरायण हो जाएंगे साथ ही खरमास का समापन होगा और मांगलिक कार्यों की भी शुरुआत हो जाएगी। ज्योतिष और काशी के पंचांगों के अनुसार इस बार 15 जनवरी को मकर संक्रांति पर 77 सालों के बाद वरीयान योग बन रहा है। इसके साथ ही रवि योग का संयोग इसे बेहद खास बना रहा है। मकर संक्रांति पर पूरे दिन वरीयान योग रहेगा। वरीयान योग की शुरुआत 14 जनवरी को मध्यरात्रि में 2.40 बजे से होगी और यह योग 15 जनवरी की रात 11.10 बजे तक रहेगा। वरीयान योग में जमीन खरीदना, नई गाड़ी खरीदना, गृह प्रवेश, मुंडन, घर का निर्माण शुरू करना शुभ फल देता है। यह खास वरीयान योग 77 साल बाद बन रहा है। रवि और वरीयान योग के कारण इस महापर्व का महत्व अधिक बढ़ जाएगा। इसके साथ ही पांच साल के बाद मकर संक्रांति का पर्व सोमवार को पड़ेगा। सोमवार के दिन भगवान शिव की आराधना का दिन होने के कारण मकर संक्रांति का महत्व भी बढ़ जाएगा।

शिशु मंदिर में बच्चों के विकास पर हुई चर्चा

ऋषिकेश। जातीराम अग्रवाल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर आदर्श नगर ऋषिकेश में मातृ भारती की बैठक हुई। शनिवार को विद्यालय में आयोजित बैठक में शिशु विकासार्थ तथा विद्यालय विकासार्थ बातों पर चर्चा , परिचर्चा के दौरान विद्यालय में आगे होने वाली कार्यक्रमों पर चर्चा की गई, जिससे विद्यालय में होने वाले कार्यक्रम आयोजन किया जा सकें जिससे भैया-बहनों में कार्यक्रमों के प्रति रुझान होगा ।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल संघर्ष समिति व्यापारी उत्पीड़न के विरोध में

कैनविज टाइम्स संवाददाता

16 जनवरी को क्षेत्र रोड बाजार में व्यापारी उत्पीड़न के विरुद्ध प्रदर्शन के बाद देंगे धरना

ऋषिकेश। उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल संघर्ष समिति की बैठक धर्मशाला एवं ट्रस्टों के द्वारा व्यापारी उत्पीड़न के विरोध में आगामी आंदोलन की रूपरेखा को अमलीजामा पहनाया गया। शनिवार को आयोजित बैठक में समिति के अध्यक्ष नरेश अग्रवाल द्वारा बताया गया कि 7 दिन पूर्व ट्रस्टों को दिए गए पत्र का अभी तक कोई जवाब नहीं आया है, ना ही उन्होंने कोई संपर्क करने का प्रयास किया है। यह उनकी हठधर्मिता एवं व्यापारियों की अनदेखी करने की चेष्टा दर्शाता है जिसके चलते समस्त व्यापारी अपनी मांगों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर है। समिति के सभी सदस्यों के द्वारा अध्यक्ष को हर तरह के आंदोलन तथा कार्यवाही के लिए समर्थन देने की घोषणा की गई, इसी कड़ी में यह तय हुआ कि 16 जनवरी को सुबह समय 11:30 बजे अधिक से अधिक व्यापारी क्षेत्र रोड बाजार पर एकत्रित होकर व्यापारी एकता का परिचय देंगे, तथा व्यापारी उत्पीड़न के विरुद्ध धरना प्रदर्शन दिया जाएगा। संबंधित पक्षों को सांकेतिक रूप से व्यापारी हितों के विरुद्ध कार्य न करने की हिदायत दी जाएगी। यदि इसके बावजूद भी वह अपनी हठधर्मिता को नहीं छोड़ते हैं तो संघर्ष समिति नगर के समस्त व्यापारियों के साथ बड़े से बड़े आंदोलन के लिए भी संकल्प लेती है। बैठक में जिला महामंत्री दीपक कुमार तायल, नगर अध्यक्ष ललित मोहन मिश्रा, पूर्व राज्य मंत्री संदीप गुप्ता, एडवोकेट जितेंद्र अग्रवाल, पूर्व मंडी समिति अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, युवा जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, रविंद्र अग्रवाल ,संजय शास्त्री, अंशुल अरोड़ा, जितेंद्र आनंद, भारत भूषण कुंदनानी, दीपक धमीजा, विवेक गोस्वामी, पंकज शर्मा उपस्थित थे।

फरार चल रहे 10 हजार के इनामी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिद्वार। फरार चल रहे दस हजार के इनामी आरोपित को लक्सर व खानपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने धर दबोचा। आरोपित पुलिस ने बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया है। फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए जनपद पुलिस ने अभियान चलाया हुआ है। इसी क्रम में लक्सर व खानपुर पुलिस ने लक्सर कोतवाली में दर्ज मुकदमे में फरार दस हजार के इनामी आरोपित को खानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम तुगलपुर से गिरफ्तार किया। आरोपित गुण्डा एक्ट में जिला बदर भी था और उस पर दस हजार का ईनाम भी घोषित किया था। लक्सर व खानपुर पुलिस द्वारा वांछित चल रहे इनामी बदमाश की गिरफ्तारी के लिए संयुक्त टीम का गठन किया गया था। आरोपित गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। आरोपित का नाम गुरमीत पुत्र पप्पू निवासी खानपुर थाना खानपुर जनपद हरिद्वार बताया गया है।

भोजन माताओं और फिटरों ने वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोपेश्वर। चमोली जिले के पोखरी ब्लाक में शनिवार को कामगार यूनियन सीटू के बैनर तले भोजन माताओं और फिटरों ने वेतन बढ़ोतरी सहित विभिन्न मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। कामगार यूनियन सीटू के जिला अध्यक्ष मदन मिश्रा ने कहा सरकार भोजन माताओं और फिटरों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। उन्होंने सरकार से मांग की कि भोजन माताओं और फिटरों को वेतन 26 हजार किया जाये। भोजन माताओं को 11 माह के बजाय 12 माह का मानदेय की राशि उनके खाते में भेजी जाय, भोजन माताओं को सामाजिक सुरक्षा का लाभ दिया जाए ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। भोजन माता की ब्लाक अध्यक्ष सुमन देवी ने कहा सरकार ने भोजन माताओं मानदेय बढ़ाने की घोषणा की थी, लेकिन अभी तक मानदेय नही बढ़ पाया है। मानदेय कम होने के कारण भोजन माताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जल्द मानदेय में वृद्धि नहीं होती तो आन्दोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इस अवसर ऊषा देवी, माहेश्वरी देवी, सरस्वती देवी, अनिता देवी, सावित्री देवी, बविता देवी, फिटर नरेंद्र सिंह कंडारी, प्रकाश चैहान, सुमंत सिंह, मंगल सिंह आदि मौजूद थे।

करनाल शहर के विभिन्न वार्डों में 2 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि के हुए विकास कार्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़ । हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि प्रदेश में आने वाले दिनों में विकास के एक लाख कार्य और होने वाले हैं। इन्हें जब पोर्टल पर डालते हैं तो कार्य करने के लिये ठेकेदार नहीं मिलते। काम ज्यादा हो गये, ठेकेदार कम हैं। यूनिवर्सिटी से बात करके सिविल इंजीनियरिंग पास करने वाले 15 हजार युवाओं को ट्रेनिंग देकर अच्छे ठेकेदार तैयार किये जायेंगे। इससे विकास कार्यों में तेजी आएगी। मुख्यमंत्री आज करनाल के वार्ड एक की बसंत विहार कॉलोनी में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने लोगों को लोहड़ी और मकर सक्रांति के साथ-साथ 22 जनवरी को अयोध्या में किये जाने वाले राम मंदिर उद्घाटन की शुभकामनायें दी। साथ ही बताया कि 26 जनवरी को करनाल पुलिस लाईन में आयोजित किये जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में भी वे खुद शिरकत करेंगे।

उन्होंने बताया कि जनसंवाद कार्यक्रम अप्रैल में शुरू किया गया था। उन्होंने खुद 115 कार्यक्रम कवर किये। 30 नवंबर से विकसित भारत संकल्प यात्रा आरंभ हुई। प्रदेश में यात्रा के 80 प्रतिशत कार्यक्रम पूरे हो चुके हैं। वार्ड एक में 116 करोड़ और करनाल शहर के विभिन्न वार्डों में 2 हजार करोड़ से अधिक के विकास कार्य कराये जा चुके हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से दी जा रही सेवाओं के मामले में हरियाणा देश में नंबर एक पर है। यात्रा के दौरान पात्र लोगों के बीपीएल कार्ड, पैंशन, गैस कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड आदि मौके पर ही बनाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में गरीबी की आय सीमा को 1.20 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.80 लाख रुपये सालाना किया जा चुका है। आय सीमा बढ़ाने से प्रदेश में बीपीएल परिवारों की संख्या 29 लाख से बढक़र 44 लाख हो गई है। उन्होंने कहा कि आगामी 6 महीनों में प्रदेश में 60 हजार युवाओं को नौकरियां दी जायेंगी। स्वरोजगार व प्राइवेट नौकरियों में सहायता करने के साथ-साथ सरकार युवाओं को रोजगार के लिये विदेश भेजने में भी सहयोग कर रही है। विदेश जाने के इच्छुक 15 हजार युवाओं को रोहतक में कार्य में दक्ष (स्किलिंग) किया जा रहा है। इन्हें पासपोर्ट और वीजा की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। सरकार के पास 25 हजार स्किल्ड युवाओं की मांग आई है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063